वर्ष- 12 अंक - 121
लखनऊ, बुधवार 18 दिसंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



लखनऊ में 256 भिक्षावृत्ति से मुक्त बच्चों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से जोड़ा गया 03
बुरे लोगों ने कई बार संविधान में हस्तक्षेप किया : जेपी नड्डा 12

# 17,865 करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट पेश

## यूपी के अनुपूरक बजट में 790.49 करोड़ के नए प्रस्ताव सम्मिलित, साथ ही इसमें केंद्रीय योजनाओं में 422.56 करोड़ रुपए के केंद्रांश की राशि भी अनुमानित

**विभिन्न विभागों को आवश्यकता के अनुरूप जारी किया जाएगा बजट**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बाधारहित विकास को अनवरत जारी रखने के लिए योगी सरकार ने मंगलवार को विधानसभा में मौजूदा वित्त वर्ष के लिए अपना द्वितीय अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया। 17,865.72 करोड़ रुपये के इस अनुपूरक बजट में 790.49 करोड़ रुपये के नए प्रस्ताव शामिल किए गए हैं।

यह योगी सरकार का इस वित्त वर्ष का द्वितीय अनुपूरक बजट है, जो मूल बजट (7 लाख 36 हजार 437.71 करोड़ रुपये) का 2.42 प्रतिशत है। इससे पूर्व, योगी सरकार 12,209.93 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट भी प्रस्तुत कर चुकी है। दोनों अनुपूरक बजट को मिलाकर योगी सरकार का मौजूदा वित्त वर्ष का कुल बजट अब 7 लाख 66 हजार 513.36 करोड़ रुपये का हो गया है।



**बजट की खास बातें**

1- उत्तर प्रदेश में बाधारहित विकास को अनवरत जारी रखने के लिए वित्त वर्ष 2024-25 का दूसरा अनुपूरक बजट प्रस्तुत
2- 17,865.72 करोड़ रुपये के द्वितीय अनुपूरक बजट में 790.49 करोड़ के नए प्रस्ताव किए गए हैं सम्मिलित
3- मूल बजट का 2.42 प्रतिशत है अनुपूरक बजट, जो इस वित्त वर्ष में दूसरी बार प्रस्तुत किया गया है
4- मूल बजट के साथ दोनों अनुपूरक बजट मिलाकर वित्त वर्ष 2024-25 में 7,66,513.36 करोड़ रुपये पहुंचा कुल बजट
5- अनुपूरक बजट में ऊर्जा विभाग को 8587 करोड़ रुपये तो वित्त विभाग को 2438 करोड़ का बजट प्रस्तावित
6- परिवार कल्याण विभाग को 1592 करोड़, पशुधन के लिए 1001 करोड़ और पीडब्ल्यूडी के लिए 805 करोड़ रुपये।

राज्य के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में विधानसभा में द्वितीय अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि द्वितीय अनुपूरक बजट का आकार 17,865.72 करोड़ रुपये है। यह सरकार विकास को प्राथमिकता देने वाली सरकार है और जब भी आवश्यकता होती है तब संवैधानिक तरीके से सदन के माध्यम से अनुपूरक बजट लाने का अधिकार है। अनुपूरक बजट में 790.49 करोड़ रुपये के नए प्रस्ताव सम्मिलित किए गए हैं। साथ ही इसमें केंद्रीय योजनाओं में 422.56 करोड़ रुपये के केंद्रांश की राशि भी अनुमानित है। इसके अतिरिक्त कंटिजेंसी से जो 30 करोड़ 48 लाख रुपये का पैसा लिया गया था, उसकी भी प्रतिपूर्ति का भी प्रस्ताव इसमें शामिल है। वित्त मंत्री खन्ना ने बताया कि अनुपूरक बजट में विभिन्न विभागों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप बजट जारी किया जाएगा।

### पारदर्शिता के साथ युवाओं को मिल रही सरकारी नौकरी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार ने पारदर्शिता और आरक्षण के नियमों का पालन करते हुये केवल शिक्षा विभाग में ही एक लाख 60 हजार से अधिक की भर्तियां की है। विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन अनुपूरक अनुदान प्रस्ताव पेश होने के बाद चर्चा में भाग लेते हुये योगी ने शिक्षा क्षेत्र में सरकार द्वारा किए गए कार्यों को रखा। उन्होंने सपा विधायक मनोज कुमार पारस, पूजा, पंकज पटेल के मुद्दे को महत्वपूर्ण व संवेदनशील बताया, लेकिन नसीहत दी कि सदस्यों को सदन की गरिमा व मर्यादा को ध्यान में रखकर तथ्यपरक बातें रखनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने 1.60 लाख से अधिक भर्तियां शिक्षा विभाग में की हैं। समग्र शिक्षा (बेसिक, माध्यमिक, उच्च, तकनीकी, व्यावसायिक, चिकित्सा शिक्षा) को लेकर नया चयन बोर्ड (उप्र. शिक्षा सेवा चयन आयोग) बनकर तैयार है। वह विभिन्न विभागों से अधियाचन मांगकर नियुक्ति की प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहा है। हमारी सरकार ने अकेले शिक्षा विभाग में ही 1.60 लाख से अधिक भर्तियां की हैं। यह वे भर्तियां हैं, जो पिछली सरकार की बदनीयती के कारण भरी नहीं जा सकी थीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेरोजगारी देश, दुनिया व उत्तर प्रदेश के सामने चुनौती है। उत्तर प्रदेश दुनिया के अंदर सबसे युवा राज्य है।

### विधानसभा में नए प्रेस रूम का महाना ने किया उद्घाटन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में स्थित नव सुसज्जित प्रेस रूम का आज विधानसभा अध्यक्ष सतीश महने उद्घाटन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे, जिन्होंने विधानसभा अध्यक्ष का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत और आभार व्यक्त किया। सतीश महाना ने पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि विधानसभा को सुंदर और आधुनिक स्वरूप देने के बाद अब लोग विधायिका में रुचि लेकर यहां आने लगे हैं। नए प्रेस रूम में इलेक्ट्रॉनिक चैनलों के लिए बाइट देने की सुविधा के साथ फर्नीचर और तकनीकी सुविधाओं को उन्नत किया गया है। इसमें फोर शीटर तीन सोफा, 6 सिंगल शीटर सोफा, दो राउंड टेबल, टीवी, अलमारी, लैंप लाइट, तीन कंप्यूटर और तीन रिवॉल्विंग चेयर की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही सेंट्रलाइज्ड एयर कंडीशनर और झूमर से इसे सुसज्जित किया गया है।

# केन्द्र सरकार राजस्थान के विकास में नहीं छोड़ेगी कोई भी कसर : पीएम मोदी

**प्रधानमंत्री मोदी ने किया 45 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास**

एजेंसी

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की डबल इंजन की सरकारों को सुशासन का प्रतीक बताते हुए भरोसा दिया है कि जब राजस्थान विकसित होगा तब भारत भी विकसित होगा और आने वाले वर्षों में और तेज गति से विकास होगा तथा केन्द्र सरका राजस्थान के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी।

श्री मोदी मंगलवार को यहां दादिया गांव में भजनलाल सरकार के एक वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राजस्थान की जनता को भाजपा सरकार को एक साल पूरे करने के लिए बधाई देते हुए कहा कि आज इतनी बड़ी तादाद में लोग आर्शीवाद देने आये हैं यह मेरा सौभाग्य हैं। उन्होंने कहा कि बिते एक वर्ष में राजस्थान के विकास को नई गति एवं नई दिशा देने में भजनलाल सरकार एवं उनकी टीम ने बहुत परिश्रम किया हैं। यह पहला वर्ष एक प्रकार से आने वाले अनेक वर्षों की मजबूत नींव बना हैं इसलिए आज यह उत्सव सरकार के एक साल पूरा होने तक सीमित नहीं हैं, यह राजस्थान विकास का भी उत्सव है। उन्होंने कहा मैं कुछ दिन पहले ही यहां निवेश सम्मेलन में आया था जहां देश और दुनिया भर के बड़े-बड़े निवेशक यहां जुटे थे और आज 45 हजार करोड़ से अधिक के प्रोजेक्ट का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है जो राजस्थान में पानी की चुनौती का स्थाई समाधान करेंगे। राजस्थान में निवेश को बल मिलेगा और रोजगार के अनगिनत अवसर मिलेंगे। राजस्थान के पर्यटन, किसानों एवं नौजवानों को इससे बहुत फायदा होगा। श्री मोदी ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकारें है और भाजपा जो भी संकल्प लेती हैं उस पर ईमादारी से प्रयास करती है तथा देश के लोग कह रहे है कि भाजपा सुशासन की गारंटी हैं। उन्होंने कहा कि एक के बाद एक राज्यों में आज भाजपा को इतना जनसमर्थन मिल रहा है कि भाजपा को लगातार तीसरी बार देश की सेवा करने का अवसर दिया है जो पिछले साठ सालों में हिन्दुस्तान में ऐसा नहीं हुआ।



**भजनलाल सरकार सुशासन को और समृद्ध करने में जुटी**

राजस्थान के उपचुनाव में भी भाजपा को लोगों ने जबरदस्त समर्थन दिया है जो यह दिखाता हैं कि भाजपा के काम और कार्यकर्ताओं की मेहनत पर जनता-जनार्दन का कितना विश्वास हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान तो वह राज्य है जिसकी सेवा का भाजपा को लंबे समय से सौभाग्य मिलता रहा है। भैरोंसिंह शेखावत ने जो विकास की नींव रखी और सुशासन दिया था उसे वसुंधरा राजे ने संभाला और इसे आगे बढाया, अब भजनलाल सरकार सुशासन को और समृद्ध करने में जुटी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजस्थान में गत एक साल में क्या क्या काम हुए हैं उसके बारे में अभी बताया गया हैं जिसमें विशेष गरीब परिवारों, माताओं, बहनों, बेटियों श्रमिकों, विश्वकर्मा साथियों एवं घुमंतु परिवारों आदि के लिए अनेक फैसले लिए गए हैं। उन्होंने पिछली कांग्रेस सरकार पर नौजवान के साथ बहुत अन्याय करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उसके शासन में पेपर लीक एवं भर्तियों में घोटाला यह राजस्थान की पहचान बन गई थी लेकिन प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद इन सबकी जांच शुरु हुई और कई गिरफ्तारियां भी हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### मोहान रोड योजना के चार सेक्टरों का खुलेगा पंजीकरण

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर मोहान रोड योजना के सेक्टर-तीन, चार, छह एवं सात के भूखण्डों का पंजीकरण एक साथ खुलेगा। इसके लिए प्रथम चरण में इन चार सेक्टरों का रेरा में पंजीकरण कराया जाएगा। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने मोहान रोड योजना के निरीक्षण के दौरान कहा कि मौके पर मशीन व श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर विकास एवं निर्माण कार्यों में तेजी लायी जाये। पेड़ एवं परिसम्पत्ति का मुआवजा वितरित करते हुए सेक्टर-तीन, चार एवं सात में भी विकास कार्य शुरू करवाया जाए। उपाध्यक्ष ने कहा कि सेक्टर-तीन, छह एवं सात में 112.50 वर्गमीटर से लेकर 450 वर्गमीटर क्षेत्रफल के कुल 1617 भूखण्ड विकसित किये जाएंगे।

### स्वास्थ्य खतरों से बचाने के लिए किसान कवच लॉन्च

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को भारत का स्वदेशी कीटनाशक रोधी सूट किसान कवच लॉन्च किया। किसान कवच किसानों को कीटनाशकों से होने वाले स्वास्थ्य खतरों से बचाएगा। इसकी कीमत चार हजार रुपये है और इसे 150 बार धोया जा सकता है। यह कवच लगभग दो साल तक चलेगा।यह कवच खास कपड़े और तकनी से बना है सूट है। नेशनल मीडिया सेंटर में आयोजित लॉन्च कार्यक्रम में मीडिया को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने कुछ किसानों को किट दिए। इस मौके पर केन्द्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि यह कवच किसानों को बीमारियों से बचाएगा। यह प्रीवेंटिव तकनीक है। इसकी कीमत अभी 4 हजार रुपये है लेकिन आने वाले दिनों में इसकी कीमत में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि किसानों के स्वास्थ्य के लिए यह कवच उनके लिए उपयोगी सिद्ध होगा।

### भ्रामक विज्ञापन के लिए 45 कोचिंग सेंटरों को नोटिस

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने उपभोक्ता हितों की रक्षा के लिए भ्रामक विज्ञापन के मामले में 45 कोचिंग सेंटरों को नोटिस जारी किया किए हैं। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्यमंत्री बी.एल. वर्मा ने मंगलवार को राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सीसीपीए ने 19 कोचिंग संस्थानों पर 61,60,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है और उन्हें भ्रामक विज्ञापन और अनुचित व्यापार प्रथाओं को बंद करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि सीसीपीए ने 13 नवंबर को कोचिंग सेंटरों को माल या सेवा की बिक्री को बढ़ावा देने और भ्रामक या अनुचित प्रथाओं में संलग्न होने के लिए झूठे या भ्रामक दावे व विज्ञापन करने से रोकने के लिए कोचिंग क्षेत्र में भ्रामक विज्ञापन की रोकथाम के लिए दिशानिर्देश, 2024 जारी किए हैं।

# परिवहन विभाग के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में हुआ इजाफा

**सातवें वेतनमान के तहत महंगाई भत्ता बढ़ाकर 46 प्रतिशत हुआ**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने परिवहन विभाग के कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया हैं। सरकार ने 15,843 नियमित कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में इजाफा किया हैं। इसको लेकर सरकार के द्वारा दिशा निर्देश जारी कर दिया गया हैं।

सरकार ने उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के कर्मचारियों के लिए सातवें वेतनमान के तहत महंगाई भत्ता बढ़ाकर 46 प्रतिशत कर दिया है। यह आदेश नवम्बर से लागू माना जाएगा, और इससे कर्मचारियों को 38 प्रतिशत से बढ़कर 46 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। महंगाई भत्ता बढ़ने से परिवहन निगम पर 5 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार आएगा। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि यह बढ़ोतरी कर्मचारियों के उत्साह को बढ़ाएगी और इससे निगम को फायदा होगा। महंगाई भत्ता 46 से 50 प्रतिशत होने पर रिटायर होने वाले कर्मचारियों को ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा भी 20 लाख रुपये से बढ़कर 25 लाख रुपये हो जाएगी।यह महंगाई भत्ता पहले मार्च में 10 प्रतिशत बढ़ाया गया था, जिससे यह 28 प्रतिशत से बढ़कर 38 प्रतिशत हो गया था। अब यह 46 प्रतिशत होने से कर्मचारियों को 2000 रुपये से लेकर 5000 रुपये तक का लाभ मिलेगा।


# देश को रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएंगे हमारे सार्वजनिक उपक्रम : राजनाथ सिंह

**रक्षा मंत्री ने महत्वपूर्ण उत्पादों के स्वदेशीकरण, उत्पादन सुविधाओं के आधुनिकीकरण और एमएसएमई को बढ़ावा देने में नए उपक्रमों के प्रयासों की सराहना की।**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विश्वास व्यक्त किया है कि रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम आधुनिकीकरण और स्वदेशीकरण को बढ़ावा देते हुए देश को आत्मनिर्भर बनायेंगे। श्री सिंह ने मंगलवार को यहां रक्षा मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही।

बैठक में पूर्ववर्ती आयुध निर्माणी बोर्ड के निगमीकरण के बाद बनाए गए सार्वजनिक क्षेत्र के नये उपक्रमों की भूमिका और कार्यों पर विचार-विमर्श किया गया। समिति के सदस्यों को वित्तीय आंकड़ों, आधुनिकीकरण, पूंजीगत व्यय, निर्यात, नए उत्पादों और अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं से अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि निगमीकरण के बाद, नए उपक्रमों ने उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार किया है। उन्होंने कहा कि बहुत कम समय में इन उपक्रमों की बिक्री और लाभ में अच्छी प्रगति हुई है। रक्षा मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि नए उपक्रम आधुनिकीकरण और स्वदेशीकरण को आगे बढ़ाएंगे तथा विश्व स्तरीय प्रौद्योगिकियों को शामिल करके गुणवत्ता, कारोबार, लाभ और अन्य वित्तीय मापदंडों में नए आयाम स्थापित करेंगे।



### खड़े डंपर में बस ने मारी टक्कर, भाई-बहन समेत छह की मौत, कई घायल

**भावनगर/अहमदाबाद।** गुजरात के सोमनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर भावनगर जिले के त्रापज के पास मंगलवार सुबह एक निजी बस, सड़क किनारे खड़े डंपर से जा टकराई। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक, भावनगर के पास त्रापज के पास हाईवे पर एक डंपर में खराबी आ गई और ड्राइवर ने उसे सड़क के किनारे खड़ा कर दिया। इसी बीच सूरत से राजुला जा रही एप्पल ट्रैवल्स की बस डंपर के पिछले हिस्से से टकरा गई। हादसे में 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए। बस चालक वल्लभ सोंडभाई मकवाणा ने बताया कि यात्रियों से भरी बस सूरत से राजुला जा रही थी।

# कांग्रेस ने संविधान को भी जागीर समझा : शाह

**कांग्रेस ने डॉ भीमराव अम्बेडकर का नहीं किया सम्मान**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राज्यसभा में संविधान पर हुई चर्चा में कहा कि कांग्रेस पार्टी ने कभी भी संविधान और संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर का सम्मान नहीं किया और साथ ही आरक्षण एवं धर्मनिरपेक्षता का ही सम्मान रखा।

पार्टी ने संविधान को भी अपनी जागीर समझा और आज केवल वोट पाने के लिए संविधान लहराती है और आरक्षण की बात करती है। संविधान के 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर



संसद के दोनों सदनों में चर्चा के तहत सोमवार और मंगलवार को राज्यसभा में चर्चा हुई। इस चर्चा का जवाब देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने देश में 55 साल राज किया और 77 संविधान संशोधन किये जबकि भारतीय जनता पार्टी ने 16 साल राज किया और 22 बार संविधान को संशोधित किया। कांग्रेस का जहां संविधान संशोधन के पीछे उद्देश्य अपनी सत्ता और वोट बैंक को बचाना था वहीं भारतीय जनता पार्टी का उद्देश्य एकता बढ़ाना और पिछड़ों को आगे लाना रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, स्वामी विवेकानंद जी और महर्षि अरविंद जी की भविष्यवाणी आज सच हो रही हैं। भारत माता अपने दिव्यमान और ओजस्वी स्वरूप में खड़ी हैं और पूरी दुनिया उसकी अद्भुत शक्ति एवं प्रगति को देखकर चकित रह गई है। गृह मंत्री ने इस दौरान कांग्रेस की ओर से लाए गए कुछ संविधान संशोधनों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इसमें अभिव्यक्ति की आजादी छीनी गई। प्रधानमंत्री को न्यायिक जांच से बाहर किया गया, देश की विधानसभा का कार्यकाल 5 से 6 साल किया गया और राष्ट्रपति शासन की अवधि बढ़ाई गई।

# कानपुर में पहली बार अंडरग्राउंड के अप और डाउन रुट पर दौड़ी मेट्रो

समृद्धि न्यूज

**कानपुर।** मेट्रो कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए मंगलवार एक ऐतिहासिक दिन है, क्योंकि आज पहली बार अपलाइन और डाउनलाइन दोनों ही लाइनों पर मेट्रो अपने अंडरग्राउंड रुट पर सेंट्रल स्टेशन तक बिना किसी असुविधा के पहुंच गई।

मेट्रो के पहुंचने पर यूपी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के अधिकारी और कर्मचारी भी उत्साहित दिखाई दिए। मेट्रो अधिकारी ऐसा दावा कर रहे हैं कि अगले साल जनवरी में मेट्रो सेंट्रल स्टेशन तक अपने अंडरग्राउंड रुट पर दौड़ने लगेगी। प्रदेश सरकार के ड्रीम प्रोजेक्टों में से एक मेट्रो निर्माण कार्य में आज एक और नई उपलब्धि हासिल कर ली है। यह उपलब्धि पहली बार अंडरग्राउंड रुट पर मेट्रो का टेस्ट रन रहा। मोती झील से कानपुर सेंट्रल स्टेशन तक अप एंड डाउन लाइन में मेट्रो बिना किसी और असुविधा के दौड़ी इसके बाद वहां पर मौजूद मेट्रो अधिकारियों और कर्मचारियों में खुशी की लहर देखी गई।



### संभल के सरायतरीन इलाके में मिला एक और बंद मंदिर

**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले के हयातनगर स्थित सरायतरीन इलाके में मंगलवार को एक और बंद मंदिर मिला। यह इलाका भी मुस्लिम बहुल है। जिला प्रशासन और राजस्व विभाग की टीम मौके पर मौजूद है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां पर 30-40 हिन्दू परिवार रहते थे, लेकिन दंगे के बाद यहां से पलायन कर गए थे। वहीं, जिले के खग्गू सराय इलाके में 14 दिसंबर को जो शिव मंदिर मिला था, उसके बगल वाले मकान का छज्जा तोड़ा जा रहा है। मकान मालिक एक मुस्लिम हैं और वे इसे खुद तुड़वा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मकान का यह हिस्सा मंदिर को ढक रहा था। यह देखकर बहुत बुरा लग रहा था इसलिए खुद ही अवैध हिस्से को तुड़वा रहे हैं।

# सम्भल हिंसा पर दूसरी जनहित याचिका भी हाईकोर्ट से खारिज

**ज्यूडिशियल कमीशन कर रहा जांच, हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं**

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** सम्भल में मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा और मौतों की जांच स्वतंत्र जांच एजेंसी से कराने तथा हाईकोर्ट द्वारा स्वयं जांच की निगरानी करने की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है।

कोर्ट ने कहा कि इस मामले को लेकर सरकार पहले ही हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में न्यायिक आयोग गठित कर चुकी है। आयोग को सभी प्रकार की जांच का अधिकार है। याची चाहे तो अपने साक्ष्य आयोग के समक्ष रख सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि इस स्तर पर मामले में हस्तक्षेप करने की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है। एसोसिएशन ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ़ चाइल्ड राइट की जनहित याचिका पर न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी और न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की खंडपीठ ने सुनवाई की। याची की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एस एफ ए नकवी जबकि प्रदेश सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता और शासकीय अधिवक्ता ने पक्ष रखा। याचिका में कहा गया कि सम्भल हिंसा की किसी स्वतंत्र जांच एजेंसी से जांच कराई जानी चाहिए तथा पूरे घटनाक्रम की स्टेटस रिपोर्ट सामने लाई जाए।

**सदन** सपा सांसद धर्मेंद ने वन नेशन, वन इलेक्शन बिल को बीजेपी की देश में तानाशाही लाने की कोशिश बताया

# एक देश-एक चुनाव बिल पर लोकसभा में पक्ष में 269, विरोध में 198 वोट पड़े

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में मंगलवार को एक देश, एक चुनाव के लिए 129वां संविधान (संशोधन) बिल पेश किया। बिल के लिए पहले इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग कराई गई। कुछ सांसदों की आपत्ति के बाद वोट संशोधित करने के लिए फिर पर्ची से मतदान हुआ। बिल को पेश करने के पक्ष में 269 और विपक्ष में 198 मत पड़े। इसके बाद केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इसे सदन में रखा। अमित शाह ने सदन में कहा कि बिल जब कैबिनेट में आया था, तब प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि इसे संयुक्त संसदीय समिति को भेजना चाहिए। कानून मंत्री ऐसा प्रस्ताव कर सकते हैं। सपा सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन बिल, बीजेपी की देश में तानाशाही लाने की कोशिश है।



मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भाजपा आज एक देश-एक इलेक्शन बिल लोकसभा में पेश करते वक्त पार्टी के अनुपस्थित 20 सांसदों को नोटिस भेजेगी। पार्टी ने इन्हें सदन में मौजूद रहने के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी किया है। बजे केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा में वन नेशन, वन इलेक्शन बिल पेश किया। विपक्षी सांसदों ने बिल का विरोध किया, जिसके बाद स्पीकर ओम बिड़ला ने बिल पेश करने को लेकर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग कराई। इसमें 369 सदस्यों ने वोट डाला। पक्ष में 220, विपक्ष में 149 वोट पड़े। इसके बाद विपक्ष के सदस्यों ने आपत्ति जताई। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अगर उनको ऑब्जेक्शन है तो पर्ची दे दीजिए। इस पर स्पीकर ने कहा कि हमने पहले ही कहा था कि अगर किसी सदस्य को लगे तो वह पर्ची के जरिए भी अपना वोट संशोधित कर सकता है। इसके बाद ज्यादा सांसदों ने वोट डाला। पक्ष में 269 और विपक्ष में 198 मत पड़े। इसके बाद 1.15 बजे कानून मंत्री ने दोबारा बिल पेश किया। लोकसभा में मौजूद सत्ता पक्ष के सांसदों ने बिल का समर्थन किया। तस्वीर में अमित शाह, राजनाथ सिंह, पीयूष गोयल, किरेन रिजिजू देखे जा सकते हैं। लोकसभा में मौजूद सत्ता पक्ष के सांसदों ने बिल का समर्थन किया। तस्वीर में अमित शाह, राजनाथ सिंह, पीयूष गोयल, किरेन रिजिजू देखे जा सकते हैं। सरकार ने एक देश, एक चुनाव से जुड़े 2 बिल 17 दिसंबर को लोकसभा में पेश किए। पहला- संविधान (129वां संशोधन) बिल। दूसरा-केंद्र शासित कानून (संशोधन) बिल 2024, इसके तहत पुड्डुचेरी, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव के साथ कराए जा सकें।

# डीएम की पहल पर समूह की 168 महिलाएं होंगी सशक्त

- महिलाएं बनेंगी जल जीवन मिशन की सारथी
- ..अब प्लम्बर, फिटर और पंप ऑपरेटर की जिम्मेदारी भी संभालेंगी महिलाएं
- अटल सभागार में हुई तीन दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुआत, सीडीओ ने किया शुभारंभ




**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

जिले में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और सराहनीय पहल हुई है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर महिलाओं को ग्रामीण क्षेत्रों में बनी पानी की टंकी के संचालन के लिए फिटर, प्लंबर और पंप ऑपरेटर के पद पर तैनाती देकर इसके संचालन की जिम्मेदारी भी सौंपी जाएगी। इससे जहां एक तरफ पेयजल सप्लाई की व्यवस्था बेहतर बनेगी। वहीं महिलाओं को भी गांव में ही रोजगार की सुविधा में मिल सकेगी।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अनूठी पहल पर जनपद लखीमपुर खीरी में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार गतिविधियों से जोड़ने के लिए प्लम्बर, फिटर और पंप ऑपरेटर का तकनीकी प्रशिक्षण देकर जल जीवन मिशन से जोड़कर रोजगार प्रदान करते हुए आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। इसके लिए प्रथम चरण में लखीमपुर और नकहा ब्लॉक की 168 महिलाओं का चयन किया गया। प्रशिक्षण हेतु प्रत्येक ट्रेड में 56-56 समूह की महिलाओं का चयन किया गया। मंगलवार को लखीमपुर विकास क्षेत्र के अटल सभागार में प्रथम फेज में लखीमपुर और नकहा ब्लॉक की चयनित सभी 168 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को कुशल ट्रेनर्स द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किए जाने की शुरुआत हुई। सीडीओ अभिषेक कुमार ने दीप जलाकर कर तीन दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुआत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि जिले में डीएम की पहल पर समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण देकर जहां एक और दक्ष बनाया जाएगा। वहीं दूसरी ओर वह रोजगार पाकर आत्मनिर्भर और सशक्त भी बनेगी। प्रशिक्षण प्राप्त कर यह महिलाएं गांव में पानी की आपूर्ति, वोल्टेज मीटर व मोटर पंप के रख-रखाव का उचित तरह से संचालन करेगी। इसके लिए तैनाती से पूर्व उन्हें विशेष प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। महिलाओं को विशेष तौर पर प्रशिक्षित कर निशुल्क टूल किट वितरित की जाएगी। कार्यक्रम की शुरुआत में अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण वाईके नीरज ने इस अनूठी पहल की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताई।

## मांगों को लेकर दिया गया ज्ञापन

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

प्रांतीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा सेवा संघ के अनुपालन में लखीमपुर इकाई द्वारा 6 सूत्रीय ज्ञापन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी को दिया गया है। प्रांतीय संघ के निर्देशानुसार लखीमपुर खीरी जिले के समस्त आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारियों ने शांतिपूर्ण तरीके से हाथ पर काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन करने का चिकित्सीय सेवा प्रदान करते हुए निर्णय लिया। प्रांतीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा सेवा संघ ने प्रमुख सचिव आयुष से मूलभूत समस्याओं और उचित मांगों पर संज्ञान लेते हुए समाधान की दिशा में उचित निर्णय लेने का निवेदन किया गया है।

## विजय दिवस के अवसर पर याद किए गए वीर जवान

- युद्ध में बलिदान होने वाले गौरवशाली सैनिकों को किया गया याद

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



दिनांक 16 दिसम्बर 2024 को अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद लखीमपुर खीरी द्वारा एक विचार गोष्ठी का आयोजन संगठन के जिला अध्यक्ष दिनेश चन्द्र शर्मा के आवास राजापुर में किया गया। विजय दिवस के अवसर पर 1971 के युद्ध में बलिदान होने वाले गौरवशाली सैनिकों को याद किया गया और उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गोष्ठी में वरिष्ठ पूर्व सैनिक सूबेदार बाबूराम एवं शुक्ला जी ने 1971 युद्ध के अपने अनुभव साझा किए। दिनेश चन्द्र शर्मा ने पूर्वी पाकिस्तान बनने के कारणों एवं स्वतन्त्र नये बांग्लादेश के उदय के बारे में विस्तार से बताया। कर्नल सी पी मिश्र, सूबेदार विनोद कुमार तिवारी आदि पूर्व सैनिकों ने विजय दिवस पर अपने अपने विचार रखे।बैठक में सूबेदार चन्द्रहाश, सूबेदार रामकृष्ण पान्डे, मनोज कुमार त्रिवेदी, अनूप शुक्ल, मनोज कुमार मिश्र आदि अनेक पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।अन्त में गोष्ठी का समापन शान्ति मन्त्र के साथ किया गया।सूबेदार विनोद कुमार तिवारी, जिला मन्त्री, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, लखीमपुर खीरी द्वारा उपरोक्त कार्यक्रम किया गया।

# लोहे की राड से अधेड़ पर हमला कर की हत्या

- छहः घंटे में पुलिस ने हत्यारोपी को आलाकत्ल सहित धर दबोचा

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



सोमवार देर शाम काशीराम आवास कॉलोनी में एक युवक ने बांके से प्रहार कर एक अधेड़ को बेदम कर दिया। परिजन उसे उपचार के लिए सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के छहः घंटे बाद गोला पुलिस ने हत्यारोपी को भुसौरिया तिराहे से धर दबोचा, वहीं मृतक की पत्नी गुडडी की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा। बता दें कि शहर की पंजाबी कॉलोनी की निकट स्थित काशीराम आवास कॉलोनी के ब्लॉक नंबर 9 में रह रहे 56 वर्षीय सुरेश गुप्ता का विपक्षी अमन वाल्मीकि के बीच विवाद चल रहा था। सुरेश गुप्ता की बेटी का विवाह मितौली कस्बे में हुआ था। आरोप है कि उनकी बेटी को अमन बाल्मीकि भगा ले गया था। जिसे लेकर सुरेश और अमन के बीच रंजिश बन गई। सुरेश के परिजनों ने बताया कि सोमवार की रात सुरेश कालोनी की गली में खडे थे। तभी मौका पाकर अमन ने उन पर पीछे से गर्दन पर लोहे की राड से हमला कर दिया, अचानक हुए हमले से सुरेश बेदम होकर गिर गया। परिजन घायल सुरेश को सीएचसी ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। हत्या के इस मामले में गोला पुलिस ने केवल छहः घंटो में आरोपी को आलाकत्ल के साथ बरामदगी कर गिरफतार कर लिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी गवेन्द्रपाल गौतम, प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि 17 दिसंबर को करीब साढे पांच बजे हत्यारोपी अमन बाल्मीकि 27 पुत्र रामपाल निवासी गुरुद्वारा के पीछे मिल वाला हाता मुहल्ला कुम्हारनटोला को आलाकत्ल लोहे की पाइप में चेन स्पाकिट लगा हुआ खून आलूदा हथियार के साथ भुसौरिया तिराहे से धर दबोचा। आरोपी के विरुद्ध पुलिस थाने में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेजा है।

## सरकारी जमीन में खड़े पीपल के पेड़ को चोरी से काटा, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

उचौलिया खीरी। उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव कोटरा ग्राम पंचायत के मजरा नगरा में कुछ अराजक तत्वों ने चोरी से सरकारी जमीन में खड़े पीपल के पेड़ को काट डाला। जानकारी होने पर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।

सूचना के बाद पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस के मुताबिक नगरा में सरकारी जमीन पर पुराना पीपल का पेड़ खड़ा था जिसे सुनौआ और नगरा के ग्रामीणों द्वारा चोरी से काट लिया गया है। इसके संबंध में सात लोगों पर वन अधिनियम संरक्षण की धारा 4/10 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। जिसमें मिथुन पुत्र रामेश्वर दयाल, शंकर पुत्र गिरधारी, कृष्ण पुत्र रामेश्वर दयाल, आजाद पुत्र भन्गड, अर्जुन पुत्र भूरे, निवासीगण सुनौआ। मटरू पुत्र फ़तेहुल्लाह खान, बबलू पुत्र जागेश्वर निवासी नगरा शामिल है।

# टीपीआरएस एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में हुआ मैच का आयोजन

**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



नगर के स्थानीय विद्यालय टीपीआरएस एजुकेशनल इंस्टीट्यूट मोहम्मदी खीरी में दिनांक 17 दिसंबर 2024 को अंतर सदन खो-खो प्रतियोगिता बालक व बालिका जूनियर वर्ग कक्षा 6 से 8 का प्रथम और तृतीय स्थान के लिए मैच का आयोजन किया। बालिका वर्ग का मैच प्रसाद सदन व राजगुरु सदन के बीच आयोजित हुआ जो बहुत ही कांटे का मुकाबला साबित हुआ। इसमें प्रसाद सदन ने राजगुरु सदन को 6-5 अंक से पराजित कर तृतीय स्थान हासिल किया। बालिका वर्ग का फाइनल मुकाबला टैगोर सदन व सुभाष सदन के मध्य खेला गया जिसमें टैगोर सदन 15-14 अंक से विजेता बना। बालक वर्ग में तृतीय स्थान के मुकाबले में प्रसाद सदन ने राजगुरु सदन को 11 के मुकाबले 21 अंकों से पराजित किया।फाइनल मुकाबला टैगोर सदन हुआ सुभाष सदन के मध्य हुआ। इस कांटे के मुकाबले में टैगोर सदन को 25-24 अंक जीत हासिल हुई। मुख्य निर्णायक अमन वर्मा व बी सी चौबे है रहे। प्रतियोगिता का आयोजन सरताज आलम व नेहा मौर्या की देखरेख में संपन्न हुआ। कॉलेज के प्रधानाचार्य पंकज श्रीवास्तव ने आयोजन की प्रशंसा की और कालेज के प्रबंधक आनंद कुमार गुप्ता एडवोकेट ने सभी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया।

# ओयल हाल्ट को स्टेशन का दर्जा न मिलने से आम जनमानस को हो रही समस्या

**ओयल खीरी, समृद्धि न्यूज़।**




लखनऊ मैलानी के बीच चल रही ट्रेनों मे दिन में चार पैसेंजर ट्रेनो का ओयल हाल्ट पर आना जाना रहता है जिसमें अल सुबह 6:33 मैलानी से चलकर लखनऊ 9:32 लखनऊ से पीलीभीत दोपहर 11:01 डालीगंज से मैलानी तक 1:31 पर मैलानी लखनऊ, तथा दो पैसेंजर ट्रेन शाम 7:30 व 920 ओयल हाल्ट पर रुकती है परंतु यहाँ यात्रियों को यात्रा करने के लिए ज्यादातर टिकट ही नहीं मिलता है मजबूरन यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करना पड़ता है जिसमे कस्बे व आस पास से काफी यात्री चढ़ते उतरते है पर खास बात ये कि यहाँ टिकट वितरण काउन्टर ज्यादातर बन्द रहता है जिससे कस्बे वासियों को मजबूरन अगले स्टेशन तक बिना टिकट यात्रा करनी पड़ती है। आपको बताते चले कि जिले से 12 किलो मीटर दूर कस्बा ओयल जहाँ युराज दत्त इंटर कालेज , बेहजम रोड पर स्थिति मिनी ट्रामा सेंटर, मोतीपुर स्थिति जिला चिकित्सालय, जैसे संस्थान मौजूद है फिरभी ओयल को बनाया गया हाल्ट जबकि कुछ वर्षो पहले ओयल स्टेशन हुआ करता था जो अब ओयल हाल्ट के नाम से जाना जा रहा है जिसपर उच्चाधिकारियों की नजर तक नहीं जाती जबकि ओयल कस्बा पीतल नगरी के नाम से जाना जाता है। यहाँ पीतल बर्तनों के कई कार्यखाने लगे हुए है जिसमें पीतल के बर्तन बनाए जाते है दूर दराज से कम किराए को लेकर काफी व्यपारी बर्तन खरीदने ट्रेनों से ओयल आते जाते थे अचानक पीतल के व्यवसाय में मंदी का दौर आ गया कारण ओयल स्टेशन को हाल्ट में तब्दील करना , ज्यादातर स्टेशन पर बने टिकट घर मे ताला लगा होना खास करके अल सुबह व देर रात में टिकट घर मे लगभग ताला लगा होने के कारण यात्री बिना टिकट यात्रा करते है। पर्यटन के लिहाज से विश्व प्रसिद्ध नर्मदेश्वर महादेव मेंढक मन्दिर शिक्षा के लिहाज से 1938 में बना युवराज दत्त इंटर कालेज आज भी अपनी चमक बिखेर रहा है और दूसरी तरफ डिग्री कालेज व लॉ कालेज राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय जैसे कई संस्थाएं ओयल कस्बे में मौजूद है। अगर ओयल हाल्ट को फिर एकबार स्टेशन का दर्जा दे दिया जाए तो वीरान और गन्दा पड़ा हाल्ट गुलज़ार हो जाएगा। टिकट न मिलने से यात्रियों को जिन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है वो तकलीफे भी दूर हो जाएगी। पीतल व अन्य व्यपारों में बढ़ावा देखने को मिलेगा। पर्यटन की स्थिति में सुधार होगा मरीजों का आना जाना भी सरल हो जाएगा।

## ताज होटल को टूरिस्ट ने 2.04 लाख का चूना लगाया

**वाराणसी।** वाराणसी के प्रतिष्ठित होटल ताज गंगेज को उड़ीसा के पर्यटक ने 2.04 लाख का चूना लगा दिया। युवक ने होटल में आलीशान स्वीट बुक कराया था होटल में चार दिन रहकर मौज मस्ती की फिर चेकआउट के नाम पर दिन बढ़ाता रहा। चौथे दिन शहर घूमने के नाम पर निकला लेकिन फिर देर रात धोखाधड़ी करके युवक फरार हो गया। ताज होटल के मैनेजर ने कई बार फोन करके संपर्क किया लेकिन आरोपी ने पैसे जमा करने को लेकर कोई बात नहीं कही। थक हार कर मैनेजर ने कैंट थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफकेस दर्ज कराया है। शहर के आलीशान होटल ताज गंगेज में 14 नवंबर को उड़ीसा के निवासी सार्थक संजय पुत्र संजय दास ने लग्जरी रूम बुक कराया और चार दिन उसमें ठहरे। होटल को आधार कार्ड पहचान पत्र के रूप में दिया और फिर लंच-डिनर से लेकर होटल की सभी सुविधाओं का आनंद लिया। 16 तारीख को होटल स्टाफने जब बात की तो बताया कि 18 की शाम तक चेकआउट करेंगे। स्टाफने 18 को 11 बजे तक चेक आउट करने की शर्त रखी तो नाराजगी दिखाते हुए 3 बजे का समय दिया, इसके साथ ही अगले दिन को बिल में ना जोड़ने की बात कही। हालांकि होटल स्टाफसे तल्खी के बाद सार्थक संजय ने कैब मंगाई और बाहर घूमने की बात कहकर चला गया। तीन बजे तक नहीं लौटा तो होटल स्टाफने फोन करना शुरू किया। काउंटर पर लिखाए गए संजय के दोनों नंबर बंद आने लगे तो कुछ देर तक फिर इतंजार किया गया। पांच बजे तक नहीं आने पर होटल स्टाफने फ्रंट आफिस मैनेजर और जीएम को इसकी जानकारी दी। एक दिन इंतजार के बाद मैनेजमेंट को इसकी सूचना देकर उसके कमरे का ताला खोला गया, जिसमें कुछ कपड़े मिले। फ्रंट आफिस मैनेजर रिखी मुखर्जी ने तहरीर देकर आरोपी पर्यटक के खिलाफधोखाधड़ी करने का केस दर्ज कराया है। इसके साथ ही पुलिस को उसके आने-जाने के सीसीटीवी फुटेज समेत अन्य दस्तावेज मुहैया कराए।

# शिक्षकों की मनमानी, समय से पहले ही बंद हो जाते हैं स्कूल

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



भले ही सरकार शिक्षा में सुधार के लिए प्रयास कर रही हो। लेकिन बिजुआ ब्लॉक क्षेत्र में बच्चों को बेहतर शिक्षा का ढोल पीटा जा रहा है। कुछ लापरवाह शिक्षक समय से पहले ही विद्यालय बंद कर घर चले जाते हैं इसका प्रतिकूल प्रभाव बच्चों के भविष्य पर पड रहा है। मंगलवार को कुछ शिक्षकों की लापरवाही देखने को मिली।

ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र की ग्राम पंचायत विद्यालय रहीम नगर ग्रंट स्थित प्राथमिक विद्यालय व उच्च प्राथमिक विद्यालय समय से पहले ही बंद मिले। ग्रामीणों के अनुसार उच्च प्राथमिक विद्यालय रहीम नगर ग्रंट में तैनात इंचार्ज प्रधानाध्यापक विजय मिश्रा व प्राथमिक विद्यालय रहीम नगर ग्रंट में तैनात इंचार्ज प्रधानाध्यापक दीपक गुप्ता व विद्यालय में तैनात सहायक अध्यापकों की लापरवाही के कारण बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है।ग्रामीणों ने बताया कि इन स्कूलों में शिक्षकों का प्रतिदिन का यही नियम है। इन स्कूलों में शिक्षक शिक्षिकाएं समय से स्कूल नहीं आते और समय से पहले ही विद्यालय बंद कर चले जाते हैं। और न ही नियमित बच्चों को अध्ययन करवाते हैं। शासन द्वारा शिक्षकों को बच्चों का भविष्य संवारने एवं उनके बेहतर जीवन का निर्माण करने हेतु प्रतिमाह वेतन दिया जाता है। इसके एवज में शिक्षक अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन नहीं कर रहे हैं। इस संबंध में बिजुआ ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी नागेंद्र चौधरी ने बताया कि विद्यालय बंद करने का समय तीन बजे है यदि पहले ही विद्यालय बंद कर शिक्षक चले गए हैं तो नोटिस जारी की जाएगी।

# उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ इकाई तहसील मितौली का चुनाव संपन्न

- अध्यक्ष पद पर अखिलेश गुप्ता एवं मंत्री अमित भारती निर्विरोध निर्वाचित

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ इकाई तहसील मितौली का चुनाव 17 दिसम्बर को वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष श्याम नंदन मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी के रूप में वरिष्ठ जिला कोषाध्यक्ष रोहित वर्मा की देखरेख में तहसील मितौली इकाई का चुनाव संपन्न हुआ। मितौली तहसील लेखपाल संघ के अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मत से अखिलेश गुप्ता एवं लेखपाल संघ के मंत्री अमित भारती निर्विरोध निर्वाचित किए गए। निर्वाचित कार्यकारिणी को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला कोषाध्यक्ष द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर तहसील मितौली के समस्त लेखपाल उपस्थित रहे।

# मिशन शक्तिः बालिकाओं को कराया गया शैक्षिक भ्रमण

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**




विकासखंड मितौली में शासन के निर्देशानुसार खण्ड शिक्षा अधिकारी भगवान राव के मार्गदर्शन में कस्बे के उच्च प्राथमिक विद्यालय मितौली की बालिकाओं का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा , सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति विशेष अभियान के पांचवें चरण का आयोजन किया जा रहा है द्य इसी क्रम में ब्लॉक नोडल शिक्षक बालिका शिक्षा सलीम अहमद द्वारा विकास खण्ड मितौली की उच्च प्राथमिक विद्यालय की बालिकाओं को इण्डियन बैंक शाखा मितौली का भ्रमण कराया गया द्य बैंक की तरफ से बालिकाओं को खाता का संचालन, जमा निकासी, ऑनलाइन बैंकिंग आदि कई बिन्दुओं को साझा किया गया। इसके पश्चात बालिकाओं द्वारा कोतवाली मितौली का भ्रमण किया जिसमें थाना प्रभारी राजू राव के निर्देश पर महिला कांस्टेबल द्वारा बालिकाओं को सामान्य जानकारी दी गई। वुमन नंबर पर चर्चा की गई । महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। छात्र छात्राओं व शिक्षकों द्वारा थाना प्रभारी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में शिक्षक कामता प्रसाद व विभिन्न छात्र छात्रायें मौजूद रहीं।

# प्रशासन की नोटिस को लेकर मैरिज लॉन के मालिकों ने की बैठक

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**




प्रशासन ने सभी होटल गेस्ट हाउस लॉन वालों को रात्रि 10:00 के बाद ध्वनि यंत्रों का प्रयोग व आतिशबाजी पर पूर्णतया प्रतिबंध करने के लिए नोटिस दी गई है। विवाह कार्यक्रमों में रोड पर बजने वाले बेंड, रोड डीजे, आतिशबाजी से लगने वाली जाम के लिए गेस्ट हाउस मालिकों को जिम्मेदार ठहराया है। उसी संबन्ध में उत्सव लॉन ऐसोसिएशन लखीमपुर खीरी की बैठक राजमहल लॉन में की गई। सभी व्यापारियों को प्रशासन द्वारा नोटिस दी जा रही है रोड़ पर आतिशबाजी बेंड, रोड़ डीजे जाम की सभी जिम्मेदारी मैरिज हॉल वालों पर होगी। व्यापारियों का कहना है कि वर्ष भर में शादी विवाह के आयोजन 30 से 50 दिन रहते हैं उसी समय हम व्यापारियों को परेशान किया जाता हैं

बैठक में जिला अध्यक्ष मनमोहन मौर्य ने सभी को अवगत कराया की हमें प्रशासन के साथ लगकर रोड डीजे बैंड और डीजे की परमिशन रात्रि 10:00 बजे तक लेनी चाहिए। यह परमिशन प्रशासन द्वारा पहले दी जाती थी। इस को यदि प्रशासन दोबारा शुरू करें तो सभी मांगलिक आयोजन रात्रि 11:00 बजे तक समाप्त हो सकते हैं। इसके लिए एक ब्रहद बैठक 21 दिसम्बर 2024 को दोपहर 3 बजे सरस्वती पैलेस में सभी मैरिज लॉन गेस्ट हाउस होटल बेंड डीजे आतिशबाजों को एकत्रित कर के प्रशासन द्वारा दिये गये निर्देशों के पालन हेतु बताया जायेगा उसमे जो निर्णय होगा उसके लिए एक प्रतिनिधि मंडल की बैठक प्रशासन के साथ करके 40 दिन की होने वाली सहलकों में होने वाली समस्याओं का निदान किया जा सके और व्यापारियों को दिक्क़तो से निदान मिले। सभा में किर्ती वर्मा, महावीर प्रसाद, राम बहादुर वर्मा, योगेश, कमल शुक्ला, मंजीत सिंह, विक्की अरोरा, सुनील, आशीष, सोमेश, शांतनु देव, ऋषि नगर, निर्मल सिंह, श्याम मोहन, नन्कु शेखर, रवि गुप्ता, अशोक वर्मा, चरणजीत सिंह, अमित वर्मा, प्रशांत सिंह, उपस्थित रहे।

# साधना व तप की त्रिवेणी का साक्षी बनेगा कल्पवास

## पौष पूर्णिमा से कल्पवास आरम्भ, सात लाख से अधिक कल्पवासियों की भव्य व्यवस्था

**गंगा की धारा के निकट कल्पवासियों के शिविर लगाने को प्राथमिकता**




समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/प्रयागराज।** तीर्थराज प्रयाग के संगम तट में लगे आस्था के सबसे बड़े धार्मिक और सांस्कृतिक समागम में तप, साधना और संयम की त्रिवेणी प्रवाहित हो रही है। भक्ति और अध्यात्म की यह त्रिधारा है कल्पवास। जिसकी शुरुआत पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ होगी। प्रदेश की योगी सरकार ने महाकुम्भ में कल्पवासियों के लिए भी विशेष इंतजाम किए हैं।

महाकुम्भ में 7 लाख से अधिक कल्पवासियों से गुलजार होंगे गंगा के तटमहाकुम्भ में यहां ज्ञान, भक्ति और साधना के विविध रंग दिखते हैं। अखाड़ों के वैभव के अतिरिक्त यहां कल्पवासियों की जप, तप और संयम की त्रिवेणी भी प्रवाहित होती है। पौष पूर्णिमा से पूरे एक महीने तक गंगा और यमुना की रेत पर तम्बुओं के शिविर बनाकर ठिठुरती ठंड में साधना करने वाले कल्पवासियों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। एडीएम महाकुम्भ विवेक चतुर्वेदी बताते हैं कि इस बार लगभग सात लाख कल्पवासियों के लिए प्रशासन ने व्यवस्था की है। कल्पवासी की उम्र और अवस्था को देखते हुए इन्हें बसाया जा रहा है। मेला के विभिन्न सेक्टर्स में लगभग 900 बीघे में इन्हें बसाया जा रहा है। मेला क्षेत्र में मूल रूप से कल्पवास करने वाले इन श्रद्धालुओं को गंगा के तटों के पास ही तम्बुओं की व्यवस्था की गई थी, ताकि सुबह प्रतिदिन इन्हें गंगा स्नान के लिए दूर तक न चलना पड़े। कल्पवासियों के शिविर में स्वच्छता पर प्राथमिकतायोगी सरकार के निर्देश पर सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में स्वच्छता के विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। एसडीएम मेला अभिनव पाठक के मुताबिक विभिन्न सेक्टर में बस रहे कल्पवासियों के शिविर में भी स्वच्छता को प्राथमिकता दी जा रही है। कल्पवासियों के शिविर में कलर कोडेड डस्टबिन रखे जाएंगे। सूखे कूड़े के लिए अलग और गीले कूड़े के लिए अलग डस्टबिन होंगे। गंगा किनारे किसी तरह का कूड़ा जमा न हो पाए, इसलिए वहां भी डस्टबिन रखे जायेगें। कल्पवासियों से भी अपील की जाएगी कि वह सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल शिविर में न करें। इसके लिए सभी शिविरों के बाहर पोस्टर भी लगाए जाएंगे। कल्पवासियों के शिविरों में अलाव की व्यवस्थामाघ के जिस महीने में ये कल्पवासी गंगा के तट पर कल्पवास करते हैं, वह समय कड़ाके की ठंड का होता है। बुजुर्ग कल्पवासियों के लिए शीत लहरी से बचाव हो इसके लिए भी प्रशासन कई कदम उठा रहा है।

### महाकुम्भ में प्राथमिक विद्यालय विद्या कुंभ पहल का शुभारम्भ

**प्रयागराज।** एजुकेट गर्ल्स, बैंक ऑफ बड़ौदा एवं शिव नडार ने बेसिक शिक्षा विभाग प्रयागराज के साथ मिलकर शिक्षा को बढ़ावा देने और श्रमिक परिवारों के बच्चों के उज्वल भविष्य के उद्देश्य से महाकुम्भ मेला प्राधिकरण विशेष कार्याधिकारी आकांक्षा राणा ने 'विद्या कुम्भ' विशेष प्राथमिक विद्यालय, सैनिटेशन कॉलोनी 2, कुम्भ मेला क्षेत्र में आज शुभारम्भ किया। इस अवसर पर महाकुम्भ मेला प्राधिकरण की विशेष कार्याधिकारी आकांक्षा राणा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि विद्या कुम्भ एक सराहनीय पहल है, जो श्रमिक परिवारों के बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करेगी और उनके भविष्य को उज्वल बनाएगी। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ मेले जैसे बड़े आयोजन में शिक्षा का यह प्रयास बच्चों के जीवन में बड़ा बदलाव लाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने कहा कि इस कैम्प के माध्यम से हम शिक्षा को बढ़ावा देने और बच्चों को बुनियादी शिक्षा से जोड़कर उनके भविष्य को बेहतर बनाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह पहल कुम्भ मेले में सफल साबित होगी। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ मेला भारत ही नहीं बल्कि विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन है। मेले की तैयारियों में विभिन्न क्षेत्रों से आए श्रमिक कार्य करते हैं और उनके साथ उनके बच्चे भी मेले में रहते हैं। जिसके कारण उनकी शिक्षा बाधित होती है। विद्या कुम्भ का उद्देश्य मेले में आए श्रमिक परिवारों के बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करना और उनके कौशल विकास पर ध्यान देना है। एसडीएम आशुतोष यादव ने कहा कि हमारा लक्ष्य शिक्षा के माध्यम से बच्चों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। विद्या कुम्भ के जरिए हम इन बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करेंगे, जिससे वे शिक्षा के महत्व को समझते हुए आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा सकें।

# एलडीए अधिकारियों की दूषित कार्यशैली के चलते बेलगाम हुआ अवैध निर्माण

समृद्धि न्यूज

**सीलिंग में यूपी नगर योजना विकास अधि. 1973 का खुला उल्लंघन**

**लखनऊ ।** सुबह की राजधानी में अवैध निर्माणों पर प्रभावी कार्यवाही करने के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण के द्वारा उत्तर प्रदेश नगर योजना विकास अधिनियम 1973 की धाराओं के तहत कार्यवाही के नाम पर प्रवर्तन क्षेत्र में तैनात अवर व सहायक अभियंता के साथ ही जोनल अधिकारी अवैध निर्माण के नाम पर निर्माणकर्ता का आर्थिक और मानसिक उत्पीड़न करके दोहन कर प्राकृतिक न्याय की खुलेआम हत्या कर देते हैं।

लखनऊ विकास प्राधिकरण के द्वारा उत्तर प्रदेश नगर योजना विकास अधिनियम 1973 की धाराओं के तहत नियम विरुद्ध निर्माणों पर कार्यवाही के नाम पर प्रवर्तन जोन क्षेत्रों में तैनात अवर अभियंता व सहायक अभियंता तथा जोनल अधिकारी निर्माणकर्ताओं से दूरभाष संधि करके अवैध निर्माण करवाने में लिप्त उक्त लोगों के द्वारा प्राधिकरण विहित प्राधिकारी न्यायालय में विचाराधीन वाद की पूर्ण जानकारी न देकर के अवैध निर्माण को पूर्ण करवा देते हैं। विहित प्राधिकारी के द्वारा प्रवर्तन में तैनात अवैध निर्माण के संरक्षणदाता अवर व सहायक अभियंता तथा जोनल अधिकारियों से कोई भी व्याख्या न लेकर निर्माणकर्ता को अनवरत अदालत के चक्कर लगवाकर प्राधिकरण के प्रवर्तन जोन क्षेत्रों में तैनात अवर व सहायक तथा जोनल अभियंताओं से कोई प्रगति व्याख्या नहीं मांगी जाती है, और वर्षों बाद सीलिंग व ध्वस्ती के पारित आदेश के बाद अवैध निर्माण के हिमायती संरक्षणदाता अवर व सहायक अभियंता के द्वारा अवर न्यायालय में अपील करने की राय देकर मामले को और लंबित करवा कर अवैध निर्माण को अध्यासित करवाकर मामले की अंत्येष्टि कर दी जाती है। ऐसे ही हजारों अवैध निर्माण के मामले मंडल आयुक्त लखनऊ मंडल तथा सचिव नगर विकास विभाग के कार्यालय में लंबित हैं। प्राधिकरण उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार व प्राधिकरण अध्यक्षध्मंडलायुक्त रोशन जैकब द्वारा अवैध निर्माणों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के निर्देशों के बाद भी प्रवर्तन जोन के क्षेत्रों में तैनात अवर व सहायक अभियंता तथा जोनल अधिकारियों की कार्यशैली में कोई भी बदलाव नहीं हो रहा है और शहर के चारों ओर बड़े पैमाने पर खुलेआम अवैध निर्माण हो रहे हैं। उपाध्यक्ष द्वारा अवैध निर्माण के मामले में मांगी गई साप्ताहिक आख्या के आदेश सफेद हाथी प्रतीत हो रहे हैं। विहित न्यायालय विराजमान पेशकार और बिल्डरों की दूरभाष संधि के चलते अवैध निर्माण के विचाराधीन मामलों की पत्रावलिया दबाई जा रही हैं और विहित प्राधिकारी द्वारा पत्रावलियों पर किए जाने वाले आदेश को लंबित करवाकर अवैध निर्माण वह पूर्ण करके अध्यासित करवाया जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### विवाहिता ने फांसी लगाई, बेटी को स्कूल छोड़ने गया था पति

**लखनऊ,समृद्धि न्यूज।** राजधानी में मंगलवार सुबह एक महिला का शव फांसी पर लटकता मिला। घटना के वक्त पति बेटी को स्कूल छोड़ने गया था। जेठानी ने शव देख परिजनों को जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वजीरगंज इलाके में मशकगंज ताड़ी खाना पर रहने वाले अरुण सैनी की पत्नी स्वाति (33) का कमरे में पंखे के सहारे फांसी पर लटकता शव मिला। कपड़े की दुकान पर काम करने वाले अरूण सैनी ने बताया कि सुबह पत्नी ने बेटी का लंच तैयार कर उसको स्कूल के लिए तैयार किया था। बेटी अनी को स्कूल छोड़कर लौटा तो भाभी पूजा ने बताया कि स्वाति ने आत्महत्या कर ली है। इसके बाद उन्नाव पुरवा में ससुराल और पुलिस वालों को घटना की सूचना दी। वजीरगंज पुलिस के मुताबिक, 8 साल पहले शादी हुई थी। परिजनों ने किसी प्रकार का आरोप नहीं लगाया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### घर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, सामान जलकर राख

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के गोमती नगर इलाके में मंगलवार दोपहर एक घर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। कमरे से धुआं निकलता देख मकान मालिक ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके से पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने एक घंटे में आग पर पूरी तरह काबू पाया। कमरे में रखा सारा सामान जल गया। कोई जनहानि नहीं है। गोमती नगर के हासेमऊ में मंगलवार दोपहर करीब 12.40 बजे एक मकान के फर्स्ट फ्लोर में आग लग गई। मकान मालिक ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने दरवाजा पर लगा ताला काटकर राहत कार्य शुरू किया। करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद आग को पूरी तरह बुझा दिया गया। एक कमरे में रखा सारा सामान जल गया, जबकि अन्य कमरों तक आग नहीं पहुंच सकी। मकान तीन फ्लोर का है। जिसमें फर्स्ट फ्लोर पर एक कमरे में आग लगी थी बाकी सामान सुरक्षित निकाल दिया गया। ग्राउंड फ्लोर पर मकान मालिक रहते हैं। फर्स्ट फ्लोर पर रवि वर्मा किराए पर रहते हैं। वह बाहर गए हुए थे।

### हज यात्रा हेतु द्वितीय किस्त जमा करने की अंतिम तिथि 30 दिसम्बर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** हज कमेटी आफइण्डिया मुम्बई ने अवगत कराया है कि हज– 2025 के लिए प्रत्येक चयनित हज यात्री को द्वितीय किस्त 1,42,000 रूपये जमा करने की अन्तिम तिथि 16 दिसम्बर से बढ़ाकर 30 दिसम्बर कर दी गयी है। सचिव, कार्यपालक अधिकारी हज कमेटी ने बताया कि महरम श्रेणी में महिलाओं ने उत्तर प्रदेश से 46 आवेदन किये थे जिनमें सभी का चयन हो गया है। चयनित महिलाओं की सूची वेबसाइट पर उपलब्ध है। चयनित महिलाओं को हज कमेटी आफइण्डिया के खाते में प्रथम व द्वितीय किस्त एक साथ 2,72,300 रूपये 30 दिसम्बर तक जमा करना है। पे–इन–स्लिप, ऑनलाइन जमा रसीद, हज आवेदन फार्म व घोषणा पत्र, मेडिकल स्क्रीनिंग एण्ड फिटनेस सर्टिफिकेट, स्वहस्ताक्षरित अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट की फोटोप्रति राज्य हज समिति के उक्त पते पर डाक अथवा दस्ती 01 जनवरी, 2025 तक जमा करना आवश्यक है। हज यात्रियों को प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु प्रशिक्षकों के चयन हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करने की तिथि 13 दिसम्बर से बढ़ाकर 22 दिसम्बर कर दी गयी है।

### आवास विकास परिषद कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद के कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने बताया विभिन्न मांगों को लेकर 2018 से लगातार संघर्ष कर रहे हैं। 350 कर्मचारि के कैरियर, प्रोन्नति वेतनमान (एसीपी) विगत पिछले 6 साल से लंबित जिसकी सुनवाई नहीं हो रही। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि संबंधित मुद्दे पर अब तक 15 बार विभागीय प्रोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक हो चुकी है। लेकिन कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जा सका ये बेहद अफसोसनाक है। 2018 से लंबित (एसीपी) के मुद्दे पर नाराज परिषद कर्मियों लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। आवास विकास परिषद कार्यालय पर प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने उप आवास आयुक्त पल्लवी मिश्रा और वित्त नियंत्रक महेश पांडेय से वार्ता की मांग किया है। कर्मचारियों ने बताया कि 10, 16 और 26 साल की सेवा पर मिलने वाले (एसीपी) लाभ से वंचित रखा गया है। यह स्थिति राज्य के सबसे बेहतरीन प्रमाणित संस्थानों में शामिल आवास विकास परिषद की है। मौजूदा स्थिति विभाग की प्रशासनिक असफलता को दर्शाती है।

### फांसी के फंदे पर लटका मिला युवक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में बांस की कोठी में गमछे के सहारे युवक की लाश मिली है। गांव वालों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना गोसाईगंज थाना क्षेत्र के बरगदहा गांव की है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। इंस्पेक्टर गोसाईगंज बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 10 बजे सूचना मिली कि बरगदहा गांव के बाहर बांस कोठी मे गमछा से फंदा लगाकर एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पहुंचकर मृतक की पहचान सुरेश रावत (55) पुत्र सुखलाल के तौर पर की गई। सुरेश के परिजनों ने बताया कि सुरेश सतरिख थाना क्षेत्र में किसी फार्म हाउस पर नौकरी करता था। वहां से कब यहां आया, यह बात परिवार वालों को भी नहीं पता। मामले में अभी तक तहरीर नहीं मिली है।

### चलती पिकअप में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने बुझाई आग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में मंगलवार सुबह करीब 9 बजे लोहिया पथ से गुजर रही लगेज वाली पिकअप में आग लग गई। रास्ते से गुजर रहे लोगों के शोर मचाने पर चालक ने पिकअप रोकी। तुरंत गाड़ी से नीचे उतर गया। हादसे की सूचना तत्काल पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने पानी की बौछार से आग पर काबू पा लिया। ड्राइवर को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। गोमती नगर फायर स्टेशन के मुताबिक मंगलवार सुबह पिकअप डाला (यूपी32 डीएन 5297) में आग लग गई थी। जब इंदिरा नगर नई मस्जिद चादन गांव निवासी रईस इसको लेकर घर लौट रहा था। रईस ने बताया कि टेंट का सामान मलेसे मऊ से छोड़कर वापस घर जा रहा था। तभी अचानक गाड़ी में आग लग गई। गाड़ी उनके पिता अतीक अली के नाम पर है। आग से डाला के आगे का हिस्सा और इंजन जल गया है। गनीमत रही कि टेंट का सामान उतर चुका था, नहीं तो बड़ा हादसा हो जाता।


### चारबाग स्टेशन से बच्चे को किडनैप, रेप के बाद की निर्मम हत्या

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक पांच साल के बच्चे की रेप के बाद निर्मम हत्या कर दी गई। बच्चे का शव रेल यार्ड में फेंक कर आरोपी फरार हो गया था। हालांकि, जांच में जुटी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन का है। जहां रेल यार्ड में एक मासूम बच्चे का शव मिलने से हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि ये बच्चा अपनी मां के साथ राजस्थान से लखनऊ आया था। जिसके बाद आरोपी ने रेप जैसे जघन्य अपराध को अंजाम दिया। फिर बच्चे की निर्मम हत्या कर उसके शव को यार्ड में फेंक कर फरार हो गया।

# लखनऊ में 256 भिक्षावृत्ति से मुक्त बच्चों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से जोड़ा गया

**राजभवन में भिक्षावृत्ति से मुक्त हुए बच्चों के लिए दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** भिक्षावृत्ति छोड़ चुके लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या तथा कुशीनगर के बच्चों के लिए मंगलवार को राजभवन में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता (16-17 दिसम्बर, 2024) का आयोजन किया गया।

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा और मार्गदर्शन में उम्मीद संस्था द्वारा चलाए जा रहे 'भिक्षा से शिक्षा की ओर' अभियान के तहत आयोजित इस खेल प्रतियोगिता में प्रथम दिन लखनऊ शहर के 455, अयोध्या के 80 एवं कुशीनगर के 18 बच्चों ने प्रतिभाग किया।कार्यक्रम में बच्चों द्वारा अनेक प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया गया, जिसमें चम्मच रेस, बोरा रेस, 50 मीटर रेस, 100 मीटर रेस, खो-खो, बलून रेस, कोन रेस, कबड्डी, रस्सा-कस्सी तथा लांग जम्प का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरूण ने समाज में भिक्षावृत्ति को समाप्त करने के लिए सबके सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज कल्याण विभाग भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की स्माइल परियोजना को उम्मीद संस्था के माध्यम से कुशीनगर एवं अयोध्या जिले में लागू करके भिक्षावृत्ति से जुड़े हुए लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास में जुटा हुआ है। मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहाकार अवनीश अवस्थी ने कहा कि लखनऊ शहर में 256 भिक्षावृत्ति से मुक्त हुए बच्चों को 'मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना' से जोड़ा गया है। इनके खातों में प्रतिमाह 2,500 रूपये भेजे जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के कुलपति सोनिया नित्यानंद ने कहा कि मेडिकल कॉलेज भी इन बच्चों की माताओं एवं बच्चों के लिए चिकित्सा शिविर लगा कर उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए अपना योगदान देगा। इस अवसर पर उम्मीद संस्था की संरक्षिका ऊषा अवस्थी एवं संरक्षक अरविन्दर सिंह कोहली, उप सचिव आराधना सिंह, संस्थापक सचिव उम्मीद संस्था बलवीर सिंह तथा अन्य सम्मानित सदस्यगणों सहित क्राइस्ट चर्च कॉलेज एवं अवध कॉलीजेट स्कूल के बच्चे तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### जमीन विवाद में रिटायर्ड होमगार्ड की हुई थी मौत छह आरोपियों को जेल

**लखनऊ ।** लखनऊ पुलिस ने हत्या के मामले में ग्राम प्रधान सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार किया। बीकेटी के महिगवां थाना इलाके के सोनवा गांव में सरकारी जमीन के विवाद में रिटायर्ड होमगार्ड की हत्या कर दी गई थी। सोनवा गांव सोमवार को शव पहुंचने पर परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। एसीपी बीकेटी ऋषभ रुणवाल और उपजिलाधिकारी बीकेटी सतीश चन्द्र त्रिपाठी ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी करने और उचित कार्रवाई के आश्वासन पर मामला शांत हुआ था। इसके बाद मृतक के शव का मंगलवार को दाह-संस्कार किया गया। महिगवां थाना पुलिस ने बताया कि सोनवा गांव के प्रधान अशोक गिरि, संजय गिरि उर्फ संजय तिवारी, मनीष, वरुण उर्फ फुन्नी पुत्र राजाराम, शिवम उर्फ गेंदालाल पुत्र अवधराम को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा अभय उर्फ अभी पुत्र रोहित कुमार निवासी 4.5 केडीए कॉलोनी टीपी नगर कानपुर को सोमवार शाम गिरफ्तार किया।

# बालिका गृह को घरेलू सुविधा उपलब्ध कराने का पूरा प्रयास : बबिता सिंह

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** राजधानी में मंगलवार को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा डॉ. बबीता सिंह चौहान ने गोमतीनगर स्थित अपना घर बालिका गृह का निरीक्षण किया। ठंड को देखते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बबिता सिंह ने कहा कि हमारा पूरा प्रयास है कि बालिका गृह को पूरी तरह से घरेलू सुविधा उपलब्ध कराया जाए।

अध्यक्ष बबिता सिंह चौहान ने निरीक्षण के दौरान बालगृह में रहने वाली बालिकाओं से बातचीत की। बालिकाओं से ठंड के मौसम में कपड़ों से लेकर तमाम जरूरी आवश्यकताओं के बारे में पूछा। बबीता सिंह ने कहा कि बाल गृह का नाम अपना घर है जिससे सकारात्मक एहसास होता है। राजस्थान की संस्था के द्वारा भरतपुर से इसकी शुरुआत की गई थी। ये बहुत खुशी की बात है कि संस्था लगातार विकास कर रही है। संस्था से जुड़े हुए लोग बेहद गंभीर और संवेदनशील है। महिलाओं और बच्चियों के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। बबीता सिंह ने कहा कि निरीक्षण के दौरान हर एक चीज की बारीकी से जांच की गई। बच्चों को पहनने के लिए गर्म कपड़े, पौष्टिक भोजन, ओढ़ने के लिए कंबल समेत प्रशिक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बच्चों की समय-समय पर काउंसिलिंग की जाती है। बालिका गृह में शिक्षा के साथ पूजा-पाठ और सिलाई कढ़ाई की भी पूरी ट्रेनिंग दी जा रही है। आमतौर पर परिवार से दूर बाल गृह में रहने रहने वाली बच्चियां अत्यधिक संवेदनशील होती हैं। इसलिए इनका विशेष ध्यान रखा जाता है कि परिवार की कमी का एहसास ना हो।

# 2017-18 से अब तक 1.24 लाख दिव्यांगों को मिला रोजगार

समृद्धि न्यूज

**गरीब दिव्यांगों के लिए मनरेगा योजना वरदान**

**लखनऊ ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्राम्य विकास विभाग की मनरेगा योजना के तहत जरूरमंद लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। गरीब, मजदूर, महिला या फिर दिव्यांग हो, रोजगार पाने का अधिकार है। दिव्यांग की श्रेणी में आने वाले लोगों को भी मनरेगा योजना के अंतर्गत विभिन्न कार्यों से जोड़कर रोजगार दिया जा रहा है। दिव्यांगजनों को योग्यता, कार्यकुशलता, क्षमता के आधार पर कार्य उपलब्ध कराया जाता है।

उत्तर प्रदेश सरकार लगातार लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिये कार्यरत है। सरकार की मंशा के अनुसार कार्य करने के लिए ग्राम्य विकास विभाग की मनरेगा योजना के तरह जरूरमंद को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। ऐसे लोग जो दिव्यांग है, उन्हें मनरेगा के तहत कार्य उपलब्ध कराकर उनकी आजीविका को आसान बनाने का प्रयास किया जा रहा है। वर्ष 2017-18 से अबतक 1.24 लाख से ज्यादा दिव्यांग जनों को मनरेगा के तहत रोजगार उपलब्ध कराया गया है, इनके द्वारा 44.64 लाख मानव दिवस सृजित किये गये हैं।

वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 50,201 पंजीकृत दिव्यांगजन जाब कार्ड धारकों में से 23,262 दिव्यांगजनों को मनरेगा के तहत कार्य उपलब्ध भी कराया गया है। दिव्यांगजनों के मानव दिवस सृजन की बात करें तो इस वर्ष अब तक 8,28,281 मानव दिवस सृजित किये गये हैं। बीते 4 वर्षों की तुलना की जाये तो वर्ष 2017-18 से लेकर 2024-25 तक दिव्यांगों को रोजगार उपलब्ध कराने में वर्ष 2024-25 में प्रगति ऐतिहासिक रही है।

### अल्पसंख्यक अधिकार दिवस आज, जिलों में होंगी गोष्ठियां

**लखनऊ ।** अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फएवं हज राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने बताया कि 18 दिसम्बर को अल्पसंख्यक अधिकार दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को जिला स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्मानित जनप्रतिनिधियों तथा गणमान्य व्यक्तियों की गोष्ठियाँ आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। जिले के मंत्री को अल्पसंख्यक अधिकार दिवस गोष्ठी की अध्यक्षता करने हेतु अनुरोध किया जाय। अल्पसंख्यक राज्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इस गोष्ठी में शासन द्वारा अल्पसंख्यकों के शैक्षणिक, आर्थिक तथा समाजिक विकास हेतु चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाये। इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने हेतु अल्पसंख्यकों को प्रोत्साहित किया जाय। दानिश ने अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर उक्त विषय से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम, मुशायरा, कवि सम्मेलन, क्राफ्ट मेला व सेमिनार आयोजित करने हेतु भी कार्यवाही संबंधित विभागों के समन्वय से करने हेतु निर्देश दिए हैं।

# जिम्मेदारों की लापरवाही से शुद्ध पेय जल की हो रही है बर्बादी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** चौक क्षेत्र के सरायं माली खान नियर काली चरण स्कूल के पीछे गली में लगा सबमर्सिबल जो कि करीब एक महीने टोटी टूटने के कारण जहां शुद्ध पेय जल की बर्बादी तो हो ही रही है।

वहीं गली में पानी भरने के कारण कीचड़ और आम जनता को पानी भरने में काफी टिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। टूटी हुई टोटी के सम्बंध में पत्रकार अरुण शुक्ला द्वारा इसकी शिकायत जलकल नियंत्रण कक्ष में शिकायत संख्या 433 में दर्ज कर टोटी लगवाने के आश्वाशन दिया गया। पत्रकार द्वारा जब जलकल विभाग के एक्सईन से फ़ोन पर इसकी शिकायत की तो एक्सईन द्वारा जलकल विभाग जोन 6 के जेई कुलदीप से बात करने की बात कही।

इस प्रकरण में जब क्षेत्र से सम्बंधित जेई कुलदीप से फ़ोन पर सम्पर्क करने पर उन्होंने कहा कि




अभी बजट पास हुआ है टोटियां जब आ जाएंगी तब लगवा दूंगा जब आज करीब एक माह से जेई द्वारा टोटियां मंगवाई जा रही हैं। जिससे कि जल की बर्बादी के साथ साथ आम जनता को टँकी से पानी बह जाने के कारण काफी दूर से पानी लाने को लोग मजबूर हैं।

### एलडीए ने पेंशनर दिवस पर सुनी समस्याएं

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में पेंशनर दिवस का आयोजन किया। यह कार्यक्रम यूपी विकास प्राधिकरण डिप्लोमा इंजीनियर्स (सेवा निवृत्त) संघ के सहयोग से सम्पन्न किया गया। इस आयोजन में लखनऊ विकास प्राधिकरण के उच्च अधिकारी और डिप्लोमा इंजीनियर सेवानिवृत्त संघ के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 400 प्राधिकरण के अधिकारी, अभियन्ता एवं कर्मचारी शामिल हुए। इस दौरान 70 वर्ष से अधिक उम्र के 22 पेंशनरों, 10 महिला पेंशनरों और संघ के सक्रिय सदस्यों को शॉल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। पेंशन वितरण व्यवस्था में योगदान देने वाले आईडीबीआई बैंक को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पेंशन संबंधित समस्याओं, अंशदान, चिकित्सा प्रतिपूर्ति और पेंशन वितरण की चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की गई।

# आयुर्वेद में रस औषधियों का विशेष महत्व : डॉ. मंदीप जायसवाल



गौरव सारस्वत को सम्मानित करतीं प्राचार्या डॉ. अंजना दीक्षित

समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद ।** मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज मे हो रहे नव प्रवेशित 2024 बैच के ट्रांजिशनल एवं पी0जी0 ओरिएन्टेशन कार्यक्रम के 14वें दिन डॉ0 समर्पिता ने गुड मैन्युफैकचरिंग प्रैक्टिस के बारे में छात्र-छात्राओं को बताया कि यदि औषधि का निर्माण सही तरीके से हो तो वो रोग दूर करने में समर्थ होती है।

उन्होनें जी0एम0पी0 के बारे में बताते हुए कहा कि छात्रों को औषधि निर्माण के बारे में जानकारी प्राप्त करना चाहिये। आगे जाकर उनको भविष्य में इसको व्यवसाय के रूप में भी अपना सकते है। डॉ0 रूमा डे ने पी0जी0 छात्र-छात्राओं को टाइन मैनेजमेट पर ज्ञानवर्धन करते हुए कहा कि हमें समय की कद्र करनी चाहिये, क्योंकि यदि हम समय की कीमत नहीं समझेंगे तो भविष्य में हमारी कीमत भी कम हो सकती है। हमें सभी कार्य उचित समय पर करना चाहिये। लंच के बाद बी0ए0एम0एस0 एवं पी0जी0 छात्र/छात्राओं को व्यक्तिगत विकास विषय पर पी0पी0टी0 के माध्यम से मिस्टर गौरव सारस्वत ने ज्ञान वर्धन किया। उन्होंने कहा कि आदतें की हमारा भविष्य निर्माण करती हैं। हमें अपनी अच्छी आदतों और बुरी आदतों का पहचानना चाहिये और अच्छी आदतों का जीवन में अपनाना तथा बुरी आदतों को दूर करने का प्रयास करना चाहिये। डॉ0 शिल्पा ने छात्र/छात्राओं को आयुर्वेद के सिद्धान्त के बारे में ज्ञानवर्धन किया। डॉ0 मंदीप जायसवाल जो कि बरेली आयुर्वेदिक कॉलेज में रस शास्त्र विभाग में कार्यरत है उन्होनें छात्र/छात्राओं को रस औषधियों की गुणवत्ता बताते हुए कहा कि आयुर्वेद में रस औषधियों का विशेष महत्त है। उनको बहुत कम मात्रा में प्रयोग करने पर भी वो शरीर में रोग को दूर कर देती है। डॉ0 जायसवाल का सम्मान कॉलेज की प्राचार्या डॉ0 अंजना दीक्षित ने स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर किया। गौरव सारस्वत का सम्मान कॉलेज की प्राचार्या डॉ0 अंजना दीक्षित ने स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर किया। कार्यक्रम में डॉ0 शीलू गुप्ता, डॉ0 विजय मोहन गुप्ता, डॉ0 शिव ओम दीक्षित, डॉ0 संकल्प सिंह, डॉ0 मधु रंजन, डॉ0 मुकेश कुमार विश्वकर्मा, डॉ0 अरूण कुमार पाण्डेय, डॉ0 समर्पिता आदि उपस्थित रहे। डॉ0 अरूण कुमार पाण्डेय ने मिस्टर गौरव सारस्वत को धन्यवाद दिया।

# तीन स्थानों पर कैंप लगाकर किया गया प्रकृति परीक्षण



कैंप के दौरान मौजूद प्रशिक्षु चिकित्सक

समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद ।** भारत सरकार आयुष मंत्रालय द्वारा 'प्रदेश का प्रकृति परीक्षण अभियान' संकल्प स्वास्थ्य का आधार आयुर्वेद का, जो कि सम्पूर्ण देश एवं प्रदेश में भारत सरकार आयुष मंत्रालय की देखरेख में घर-घर आयुर्वेद एवं जन-जन आयुर्वेद को पहुँचाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।

जनपद में मेजर एस0डी0 सिंह पी0जी0 आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल बेबर रोड फतेहगढ़ फर्रुखाबाद के तत्वावधान में ग्राम धूरीहार में डॉ0 भारती, डॉ0 रेशमा, डॉ0 शिल्पी के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं के साथ कैंप लगाकर प्रकृति परीक्षण किया गया। द्वितीय कैंप ग्राम अवायजपुर में डॉ0 आनन्द, डॉ0 नीतूश्री, डॉ0 सुहेबा एवं छात्र-छात्रायें मौजूद रहीं।

तृतीय कैंप के0डी0 बालिका डिग्री कालेज आवास विकास में डॉ0 अरिमर्दन सिंह, डॉ0 सुमन कुन्दू, डॉ0 समर्पिता के नेतृत्व में लगाया गया। कालेज की प्राचार्या डॉ0 अंजना दीक्षित एवं प्रकृति परीक्षण अभियान के नोडल अधिकारी डॉ0 मुकेश कुमार विश्वकर्मा के द्वारा आवश्यक सामग्री के साथ कालेज कैम्पस में कैम्प को रवाना किया गया।

# मालवीय नगर में नजूल की भूमि पर हुआ बिना नक्शे के निर्माण

## बिना मानचित्र के कृपाल आश्रम के गली में बनकर खड़ा हो गया तीन मंजिला मकान, नगर पालिका अनजान...

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने आदेश दिया था कि नगर पालिका क्षेत्र में कोई भी मकान बिना नक्शे के ना बने लेकिन नगर पालिका परिषद क्षेत्र में मालवीय नगर कृपाल आश्रम के बगल एक तीन मंजिल मकान नजूल की भूमि पर बिना मानचित्र के पर्दा लगाकर बनाया जा रहा है।

नगर पालिका के नजूल अमीन को जानकारी होने के बावजूद भी काम नहीं रुक रहा है वही इसे भूमाफिया व नौकरशाही का गठजोड़ कहें या कुछ और जिला मुख्यालय पर ही सरकारी जमीन व नजूल भूखंड बिना फ्री होल्ड या बिना मानचित्र के बनाए और कब्जे किए जा रहे हैं। नगर



पालिका क्षेत्र के मालवीय नगर गुरुद्वारा के पास पूर्व में तैनात सिटी मजिस्ट्रेट विजय शर्मा के रोकने के बावजूद भी दुकान बंद कर खड़ी हो गई है। और अब उसमें दरवाजे भी लग गया है और अब उसमें दुकान खुल गई है। वही सवाल या उठना लाजमी है कि नजूल की भूमि पर बिना फ्री होल्ड किया बिना मानचित्र केधड़ल्ले से कैसे मकान बनाकर खड़ा हो गया। वही शहर का मालवीय नगर व चौक समेत सिविल लाइन का बहुत बड़ा भूभाग नजूल यानी सरकारी है।कब्जा किसी का भी हो बगैर फ्रीहोल्ड कराए स्वामित्व नहीं मिल सकता।

बावजूद इसके हैरत की बात यह है कि इन इलाकों में शॉपिंग कंपलेक्स मार्केट,दुकान व मकान धड़ल्ले से बन रहे हैं बानगी के तौर पर अंबेडकर चौराहे के पास नाले पर बने शॉपिंग काम्प्लेक्स,ईद गाह रोड़ पर तालाब की भूमि पर बना शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, ईद गाह रोड़ नजूल की भूमि पर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स,मालवीय नगर में अनेकों दुकान नजूल पर बिना मानचित्र के बनकर खड़ी हो गई इन सभी को लिया जा सकता है। जिम्मेदार अंजान बने हुए बैठे हुए हैं। वही गोंडा फैजाबाद रोड पर इमामबाड़ा के पास एक मंदिर नजूल कि भूमि पर बनी हुई थी जिस पर कुछ भू माफिया ने पांच दुकान बनकर खड़ी कर दी है जिसकी शिकायत लोगों ने पूर्व में तैनात सिटी मजिस्ट्रेट विजय शर्मा से की थी तब मत दुकान बनने का कार्य तो रुक गया था लेकिन नगर पालिका परिषद की लापरवाही से आज तक उसे दुकान में लगे हुए बल्ली पटरे को नहीं निकलवाया गया है और वह दुकान अब छत लगने का इंतजार कर रहा है वही इसकी जानकारी नगर पालिका परिषद के ईओ संजय शर्मा से लेने की कोशिश की गई तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया और जानकारी नहीं मिल पाई है।


# मारपीट व छिनैती की पुलिस ने नहीं दर्ज की एफआईआर

**कर्नलगंज/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली के बालपुर चौकी क्षेत्र में मारपीट व छिनैती के गंभीर घटना के चार दिन बाद भी पुलिस एफआईआर नहीं दर्ज कर रही है। जिससे दबंगों के हौसले बुलंद हैं। मामले में आरोप है कि पीड़ित पर दबाव बनाकर सुलह समझौता करवाने की कोशिश की जा रही है।

थाना कटरा बाजार क्षेत्र के छिटनापुर गांव निवासी अजय कुमार पुत्र कृष्ण कुमार मिश्र ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि वह एलएनटी फाइनेंस कंपनी में रिकवरी का काम करता है। वह शुक्रवार की शाम को रोज की तरह अपने काम से घर लौट रहे थे। तभी शाम करीब 6 बजकर 18 मिनट पर बालपुर बाजार के कटरा मोड़ पर इंडियन बैंक के बगल रिंकू सिंह के घर के सामने





बमबम पाडेय, आदर्श शुक्ला, सुमित तिवारी समेत दो अन्य लोगों ने उसे घेर लिया और मारा-पीटा तथा उसके बाद गाली गलौज दे रहे थे तो वह अपनी मोबाइल से वीडियो बनाने लगा तो उसकी मोबाइल व बैग छीन लिया जिसमें करीब 66 हजार रुपए थे,जो ऋण वसूली का पैसा था। पीड़ित का कहना है कि वह बालपुर चौकी गया तो वहां से उसे कोतवाली कर्नलगंज जाने को कहा गया और उसकी तहरीर नहीं ली गई। उसके बाद उसने 112 पर काल किया जिसके उपरांत तहरीर ली गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। उसके शरीर पर काफी गंभीर चोटें आई हैं,लेकिन उसकी डाक्टरी भी नहीं कराई गई है।।

मामले में पुलिस ने अभी मुकदमा दर्ज नहीं किया है। बावजूद इसके पीड़ित पर दबाव बनाकर सुलह समझौता करवाने की कोशिश की जा रही है। बालपुर चौकी प्रभारी नागेश्वर नाथ पटेल ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है, जांचोपरांत मुकदमा दर्ज किया जाएगा। वहीं इस संबंध में जब कोतवाली कर्नलगंज के प्रभारी निरीक्षक से जानकारी करने के लिए सीयूजी नंबर पर संपर्क किया गया तो उनका फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर था।

## अनुसूचित जाति की महिला की पिटाई करने वालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**परसपुर/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम अभईपुर डीहा निवासिनी अनुसूचित जाति की महिला नेहा के तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति नृसंशता निवारण अधिनियम सहित अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। महिला ने तहरीर में कहा है की बीते 12 दिसंबर की सुबह आरोपीगण बिलरू दुबे, ननका पत्नी शिव बहादुर, बिलरू दुबे की पत्नी, पवन कुमार दुबे की पत्नी व निवासी ग्राम अभईपुर डीहा रास्ते की भूमि पर पिलर स्थापित कर पक्की दीवार बनाने लगे। उसके मना करने पर चारो लोग जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करके गाली देते हुए लाठी, डंडा से उसकी पिटाई करने लगे। हल्ला गुहार करने पर उसकी पुत्री नैना को उठाकर पटक दिये। तब तक गांव के लोग पहुँच गए,जिस पर जान से मार डालने की धमकी देते हुए चारों लोग चले गए। इस संबंध में थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया की मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। अग्रिम कार्रवाई क्षेत्राधिकारी द्वारा की जा रही है।

# ढोल नगाड़े के बीच निकली खाटू श्याम की शोभायात्रा

**मनकापुर,गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

मनकापुर बाजार के श्याम भक्तो ने मंगलवार17 दिसंबर की शाम बाबा श्याम की निशानी यात्रा निकाली हाथों में ध्वजा पताका लिए श्याम भक्तों बाबा के जयकारे लगाते हुए शोभायात्रा में शामिल हुए शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर स्वागत हुआ शोभायात्रा निकलने के पूर्व बाजार स्थित रामलीला मैदान श्री राम जानकी पंचायती मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना की गई।

इसके बाद बैंड बाजों में भक्ति गीतों की धुन पर निशान यात्रा निकाली गई लाल पीले रंग के ध्वजा लेकर चल रहे भक्तगणों का आकर्षण देखते ही बना शोभा यात्रा श्री राम जानकी पंचायती मंदिर रामलीला मैदान से निकली जो लोहा मंडी गोल चौक रेलवे स्टेशन तिराहा सब्जी मंडी बांनगढ़ मंदिर रेलवे क्रॉसिंग तिराहा



पटेल नगर होते हुए रामलीला मैदान में पहुंची यहां पुनः खाटू श्याम की पूजा अर्चना की गई। शोभा यात्रा के दौरान पुरुष सफेद पीले वस्त्र धारण किए हुए थे महिलाएं लाल पीले केसरिया साड़ी के साथ भुजा मैं निशान लिए चल रही थी। इस अवसर पर खाटू श्याम भक्त शिवम कसौधन, नितीश कसौधन, नगर पंचायत अध्यक्ष बब्बू सोनी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, रामलीला समित अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता ,विश्व हिंदू परिषद विभाग गौरक्षा प्रमुख (गोंडा)संतोष कुमार बड़कन ,सभासद वैभव सिंह,पन्नी लाल गोपी हांडा, अशोक जयसवाल ,प्रेमचंद चौहान ,राम नारायण गुप्ता ,पप्पन गुप्ता, राकेश गुप्ता,महेश मोदनवाल, पवन चौधरी, हर्षवर्धन, गिरजेंदर मिश्रा, शोभित गुड्डू सिंह विश्वनाथ गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार पाठक,यस आई मनकापुर, महिला पुलिस कर्मी कड़ी सुरक्षा के साथ शोभायात्रा को सकुशल संपन्न कराया।

# न रजिस्ट्रेशन न कोई डिग्री फिर भी कटरा बाजार में चल रहा है जनता डायग्नोस्टिक सेंटर

**गोंडा,समृद्धि न्यूज।**

दूरभाष पर जब जनता डायग्नोस्टिक सेंटर के मालिक अंशु शुक्ला से वार्ता किया गया तो उन्होंने कहा की भारत में बहुत से ऐसे लोग हैं जिनके पास कोई डिग्री नहीं है केवल मेरा ही एक जनता डायग्नोस्टिक सेंटर नहीं है इस पर जब समृद्धि न्यूज़ के पत्रकार ने उक्त से वार्ता की और कहां कि आप डायग्नोस्टिक सेंटर चला रहे हैं लोगों के जीने मरने की बात होती है अगर रिपोर्ट सही नहीं मिलेगी तो फिर इलाज सही कैसे होगा इस पर उन्होंने कहा कि हमारा काम जांच करना है और हम जांच करते हैं रिपोर्ट भी देते हैं यहां कहने का अर्थ यह है कि जब जनता डायग्नोस्टिक सेंटर पर कोई




> प्रकरण पर सीएमओ से जानकारी मांगी गई तो बोली, इस समय मैं एक स्कूल के फंक्शन में हूं इसलिए बात नहीं हो पा रही है

डॉक्टर नहीं है कोई ट्रेंड रेडियोलॉजिस्ट नहीं है तो ऐसे में एक बगैर डिग्री का व्यक्ति कैसे किसी महिला का अल्ट्रासाउंड जांच करता है इसके लिए अगर कहा जाए तो जिला प्रशासन का भी कम दोष नहीं है क्योंकि यदि समय-समय पर इन अल्ट्रासाऊंड जैसे केदो की जांच मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा किया जाए तो ऐसे अवैध डायग्नोस्टिक सेंटर बंद कराया जा सकता हैं सच्चाई तो यह है की जो भी मरीज ऐसे अवैध जांच केदो पर आते हैं उनको इस बात की जानकारी नहीं होती है कि हमको जो रिपोर्ट मिल रही है वह सही है या गलत है जो रिपोर्ट वह अपने डॉक्टर को देते हैं उसी के अनुसार उनका इलाज होता है अब यहां देखा जाए तो जनता डायग्नोस्टिक सेंटर उल्टा सीधा रिपोर्ट देकर मरीज को चलता करती है मरीज का सही ढंग से उपचार नहीं हो पाता है और ऐसे में वह ईश्वर को प्यारा हो जाता है लेकिन इससे ऐसे अवैध जांच केदो के मालिकों को क्या लेना देना उनको सिर्फ अपनी जेबें गर्म करनी है और आगे भी यही प्रक्रिया उनको दोहरानी है जब इस प्रकरण पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी रश्मि वर्मा से दूरभाष पर जानकारी मांगा गया तो उन्होंने बताया कि इस समय मैं एक स्कूल के फंक्शन में हूं इसलिए बात नहीं हो पा रही है।

# साधु-असहाय, दिव्यांगजनों को वितरित किया ऊनी कंबल

> समय-समय पर असहाय लोगों को संस्था के द्वारा दी जाती है मदद ज्ञानप्रकाश गिरि

**विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार को बढ़ते ठंड को देखते हुए श्री सीताराम सेवा समिति परशुराम पुरवा के तत्वाधान में धर्म जागरण हेतु साधुजनों एवं दिव्यांगजनों के लिए ऊनी कंबल एवं वस्त्र तथा दक्षिणा दान किया गया।

श्री सीताराम सेवा समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश गिरि ने बताया कि समय-समय पर असहाय लोगों को संस्था द्वारा मदद की जाती है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष सचिन गिरि एवं



सावित्री देवी योगमाया आदि लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया इस दौरान साधुओं, असहाय, दिव्यांगजनों को ऊनी कंबल वितरित किया गया।।इस दौरान रामशंकर, सुभाष, भुरे, राममिलन, गिरधारी, अवधेश सहित 51 असहाय लोग कंबल पाकर आयोजकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# लाहिड़ी जी का जीवन राष्ट्र प्रेम का है एक जीवन्त उदाहरण

> अमर शहीद राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी का मना 98वाँ बलिदान दिवस

**गोंडा,समृद्धि न्यूज।**

शहीदों की चिताओं पर लगेगें हर बरस मेले, वतन पर मरने वालों का यही बाकी निशां होगा'' के संकल्प के साथ स्वतंत्रता संग्राम के अमर नायक शहीद राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी जी के 98वें बलिदान दिवस के अवसर पर जिला कारागार में आर्य समाज द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ हवन-पूजन एवं शांति पाठ सम्पन्न कराया गया। लाहिड़ी के बलिदान दिवस पर अमर शहीद को बतौर मुख्य अतिथि आयुक्त, देवीपाटन मंडल तथा गणमान्य नागरिकों, अधिवक्ताओं तथा समाजसेवियों द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। जिला कारागार में हवन-



**छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किए देशभक्ति के कार्यक्रम**

विद्यालय के बच्चों एवं अन्य लोगों सहित अन्य स्कूल के छात्र-छात्राओं तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं देश भक्ति गीत का प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय, सिटी मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी सदर गोंडा, परियोजना निदेशक डीआरडीए चंद्रशेखर, जेल अधीक्षक व जेल प्रशासन के समस्त अधिकारी व कर्मचारी, आर्य समाज सहित अन्य गणमान्य नागरिक, अधिकारीगण, स्कूली छात्र-छात्राएं एवं अन्य अधिकारीगण व जनसामान्य के लोग उपस्थित रहे।

पूजन करने के उपरान्त जनपद न्यायाधीश, डीएम, एसपी, एडीएम, सीआरओ, नगर मजिस्ट्रेट, एसडीएम सदर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने जेल परिसर में लाहिड़ी जी के बलिदान स्थल पर स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनकी शहादत को याद किया। इस अवसर पर लाहिड़ी जी के जीवन एवं बलिदान पर प्रकाश डालते हुए जिलाधिकारी ने अमर शहीद लाहिड़ी के अन्तिम वाक्य ''मैं मरने नहीं जा रहा, अपितु आजाद भारत में पुनर्जन्म लेने जा रहा हूं'' दोहराते हुए कहा कि लाहिड़ी जी का जीवन राष्ट्र प्रेम का एक जीवन्त उदाहरण है। हम सबको उनसे प्रेरणा लेते हुए देश हित के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करना चाहिए,यही लाहिड़ी जी के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। आयोजित समारोह में आयुक्त देवीपाटन मण्डल गोण्डा, जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने जनपद के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राम अचल आचार्य सहित अन्य सेनानियों के परिजनों को माला पहनाकर व अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया।

# गश्त के दौरान उपनिरीक्षक की बिगड़ी तबियत, इलाज के दौरान मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के रामगांव थाने में तैनात उपनिरीक्षक सोमवार रात को गश्त के बाद जब थाने पहुंचे तो अचानक उनकी तबियात बिगड़ गई। जिसके बाद उन्होंने मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां रात दो बजे उनकी मौत हो गई। यह जानकारी थानाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने दी है। देवरिया जिले के थाना भटनी के ग्राम पिपरा बिठ्ठल निवासी शिव प्रकाश दूबे (56) पुत्र अम्बिका दुबे राम गांव थाने में तैनात थे। सोमवार रात को वह पैदल गश्त के लिए गए। इसके बाद रात 10 बजे थाने पहुंचे। तभी अचानक तबियत खराब हो गई। जिस पर उपनिरीक्षक को मेडिकल कॉलेज बहराइच में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान रात दो बजे उनकी मौत हो गई। जिस पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम करवाया और पुलिस वाहन से शव को देवरिया भेजने की प्रकिया चल रही है।

थानाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने बताया कि साइलेंट हार्ट अटैक के चलते उनकी मौत हुई है। उन्होंने बताया कि शिव प्रकाश जी वर्ष 1986 में पुलिस विभाग में सिपाही के पद पर तैनात हुए थे। प्रमोशन पाकर महाराजंग में वर्ष 2022 में उपनिरीक्षक बने थे। बीते एक साल से राम गांव थाने में उनकी तैनाती थी। सीओ महसी डीके श्रीवास्तव ने बताया कि परिजन जिला मुख्यालय आ गए हैं। पंचायत नामा के बाद शव भेजा जाएगा।

# एक ही सप्ताह में दिव्यांग का जारी किया दो आय प्रमाण पत्र

> तहसील पयागपुर को कारण बताओं नोटिस जारी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

तहसील पयागपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत खुटेहना निवासी दिव्यांग नीबर प्रसाद पुत्र छेदीराम का एक सप्ताह में 2 आय प्रमाण-पत्र जारी होने सम्बन्धी शिकायत का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने तहसीलदार पयागपुर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ ही सम्बन्धित लेखपाल के विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई करने के लिए उप जिलाधिकारी पयागपुर को निर्देशित किया है। आयुक्त देवीपाटन मण्डल गोण्डा के स्तर से डीएम को शिकायत प्राप्त हुई कि तहसील पयागपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत खुटेहना निवासी दिव्यांग नीबर प्रसाद पुत्र छेदीराम के लिए 21 जुलाई को जारी आय प्रमाण-पत्र संख्या 505241007759 के द्वारा उनकी वार्षिक आय रुपये 54000 दिखाई गई है। वहीं 27 जुलाई को जारी आय प्रमाण-पत्र संख्या 505241008070 के द्वारा नीबर की वार्षिक आय रुपये 36000 दर्शायी गयी है।अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव द्वारा की गई जांच में शिकायत की पुष्टि होने पर डीएम द्वारा तहसीलदार पयागपुर को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा सम्बन्धित लेखपाल के विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई के लिए उप जिलाधिकारी पयागपुर को निर्देशित किया गया है।

## शिक्षक के परिजन के निधन की सूचना पर ढांढस बंधाने घर पहुंचे बीएसए

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** मंगलवार को विद्यालय निरीक्षण को निकले बीएसए आशीष कुमार सिंह ने विकास खण्ड जरवल में कार्यरत अनुदेशक के पिता के देहांत की सूचना मिलते ही बीईओ जरवल अरविंद बहादुर सिंह के साथ शिक्षक के घर जाकर परिजनों से अपनी शोक संवेदना प्रकट कर ढांढस बंधाया। बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह विकास खण्ड जरवल के विद्यालयों के नियमित निरीक्षण को क्षेत्र में भ्रमणशील थे, इसी दौरान उन्हें उच्च प्राथमिक विद्यालय आदमपुर में तैनात अनुदेशक नीरज गुप्ता के पिता के निधन की सूचना मिली। जिसके बाद उन्होंने अनुदेशक के घर जाकर शोक संतृप्त परिजनों से मुलाकात कर संवेदना जताते हुए ढांढस बंधाया। इस दौरान उनके साथ खण्ड शिक्षा अधिकारी जरवल अरविंद बहादुर सिंह समेत स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# आटा, मसाला व पैकजिंग यूनिट का डीएम ने किया उद्घाटन

> प्राकृतिक खेती का लिया जायजा, बोलीं 40 महिलाओं को मिला रोजगार

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

ग्राम भदौली चिलवारिया में जनपद के सुहेलदेव एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड बहराइच की निदेशक हेमादेवी, जानकीदेवी, सौम्या चौधरी, मुन्नालाल वर्मा, संतोष सिंह एवं कंचन सिंह द्वारा स्थापित मसाला यूनिट, आटा यूनिट, पैकेजिंग यूनिट का जिलाधिकारी मोनिका रानी ने उप-निदेशक कृषि टी.पी. शाही के साथ फीता काटकर उद्घाटन किया गया तथा सभी मशीनों को चलवाकर उत्पादित उत्पाद का निरीक्षण किया और साथ में ही तुलसी महिला सेल्फ



हेल्प ग्रुप व दुर्गा महिला सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं से भी मिलकर एफपीओ द्वारा पैकेजिंग के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि गुजरात, राजकोट से मसाला यूनिट व आटा यूनिट मंगाकर स्थापित कराई गयी है जिससे शुद्ध मसाला व आटा की पैकेजिंग करके बाज़ार में बिक्री की जाएगी। इस मौके पर उप-कृषि निदेशक श्री शाही ने जिलाधिकारी को बताया कि जनपद में 2021 में 06 एफपीओ का गठन हुआ था जिसके क्रम में वर्तमान में 86 एफपीओ का गठन कराया जा चुका है। उप-निदेशक कृषि ने बताया कि सुहेलदेव एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी को प्रधान मंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना (पी.एम.एफ.एम.ई.) अंतर्गत सिसई हैदर विकासखंड तेजवापुर में मशरुम यूनिट की स्थापना कराई गयी है जिसपर योजनान्तर्गत भारत सरकार द्वारा 3 प्रतिशत ए.आई.एफ योजना से ब्याज अनुदान व उद्यान विभाग द्वारा भी मशरुम यूनिट लगाने पर अपने विभाग से 35 प्रतिशत अनुदान दिया गया है उप-निदेशक कृषि ने विशेषकर मुन्नालाल वर्मा, संतोष सिंह, श्रीमती कंचन सिंह व अन्य उपस्थित एफपीओ सदस्यों द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा की।

इस अवसर पर उप-संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी कैसरगंज/ एफपीओ नोडल अधिकारी बहराइच शिशिर कुमार वर्मा, चार्टर्ड अकाउंटेंट बृजेश मिश्रा, प्राविधिक सहायक प्रदीप कुमार सहित जनपद के अन्य एफपीओ निदेशक व सैकड़ों कृषक उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय महाकाल भैरव मन्दिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से आयोजित

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** शहर के त्रिमुहानी घाट श्मशान पर स्थित श्री श्री श्री महाकाल भैरव मंदिर के सप्तम दो दिवसीय वार्षिकोत्सव में महाराजाधिराज बाबा महाकाल भैरव का महाभिषेक व अष्ट भैरव संग चौसठ योगिनी पूजन,मात्रिका पूजन,महाकालिका पूजन के साथ ही नादी संस्कार भी किया गया। इस दौरान गुप्तवास के कारण परिसर में ही महाराजाधिराज बाबा काल भैरव जी की नगर भ्रमण यात्रा निकाली गई जहां उपस्थित श्रद्धालुओं ने यात्रा पर पुष्पार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री श्री श्री काल भैरव श्मशान घाट सेवा मण्डल के तत्वाधान में शहर के स्वर्ग धाम त्रिमुहानी घाट स्थित श्री श्री श्री महाकाल भैरव मन्दिर पर सप्तम दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ।

# सीएमएस ने जिंक-ओआरएस कॉर्नर का किया शुभारंभ

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

मेडिकल कॉलेज के बच्चों के वार्ड में जागरण पहल संस्था के सहयोग से डायरिया नेट जीरो कार्यक्रम के तहत जिंक-ओआरएस कॉर्नर की स्थापना की गई। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एम.एम.एम. त्रिपाठी ने फीता काटकर इसका शुभारंभ किया। इस अवसर पर वार्ड में भर्ती बच्चों और उनकी माताओं को डेटॉल साबुन, जिंक की गोलियां और ओआरएस पैकेट वितरित किए गए। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार, हर पांच बच्चों में से एक की मृत्यु डायरिया से होती है। उन्होंने बताया कि डायरिया के शुरुआती उपचार में



जिंक और ओआरएस का उपयोग बच्चों को निर्जलीकरण से बचाने में मदद करता है। उन्होंने डायरिया से बचाव के लिए सात सरल और प्रभावी उपाय बताए। जिसमें नियमित रूप से साबुन से हाथ धोना, साफ और सुरक्षित पानी का सेवन करना, शिशु को छह माह तक केवल स्तनपान कराना, बच्चे के टीकाकरण सत्र के दौरान रोटावायरस वैक्सीन लगवाना, दस्त की स्थिति में तुरंत जिंक और ओआरएस घोल का उपयोग करना, और स्वच्छ शौचालय का प्रयोग करना। जिला समन्वयक सईद और ब्लॉक समन्वयक बिपिन पांडेय ने जिंक-ओआरएस कॉर्नर की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित लोगों को ओआरएस घोल बनाने की विधि और जिंक की सही खुराक के बारे में जानकारी दी।

# बच्चों में टीबी की होगी जल्द पहचान निदान पर दिया जायेगा विशेष ध्यान

> वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर संस्था के सहयोग से हुई कार्यशाला

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

टीबी के खिलाफ हर कदम जरूरी है। बच्चों में टीबी की रोकथाम के लिए बाल रोग विशेषज्ञों का प्रशिक्षित होना प्राथमिकता है,÷ यह संदेश जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) डॉ. एम.एल. वर्मा ने मंगलवार को महाराजा सुहेलदेव स्वायत्तशासी राज्य मेडिकल कॉलेज बहराइच में आयोजित बाल रोग विशेषज्ञों की कार्यशाला के दौरान दिया। वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर संस्था के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य बाल रोग विशेषज्ञों को बच्चों में टीबी की पहचान, उपचार और रोकथाम के लिए नवीनतम तकनीकों व रणनीतियों से अवगत कराना था।कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर डॉ. अरविंद शुक्ला, डॉ. वी.डी. वर्मा, डॉ. परितोष तिवारी, डब्ल्यूएचओ कंसल्टेंट डॉ. दीपक चतुर्वेदी और डब्ल्यूएचपी मॉनिटरिंग एवं इवैल्यूएशन विशेषज्ञ रणंजय सिंह ने विभिन्न सत्रों का संचालन किया। इसमें जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सा अधिकारी, मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग के प्रमुख डॉ. परवेज अहमद और निजी क्षेत्र के बाल रोग विशेषज्ञों ने भाग लिया।

# क्रिकेट खिलाड़ी नूपुर पांडेय का हुआ स्वागत

## नवंबर में महिला अंडर 15 टीम में हुआ था खिलाड़ी का चयन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले की रहने वाली शिवपुर निवासी किशोरी का चयन उत्तर प्रदेश महिला अंडर 15 टीम में होने से परिवारजन व रिश्तेदारों में हर्ष व्याप्त है। प्रतियोगिता में शामिल होने के बाद पहली बार घर पहुंची किशोरी का सम्मान कर उसकी हौसला अफजाई की गई। कोतवाली नानपारा के भग्गापुरवा निवासी नीरज पांडेय की पुत्री नूपुर पांडेय का क्रिकेट के प्रति शुरू से ही रूझान रहा है। नवंबर माह में उत्तर प्रदेश की महिला अंडर 15 टीम के चयन प्रकिया के दौरान नूपुर का नाम भी शामिल किया गया था। और नूपुर ने गोवा में आयोजित



नेशनल प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया था। पहली बार जनपद पहुंचने पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन बहराइच के सचिव इशरत महमूद खान, विधायक प्रतिनिधि नानपारा अमन वर्मा ,ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि बलहा कृपाराम वर्मा और राम प्यारे शिव शंकर इंटर कालेज के प्रधानाचार्य गजेंद्र मनी मिश्र ने नूपुर को सम्मानित कर उसका मान बढ़ाया।

# पत्रकार को क्लीन चिट, व्यवसायी पर कब होगी कार्रवाई?

> वायरल वीडियो में दिख रहे नोटों का क्या है रहस्य!
> उच्च स्तरीय हो जांच तो कई आएंगे लपेटे में

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

रायबरेली में बीते दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें कुछ व्यक्तियों के द्वारा नोटों की गड्डियों को कागज के गत्तों में रखते हुए देखा जा सकता था और प्रयास लगाए जा रहे थे कि कहीं ये रुपए ब्लैक मनी का हिस्सा तो नहीं है। फिलहाल वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस और संबंधित एजेंसियां जांच में जुटी हुई हैं। गड्डियों के कार्टून में रखे जाने के वीडियो के आधार पर जब सीओ सिटी के बयान को लेकर पत्रकारों ने समाचार प्रकाशित किया तब पत्रकारों पर दबाव बनाने की मंशा से दवा व्यवसायी ने प्रेस वार्ता करके एक वरिष्ठ पत्रकार पर निराधार आरोप लगा कर वायरल वीडियो में दिख रहे नोटों की सच्चाई को दबाने का प्रयास किया था।

**दवा व्यवसाय ने पत्रकार पर लगाए थे आरोप:** वायरल वीडियो में दिख रहे लाखों, करोड़ों रुपयों की सच्चाई को दबाने की मंशा एवं पत्रकारिता का गला घोंटने के कुत्सित प्रयास का जिले भर के पत्रकारों, अधिवक्ताओं, समाजसेवियों एवं राजनैतिक दलों के नेताओं ने पुरजोर विरोध किया था और सभी ने एक सुर में व्यवसायी के आरोपों एवं वायरल वीडियो में दिख रहे रुपयों की निष्पक्ष जाँच करवाए जाने की मांग की थी।

**एसपी से मिला था पत्रकारों का प्रतिनिधिमंडल:** पत्रकारों का एक प्रतिनिधि मंडल जिले के पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर निष्पक्ष व शीघ्र जाँच करवाने की मांग की थी। पुलिस ने व्यवसायी द्वारा पत्रकार पर लगाए गए आरोपों की जाँच पूरी कर ली है जिसमें व्यवसायी के आरोप तथ्यहीन व झूठे पाए गए हैं प्रेस वार्ता करके वरिष्ठ पत्रकार की छवि खराब करने वा धन के बल पर मीडिया को जेब में रखने की मंशा रखने वाले व्यवसायी द्वारा पत्रकार के खिलाफ किसी भी आरोप का कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं करवाया गया जिससे पुलिस ने वरिष्ठ पत्रकार को मामले में क्लीन चिट दे दी है, स्पष्ट हो गया है कि दवा व्यवसायी ने पत्रकार पर आरोप इसलिए लगाया ताकि नोटों की सच्चाई उजागर ना हो सके 7 पुलिस की जाँच में पत्रकार को तो क्लीन चिट मिल गयी है।

**वायरल वीडियो में दिखने वाले पैसों का क्या है रहस्य?:** इस प्रकरण में कई सवालों के जवाब अभी सामने आने बाकी हैं जैसे दवा व्यवसायी ने पत्रकार पर झूठा आरोप क्यों लगाया? आखिर वायरल वीडियो में दिख रहे नोटों की सच्चाई को दवा व्यवसायी क्यों छुपाना चाह रहा है? वायरल वीडियो में दिख रहे लाखों, करोड़ों रुपए व्यवसायी के पास कहाँ से आए और ये रुपए कब और किस खाते में जमा किए गए? इतने सारे धन को एक गत्ते में रखने के पीछे का खेल क्या है और इस खेल में कौन-कौन लोग शामिल हैं? वायरल वीडियो में दिख रहे नोट असली हैं या नकली? पुलिस से मिली क्लीन चिट के बाद सभी पत्रकारों ने यह मांग की है कि अभी जाँच आधी हुई है व्यवसायी द्वारा आरोपों में सच्चाई नहीं मिली है इससे लगता है कि वायरल वीडियो में दिख रहे रुपयों में बड़ा झोल है इसलिए वायरल वीडियो के आधार पर दवा व्यवसायी के व्यवसाय के साथ-साथ आय और व्यय की भी पूरी जाँच होनी चाहिए है।

# भूख-प्यास से तड़प कर मर रहे कान्हा गौशाला में बंद बेजुबान गोवंश

> चील कौवे नोच कर खा रहे हैं मृत गोवंशों को
> क्षमता से अधिक बंद गोवंश आपस में लड़कर हो रहे हैं घायल
> लगभग एक दर्जन गोवंश के मृत्यु की सूचना पर पहुंचे, कस्बा वासियों ने आक्रोश जता डीएम से की शिकायत



**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

डलमऊ कस्बे के श्मशान घाट के पास स्थित कान्हा गौशाला में क्षमता से अधिक बन्द बेजुबान गोवंस के चारा पानी और रहने की समुचित व्यवस्था तथा घायल बेजुबानों का उपचार न होने के चलते प्रतिदिन मौत के घाट उतार रहे हैं। मंगलवार को प्रातः दर्जनों गोवंश मरने की सूचना पर कान्हा गौशाला पहुंचे कस्बा वासियों और भाजपा के पदाधिकारी द्वारा आक्रोश जताते हुए जिलाधिकारी रायबरेली से शिकायत करते हुए जांच की मांग की गई। जिलाधिकारी के निर्देश पर क्षेत्रीय जिम्मेदारों में हड़कंप मच गया और देखते ही देखते कान्हा गौशाला में पशु चिकित्सक के साथ टीम पहुंचकर घायल पशुओं का उपचार करने में जुट गए और मृत बेजुबानों की संख्या छुपाने की जुगत करने लगे जिलाधिकारी के निर्देश पर नोडल अधिकारी उप जिलाधिकारी द्वारा कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया गया और मौके पर मौजूद पशु चिकित्सक को फटकार लगाई गई मंगलवार को डलमऊ कस्बा स्थित कान्हा गौशाला में लगभग एक दर्जन बेजुबान गोवंशों के मरने की सूचना पर देखते ही देखते मौके पर भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष ऋषभ मिश्रा, शुभम त्रिपाठी, अंकिल दीक्षित के साथ अन्य कस्बावासी मौके पर पहुंच गए जहां पर लगभग सात गोवंश मृत अवस्था में पाए गए जिन्हें चील कौवे नोच नोच कर खा रहे थे जिससे उनके शरीर के आंशिक भाग में मांस गायब था और गोवंशों की आंख कौवे नोच कर खा गए। वहीं लगभग आधा दर्जन गोवंश मरणासन्न अवस्था में तड़प रहे थे जिनकी ऐसी स्थिति देखकर मौके पर पहुंचे लोग आक्रोशित होकर जिला अधिकारी रायबरेली से दूरभाष पर शिकायत करते हुए जांच की मांग की गई। अंकिल दीक्षित के साथ अन्य कस्बावासियों ने बताया कि कान्हा गौशाला में बंद गोवंशों को पर्याप्त रूप से चारा-पानी की व्यवस्था और रहने की व्यवस्था तथा उपचार आदि की पर्याप्त व्यवस्था न होने के चलते प्रतिदिन बेजुबानों की मौत हो रही है और यही नहीं क्षमता से अधिक मौजूद गोवंश मैं अधिकाधिक गोवंश को टैगिंग नहीं की गई है और न ही देखरेख के साथ उपचार और स्टॉक संबंधित कोई अभिलेख मौजूद नहीं है। कान्हा गौशाला प्रभारी द्वारा घर बैठे अभिलेखों में अंकन किया जाता है नगर पंचायत सभासद ऋषभ मिश्रा ने बताया कि मंगलवार को सात मृत्यु गोवंश और लगभग 6 घायल गोवंश पाए गए देखरेख के अभाव में प्रतिदिन गोवंशों की मौत हो रही है इसकी शिकायत मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश से करते हुए संबंधित नोडल अधिकारी पर कार्रवाई की मांग की जाएगी। जिलाधिकारी के निर्देश पर क्षेत्रीय जिम्मेदार अधिकारियों में हड़कंप मच गया और देखते ही देखते मौके पर पशु चिकित्सक के साथ टीम पहुंच गई और घायल गोवंश के उपचार में जुट गए वहीं कुछ समय बाद मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय नोडल अधिकारी उपजिला अधिकारी डलमऊ अभिषेक वर्मा कान्हा गौशाला का निरीक्षण करते हुए मौजूद पशु चिकित्सक से घायल के उपचार की पंजिका मांगी जो नहीं थी जिस पर उप जिला अधिकारी ने जमकर फटकार लगाई और उप जिलाधिकारी द्वारा चारा खाने वाले स्थान की जांच के समय खाली पड़ी चरही के पास भूखे-प्यासे खड़े गोवंश उप जिलाधिकारी की और मुंह उठाकर ताकने लगे जिस पर निर्देशित करते हुए उप जिलाधिकारी ने पशु चिकित्सक से नियमित उपचार के बाद अभिलेख पंजिका में दर्ज करने के निर्देश दिए गए और पर्याप्त रूप से चारा पानी की व्यवस्था दिलाने के भी निर्देश दिए। उप जिलाधिकारी डलमऊ अभिषेक वर्मा ने बताया कि जांच के दौरान मौके पर पांच गोवंश मृत अवस्था में पाए गए तथा पांच गोवंश घायल अवस्था में मिले जिनका उपचार कराया गया है।

## खबरें एक नजर में

### ट्रैफिक इंस्पेक्टर की दरियादिली आई सामने, दुर्घटना में घायल वृद्धा को पहुंचाया अस्पताल

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** स्थानीय थाने मे यातायात प्रभारी के पद पर तैनात रमेश सिंह एवं यातायात आरक्षी मुकेश सिंह की दरियादिली सामने आई है। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि मंगलवार दोपहर तकरीबन 3 :00 बजे के आसपास एक वृद्ध महिला रहमतुन निशा पत्नी शेख मोहम्मद उम्र 70 वर्ष निवासी पश्चिम गांव थाना बछरावां जो की अपने गांव से बछरावां बाजार आई हुई थी, जैसे ही वह कस्बे के मुख्य चौराहे पर रोड पार कर रही थी, तभी एक तेज रफ्तार बोलेरो ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, टक्कर मारने के बाद बोलेरो चालक मौके से फरार हो गया। मौके पर मौजूद यातायात प्रभारी रमेश सिंह ने तत्काल आनन फानन में यातायात आरक्षी मुकेश सिंह के साथ मिलकर ऑटो की मदद से घायल वृद्ध महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया। जहां पर उन्होंने उसका प्राथमिक उपचार कराया, परंतु प्राथमिक उपचार के पश्चात उसकी हालत को गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रायबरेली रेफर कर दिया है।

### महंगाई, महिला अत्याचार, पेपर लीक के मुद्दों पर कांग्रेस करेगी विधानसभा का घेराव

**महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** महराजगंज के कांग्रेसियों ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि ।अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के निर्देश पर एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर उत्तर प्रदेश में हो रहे महिला अपराध, महंगाई, पेपर लीक जैसे मुद्दों पर विधानसभा घेराव करने की रणनीति बनाई गई। महराजगंज में उत्तर प्रदेश सोशल मीडिया प्रदेश संयोजक प्रिन्सू वैश्य ने लोगों से जनसंपर्क कर कार्यक्रम को सफल बनाने का आवाहन किया ।इस मौके पर जैनुल आबदीन, साजिद अली, मो नवी, भरत मिश्रा, कृपा शंकर शर्मा, इरशाद आलम, अमन वैश्य, मनीष वैश्य, सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहें।

### कैंप में विद्युत उपभोक्ताओं ने किया बिलों का भुगतान



**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** विद्युत विभाग के माध्यम से बकाया भुगतान के लिए चुरुवा गाँव में कैंप लगाया गया। कैंप सुबह 9 :00 बजे से शाम 4 :00 बजे तक चला। उपभोक्ताओं द्वारा छूट का फायदा उठाया गया और बकाया बिलों का भुगतान किया गया। इस मौके पर जय रामनाथ सिंह, टीजीटू बिंदा प्रसाद, लाइनमैन स्टाफ बृजेश कुमार, रामदेव शुक्ल, लालता प्रसाद, जीतू यादव एवं उपभोक्ता आलोक कुमार सिंह, जीतू यादव, तेज बहादुर सिंह, अमन तिवारी, हनुमान यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने बिलों का भुगतान किया।

### सफल प्रतिभागियों को खण्ड शिक्षा अधिकारी रेहराबाजार ने पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया



**सादुल्लानगर/ बलरामपुर।** सादुल्लानगर स्थित पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय कन्या में आयोजित वार्षिकोत्सव के खेलकूद, कला, रंगोली प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को खण्ड शिक्षा अधिकारी अधिकारी रेहराबाजार ने पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया खण्ड शिक्षा अधिकारी रमेश वर्मा ने कहा कि शिक्षणेत्तर गतिविधियों से छात्र छात्राओं का व्यक्तित्व विकास होता है व सकारात्मक प्रतिस्पर्धात्मक विचार विकसित होते हैं। मुख्य अतिथि रमेश वर्मा ने रिचा पांडेय, साक्षी पांडेय, कार्तिका पासवान, कोमल, गरिमा मौर्य, रखसार, खुशी कुशवाहा, अंशिका यादव, प्रियंका आदि को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरशद अब्बासी ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया व आगे भी समय समय पर ऐसे आयोजन करने की बात कही। इस अवसर पर कल्पनाथ दूबे, विजेता अग्रवाल, अफसाना, सालिमा आदि मौजूद रहे।

### सादुल्लानगर में फुटपाथों पर अतिक्रमणकारियों का डेरा




**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** कस्बे की प्रमुख सड़कों के पटरियो पर अतिक्रमणकारियों ने डेरा जमा लिया है। सादुल्लाह नगर के समस्या के समाधान को लेकर अतिक्रमणकारियों के सामने प्रशासन बौना साबित हो रहा है। अतिक्रमण हटाने के करवाई की कार्रवाई के बाद फिर अतिक्रमणकारियों का जलवा बिखर जाता है। प्रशासन ने बाजार में आक्रमण अभियान के सभी प्रयास कर तो लिए परन्तु अतिक्रमणकारियों पर कोई खास असर दिखता नजर नहीं आ रहा है। मुबारक मोड़ तिराहा से हनुमानगढ़ी तिराहा के बीच में प्राइमरी स्कूल के सामने आसपास लोगों के अवैध आक्रमण से प्राइमरी स्कूल दृष्टि हीन हो गया है। पी.एम.श्री.विधालय के प्रधानाचार्य अरशद अब्बासी द्वारा लिखित प्रार्थना पत्र देने के बावजूद स्कूल के गेट के आस पास अतिक्रमण कारियों का दबदबा कायम है। हनुमानगढ़ी तिराहा से सिद्धेश्वर नाथ तिराहा तक जामा मस्जिद के आसपास अतिक्रमणकारियों के द्वारा अवैध कब्जा किया गया है। प्रशासन ने हटवाने का भरपूर प्रयास किया लेकिन अतिक्रमणकारियों ने फिर से अतिक्रमण कर लिया। सिद्धेश्वर नाथ तिराहा गूमा तिराहा तक दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण करके आवागमन बाधित कर प्रशासन को चुनौती देता नजर आ रहा है। प्रशासन के द्वारा अतिक्रमण कारियों को चेतावनी देकर अतिक्रमण हटाने को कहा गया था मगर चेतावनी बेअसर दिखाई दे रही है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी ने बताया कि अतिक्रमण से नगर में जाम प्रमुख समस्या है, इसके लिए दुकानदारों की भी नैतिक जिम्मेदारी है कि वह राहगीरों की सुविधा के मद्देनजर सड़क व पटरियों को अतिक्रमण मुक्त रखें। नगर को अतिक्रमण से मुक्त करने के लिए शीघ्र पुनः अभियान चलाया जाएगा।

### मृतक साथी को शोक संवेदना, श्रद्धांजलि देने के लिए लेखपाल संघ ने निकाला कैंडेल मार्च



**बलरामपुर।** मोहनलालगंज तहसील जनपद बरेली जिले के लेखपाल मनीष कश्यप की हत्या के विरोध में उतरौला संघ लेखपाल तहसील अध्यक्ष मदन मोहन श्रीवास्तव के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाला गया। यह मार्च तहसील प्रांगण स्थित उपजिलाधिकारी कार्यालय से शुरू बस्ती माग तक पहुंचा। संघ ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की भी मांग की। लेखपालों ने निकाला कैंडल मार्च कैंडल मार्च में बड़ी संख्या में लेखपाल शामिल हुए। उन्होंने एकजुट होकर मनीष कश्यप को श्रद्धांजलि अर्पित की और न्याय की गुहार लगाई। इस दौरान देवी बख्स सिंह , अर्जुन उपाध्याय, ओम प्रकाश ,ऑशुतोष श्रीवास्तव,सत्यम सक्सेना, गीता लेखपाल, दीपक लेखपाल, राजेश रवि, महेश चौरसिया, हिमांशु, अंबिका, कुंजल, शिवम् आदि लेखपाल मौजूद रहे।

# व्यापारी की हत्या के आरोप में फरार बदमाश पुलिस से मुठभेड़ में गिरफ्तार



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

डलमऊ में व्यापारी की हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। एक सप्ताह पहले घर में घुसकर बदमाशों में व्यापारी की धारदार हथियार से हत्या कर दी थी। पूर्व में चार आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। सभी पुलिस से मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किए गए।

एडिशनल एसपी संजीव कुमार सिन्हा के मुताबिक बछरावां का रहने वाला बदमाश गुरबक्शगंज के रास्ते लालगंज होते हुए कानपुर भागने की फिराक में था। उसी दौरान बदमाश एसओजी और गुरबख्शगंज पुलिस के बीच दाऊदनगर रामपुर मोड पर आमने सामने आ गया। पुलिस से बचने के लिये बदमाश ने देसी तमंचे से फायर कर दिया। पुलिस ने खुद को बचाते हुए बदमाश पर आत्मरक्षा गोली चलाई जो उसके पैर में लगी। बदमाश को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। मुठभेड़ के बाद पकड़े गये बदमाश रामबहादुर पर कानपुर और औरैय्या में चलीस से ज़्यादा मुक़दमे हैं। बीती आठ दिसम्बर को डलमऊ थाना इलाके के नरसवां गांव में किसान के हाथ पैर बांधकर डकैती पड़ी थी। रामबहादुर उसी डकैत गैंग का छठवां सदस्य है जिनमें से पांच पहले ही गिरफ्तार किये जा चुके हैं।

# सफेद हाथी बना सरकारी नलकूप



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

सरकारी नलकूप बना सफेद हाथी मोन ग्राम पंचायत में लगा सरकारी नलकूप(53एमजी) सफेद हाथी साबित हो रहा है। पिछले कई वर्षो से खराब पड़ा हुआ नलकूप की सुध लेने न ही अधिकारी आते हैं न ही कर्मचारी आते हैं न ही जनप्रतिनिधि आते हैं और किसान है कि किसी तरह अपनी खेती कर रहे हैं लेकिन उनके मन में यह टींस हमेशा रहती है। सरकार द्वारा सरकारी नलकूप की व्यवस्था की गई कि हम किसानों को इससे सिंचाई में राहत प्रदान होगी लेकिन ऐसे नलकूप से क्या फायदा जो शो पीस बनकर रह जाए। वही सरकारी नलकूप पर ऑपरेटर की तैनाती भी है लेकिन न ऑपरेटर कभी आता नहीं केवल फोटो खींचा कर चला जाता है जबकि सरकार द्वारा ऑपरेटर को वेतन भी दिया जाता है फिर भी यह नलकूप जस का तस पड़ा हुआ है और इस ओर देखने वाला कोई भी नहीं है। भारतीय जनता पार्टी के प्रांतीय परिषद सदस्य डॉक्टर एमडी पासी ने कहा की सैकड़ो किसने की फसल सूख रही है कई वर्षो से नलकूप खराब पड़ा हुआ है इस ओर ध्यान देने वाला कोई नहीं है जबकि ऑपरेटर तैनात है और वह वेतन भी उठा रहा है। अगर यह नलकूप सही हो जाए तो सैकड़ो किसानों को इससे लाभ होगा। अधिशासी अभियंता का कहना है की नलकूप जांच कराकर नलकूप को सही कराया जाएगा

# अस्पताल में तैनात डॉक्टर की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त होने से लगी आग, चालक व डॉक्टर घायल



**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

लखनऊ से रायबरेली की ओर जा रही एक कार अचानक अनियंत्रित होकर हाईवे के बगल पुलिया से टकरा गई। और आग लग गई आग लगने से चालक व डॉक्टर घायल हुए हैं। घटना सोमवार व मंगलवार की मध्य रात्रि 12:30 बजे के आसपास की बताई गई है। जब जिला अस्पताल में तैनात डॉक्टर अतुल कुमार पांडे अपने चालक इंद्रेश कुमार के साथ लखनऊ से रायबरेली की ओर जा रहे थे। तभी लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर थाना क्षेत्र बछरावां के ग्राम कुंदनगंज के पास पहुंचते ही उनकी कार अचानक अनियंत्रित होकर हाईवे के किनारे एक पुलिया से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी की कार में अचानक आग लग गई। टक्कर लगने के चलते कार चालक इंद्रेश कुमार के सीने में गंभीर चोटे आ गई। वहीं डॉक्टर को भी चोटे आई है और कार में आग लगने की जानकारी होते ही उन्होंने किसी तरह कूदकर अपनी जान बचाई। रात्रि का समय होने के चलते आसपास कोई मौजूद नहीं था, परंतु राहगीरों के द्वारा डॉक्टर व कार चालक को एंबुलेंस की सहायता से हरचंदपुर सीएचसी पहुंचाया गया। वहीं सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड के द्वारा कार में लगी आग को बुझाया जा सका। परंतु तब तक कार जलकर खाक हो चुकी थी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में सब्जी की दुकान में लगी आग

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में सब्जी की दुकान में लगी आग, आग से दुकान में रखा सारा सामान जलकर हुआ राख, मामला लालगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत रेल कोच फैक्ट्री के पास का है जहां शांती नाम की एक महिला छप्पर के नीचे लकड़ी की गुमटी में रखकर सब्जी की दुकान लगाकर अपना जीवन बसर करते थी जिसमें देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई जब तक स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया जाता तब तक छप्पर व लकड़ी की गुमटी सहित दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया।

# क्रांतिकारी विचार धारा मोर्चा ने आजाद पार्क में मनाया महान क्रांतिकारी अमर शहीद राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी का बलिदान दिवस



**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

शहीदों की चिताओं पर लगेगें हर बरस मेले, वतन पर मरने वालों का यही बाकी निशां होगा के संकल्प के साथ बलरामपुर में क्रांतिकारी विचार धारा मोर्चा ने आजाद पार्क में मनाया महान क्रान्तिकारी अमर शहीद राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी का बलिदान दिवस कार्यक्रम में गोष्ठी को संबोधित करते हुए मोर्चा के संयोजक/अध्यक्ष डॉ राकेश चंद्रा ने कहा काकोरी कांड के और दक्षिण में अंग्रेजों पर बम कांड के मास्टर माइंड मां भारती के वीर सपूत श्री राजेंद्र नाथ लाहिड़ी को आज ही के दिन गोंडा जेल में फांसी दी गई थी युवाओं को अपने देश के महान वीर क्रांतिकारियों के विषय में जानना चाहिए उनसे प्रेरणा लेना चाहिए राजेंद्र नाथ लाहिड़ी का अवतरण 1901 तत्कालीन बंगाल के पावना जिले के मोहनपुर गांव में हुआ था इनके पिता क्षितिमोहन लाहिड़ी भी एक देशभक्त क्रांतिकारी थे मां का नाम बसंत कुमारी था। राजेंद्र नाथ लाहिड़ी फांसी से कुछ समय पहले कसरत किया स्नान किया गीता पाठ किया जिसे देखकर अंग्रेज भी हैरान थे इनका साहस और दृढ़ता देखकर उन्होंने कहा कि मैं मरने नहीं जा रहा मै पुनर्जन्म लेकर पुनः मां भारती के सेवा करूंगा और फिर हंसते हंसते वन्देमातरम के उदघोष के साथ फांसी के फंदे को चूम लिया और शहीद हुए। डॉ राकेश चंद्रा ने कहा कि 17 दिसंबर 1927 में राजेंद्र नाथ लाहिड़ी को फांसी दी गई थी और आज ही के दिन 1928 में महान क्रांतिकारी अमर शहीद सरदार भगत सिंह राजगुरु और सुखदेव ने लाला लाजपतराय की हत्या के आरोपी सांडर्स का वध किया था इसलिए आज के दिन का महत्व और बढ जाता है। गोष्ठी में बोलते हुए विहिप के जिलाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने कहा राष्ट्र सर्वोपरि है आज देश इन्हीं महान क्रांतिकारियों के शहादत से भारतवर्ष को गुलामी से मुक्ति मिली है हमे उनके बलिदान को याद करते हुए देश के लिए अपना यथा शक्ति योगदान देना चाहिए कार्यक्रम को विहिप के विभाग मंत्री सुबीर ने भी संबोधित करते हुए अपनी श्रद्धांजली अर्पित किया कार्यक्रम में चंदन, लक्ष्मण, धनीराम, राम अचल, सुभाष, राधे श्याम, मालिक राम मौर्य सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# बाबा मौनी दास ने धर्म की अलख जागई और लोगों को सत्कर्मों से जोड़ाः प्रभात साहू

> बाबा के स्थान पर भंडारा, मेला, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

महराजगंज कस्बे के सुखई का पुरवा बाबा मौनी दास आश्रम पर रामचरितमानस हवन पूजन भंडारा मेला तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन।

चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू ने बाबा मौनी दास आश्राम पहुंच कर जहां अपने हाथों से आए हुए श्रद्धालुओं का भंडारे का प्रसाद खिलाया तो वहीं उन्होंने कहा कि यह हमारे कस्बे का पौराणिक स्थान है तथा बाबा ने हमेशा धर्म की अलख जागई और लोगों को सत्कर्मों से जोड़ा। वही बाबा मौनी दास आश्रम के महंत धर्मदास द्वारा बताया गया कि आश्रम में मेला भंडारा सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर बाबा से सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर हजारों लोग मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न



**बलरामपुर।** डीएम/जिला मजिस्ट्रेट पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों एवं शांति व्यवस्था की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इससे दौरान उन्होंने अभियोजन अधिकारियों एवं शासकीय अधिवक्ताओं के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने महिला, बाल अपराधों एवं जघन्य आपराधिक मामलों में लोअर कोर्ट एवं सेशन कोर्ट में प्रभावी ढंग से पैरवी किए जाने एवं सजा दिलाए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मुकदमों में निर्धारित तिथि पर ही गवाही कराया जाए। इस दौरान उन्होंने वन विभाग के मुकदमों, खाद्य विभाग के मुकदमों में भी प्रभावी पैरवी के किए जाने का निर्देश संबंधित को दिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव, योगेश कुमार, समस्त एसडीएम, क्षेत्राधिकार, अभियोजन अधिकारी, शासकीय अधिवक्ता व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# पेंशनर्स दिवसः कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कैंप में पेंशनर्स की शिकायतों/समस्याओं का किया गया निस्तारण



**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

शासन के दिशानिर्देश एवं जिलाधिकारी पवन अग्रवाल महोदय के निर्देशन में पेंशनर्स दिवस पर पेंशनर्स की शिकायतों/समस्याओं के निस्तारण हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान जनपद के समस्त आहरण-वितरण अधिकारी, अध्यक्ष/सचिव, पेंशनर/वरिष्ठ नागरिक संघ को अपने कार्यालय से सम्बन्धित पेंशनरों की समस्याओं का निराकरण हेतु मौजूद रहें। इस दौरान पेंशनर्स को अंगवस्त्र पहनाकर अपर जिलाधिकारी न्यायिक एवं वरिष्ठ कोषाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। वरिष्ठ कोषाधिकारी द्वारा कोषागार से पेंशन प्राप्त कर रहे पेंशनरो के पेंशन वितरण, पेंशन पुनरीक्षण, पंडित दीनदयाल उपाध्याय कैशलेस चिकित्सा योजना, 80 वर्ष की आयु से अधिक आयु पर देय अतिरिक्त पेंशन/पारिविरक पेंशन आदि कार्यों पर संक्षिप्त प्रकाश डालते हुये कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। पेंशनर्स दिवस पर पेंशनरो की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं सुझाव के दृष्टिगत कार्यक्रम की सार्थकता के उदेद्श्य से पेंशनर संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा विचार/उद्बोधन व्यक्त किये गये। इस दौरान संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## काबू में मलेरिया

यह सुखद है कि पूरी दुनिया में पिछले दो दशकों में मलेरिया के खिलाफजंग में आशातीत सफलता मिली है। जिससे जहां मलेरिया के मामलों में तेजी से गिरावट दर्ज की गई है, वहीं मौत के आंकड़ों में कमी आई है। पिछले दिनों जारी विश्व मलेरिया रिपोर्ट 2024 में कहा गया है कि सार्थक प्रयासों से भारत मलेरिया की दृष्टि से अधिक संवेदनशील देशों की सूची से बाहर निकल गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने हालिया रिपोर्ट में जिक्र किया है कि भारत में मलेरिया के मामलों में जहां 69 फीसदी की कमी आई है, वहीं इससे होने वाली मौतों में 68 फीसदी की कमी आई है। उल्लेखनीय है कि देश के मलेरिया से ज्यादा प्रभावित राज्यों में सघन अभियान चलाया गया। साथ ही जागरूकता अभियान से भी इस दिशा में लक्ष्यों को हासिल करने में मदद मिली है। दरअसल, मलेरिया से ज्यादा प्रभावित राज्यों पश्चिम बंगाल, झारखंड, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में मलेरिया उन्मूलन अभियान युद्ध स्तर पर चलाया गया। इसके चलते भारत को डब्ल्यूएचओ ने उन देशों में शुमार किया है जिन्होंने इस दिशा में आशातीत सफलता हासिल की है। सुखद यह है कि मलेरिया से अधिक प्रभावित देशों मसलन अफ्रीकी देशों में नई वैक्सीन के ट्रायल के बेहतर परिणाम सामने आए हैं। ऐसे में उम्मीद व्यक्त की जा रही है कि हर साल जो लाखों लोग मलेरिया की चपेट में आते हैं, नई वैक्सीन के प्रभाव से उनकी जान के जोखिम को कम किए जाने में मदद मिल सकेगी। दरअसल, वैक्सीन के फेज–2बी के क्लीनिकल ट्रायल के परिणाम बताते हैं कि वैक्सीन सुरक्षित है और मजबूत रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में कारगर है। वैक्सीन की प्रभावशीलता पचपन फीसदी बतायी गई है। उल्लेखनीय है कि मशहूर चिकित्सा पत्रिका लैंसेट में प्रकाशित रिपोर्ट बताती है कि वैक्सीन रक्त में मौजूद मलेरिया की वजह बनने वाले परजीवियों के खिलाफप्रभावी पायी गई है। जिसे जीवन की रक्षा के लिये बड़ी कामयाबी माना जा रहा है।उल्लेखनीय है कि जहां भारत में वर्ष 2017 में मलेरिया के चौंसठ लाख मामले थे, वे वर्ष 2023 में घटकर बीस लाख रह गए। वहीं मलेरिया से होने वाली मौतों पर भी अंकुश लगा है। दरअसल, जागरूकता अभियान से उत्पन्न चेतना तथा चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार से मलेरिया उन्मूलन में खासी मदद मिली है। एक अनुमान के अनुसार कोई पौने दो करोड़ मलेरिया के मामलों को टाला गया है। वहीं मलेरिया जोखिम में भी आशातीत गिरावट आई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दक्षिण पूर्व एशिया के आठ देश मलेरिया से सर्वाधिक प्रभावित थे। जिसमें भारत में भी स्थिति विगत में चुनौतीपूर्ण थी। दरअसल, विश्व स्वास्थ्य संगठन इस बात को लेकर चिंतित था कि इस क्षेत्र में सघन आबादी के चलते दुनिया की एक चौथाई आबादी निवास करती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दक्षिण एशिया के इन देशों में मच्छरों से पैदा होने वाले मलेरिया पर अंकुश लगाने के लिए सहज उपचार की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा था। जिससे लोगों के जीवन पर जोखिम को कम किया जा सके। यह तभी संभव था जब मलेरिया के प्रति संवेदनशील लोगों तक सहजता से उपचार पहुंचा सकें। महत्वपूर्ण बात यह है कि जहां भारत, इंडोनेशिया, बांग्लादेश व नेपाल में मलेरिया के मामलों में गिरावट आई है, वहीं म्यांमार, थाईलैंड व दक्षिण कोरिया में मलेरिया के मामलों में वृद्धि का ट्रेंड देखा गया है। यही वजह है कि मलेरिया उन्मूलन पर 2024 की रिपोर्ट जारी करते हुए डब्ल्यूएचओ ने दक्षिण पूर्व एशिया की कमजोर आबादी पर ध्यान केंद्रित करने को इन देशों की सरकारों से विशेष तौर पर कहा है।

# भारत की असली चिंता घरेलू विकृतियों में है, ट्रम्प के टैरिफ में नहीं

**डॉ. नीलांजन बनिक**

30 नवंबर को अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए निर्वाचित डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया पर एक धमकी पोस्ट की, जिसमें चेतावनी दी गयी कि यदि ब्रिक्स देश अमेरिकी डॉलर को छोड़ देते हैं, तो उन्हें 100 प्रतिशत टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। लेकिन यह कोई नयी धमकी नहीं है और इसी तरह की चेतावनियां अन्य क्षेत्रों पर भी निर्देशित की गयी हैं, जिनमें मेक्सिको और चीन जैसे निकटवर्ती मित्र देश शामिल हैं, औरजिनमें टैरिफके खतरों का विस्तार विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों तक हैं।

नेशनल रिटेल फेडरेशन द्वारा हाल ही में किये गये एक अध्ययन में अनुमान लगाया गया है कि परिधान, खिलौने, फर्नीचर, उपकरण, जूते और यात्रा के सामान पर ट्रम्प के प्रस्तावित टैरिफसे उपभोक्ताओं को सालाना 46 अरब डॉलर से 78 अरब डॉलर तक का अतिरिक्त नुकसान हो सकता है। इन सबका मतलब है उपभोक्ताओं के लिए उच्च कीमतें, और चीनी वस्तुओं के अमेरिकी विक्रेताओं को टैरिफद्वारा प्रेरित मूल्य वृद्धि के कारण व्यापार में नुकसान का डर। जहां एक ओर चीन को टैरिफका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है, वहीं दूसरी ओर भारत सहित अन्य पड़ोसी देशों को छूट मिलने की संभावना नहीं है। ट्रम्प ने न केवल भारत को टैरिफ किंग करार दिया, बल्कि उन्होंने राष्ट्रपति के रूप में अपने अंतिम कार्यकाल के दौरान देश को सामान्यीकृत वरीयता प्रणाली (जीएसपी) से भी हटा दिया था। 1974 के व्यापार अधिनियम द्वारा स्थापित जीएसपी के तहत, अमेरिकी नीति निर्माताओं ने नामित लाभार्थी देशों - मुख्य रूप से कम आय वाले देशों- से लगभग 3,500 उत्पादों के आयात को तरजीही शुल्क-मुक्त (शून्य-टैरिफ) दर पर अनुमति दी। इसका उद्देश्य इन देशों को अमेरिका के साथ अपने व्यापार को बढ़ाने और विविधता लाने में मदद करना था। विश्व बैंक के अनुसार, कम आय वाला देश वह है जिसकी प्रति व्यक्ति आय 2023 में प्रति वर्ष 1,045 से कम है। भारत की प्रति व्यक्ति आय लगभग 2,700 प्रति वर्ष होने के कारण, ट्रम्प की स्थिति तकनीकी रूप से सही है।

भारतीय कम्पनियां अब जीएसपी के तहत तरजीही व्यवहार के लिए योग्य नहीं हो सकती हैं, यह देखते हुए कि भारत अब कम आय सीमा को पूरा नहीं करता है। चूंकि अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य बना हुआ है, इसलिए बढ़ते प्रतिबंधात्मक व्यापार उपायों के साथ देश के लिए दबाव महसूस करना स्वाभाविक है। भारत के कुल निर्यात का लगभग 18 प्रतिशत अमेरिका को निर्देशित किया जाता है, जिसका मूल्य 2023 में 77 अरब और 2022 में 78 अरब था। हालांकि, यदि जीएसपी को वापस लेने सहित पिछले प्रतिबंधात्मक व्यापार उपायों को कोई संकेत माना जाये, तो इसका प्रभाव अपेक्षाकृत मामूली रहा है। जीएसपी के तहत योग्य वस्तुओं की एक त्वरित समीक्षा से पता चलता है कि वे मुख्य रूप से कपड़ा और परिधान, घड़ियां, जूते, काम के दस्ताने, ऑटोमोटिव घटक और चमड़े के परिधान जैसी श्रेणियों में आते हैं।



**भारतीय कम्पनियां अब जीएसपी के तहत तरजीही व्यवहार के लिए योग्य नहीं हो सकती हैं, यह देखते हुए कि भारत अब कम आय सीमा को पूरा नहीं करता है। चूंकि अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य बना हुआ है, इसलिए बढ़ते प्रतिबंधात्मक व्यापार उपायों के साथ देश के लिए दबाव महसूस करना स्वाभाविक है। भारत के कुल निर्यात का लगभग 18 प्रतिशत अमेरिका को निर्देशित किया जाता है, जिसका मूल्य 2023 में 77 अरब और 2022 में 78 अरब था। हालांकि, यदि जीएसपी को वापस लेने सहित पिछले प्रतिबंधात्मक व्यापार उपायों को कोई संकेत माना जाये, तो इसका प्रभाव अपेक्षाकृत मामूली रहा है। जीएसपी के तहत योग्य वस्तुओं की एक त्वरित समीक्षा से पता चलता है कि वे मुख्य रूप से कपड़ा और परिधान, घड़ियां, जूते, काम के दस्ताने, ऑटोमोटिव घटक और चमड़े के परिधान जैसी श्रेणियों में आते हैं।**

भारत द्वारा अमेरिका को किये जाने वाले निर्यात में मुख्य रूप से हीरे (19प्रश), पैकेज्ड दवाइयां (14प्रश), परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पाद (8.9प्रश), ऑटोमोटिव घटक (2.1प्रश), तथा वस्त्र और परिधान (3.7प्रश) शामिल हैं। भारत के अधिकांश प्रमुख निर्यात आय-संवेदनशील हैं, और कमजोर वैश्विक मांग का प्रभाव पड़ रहा है। दूसरी ओर, एक मजबूत भारतीय अर्थव्यवस्था ऊर्जा और जीवाश्म ईंधन की उच्च मांग को बढ़ावा देती है, जिनमें से अधिकांश आयात किये जाते हैं। सरकार ने बढ़ते चालू खाता घाटे को दूर करने के लिए कई कदम उठाये हैं। भारत रूस से रियायती तेल आयात करना जारी रखा है, जिसका व्यापार टोकरी में हिस्सा 1प्रश से बढ़कर 22प्रश हो गया है। पिछले साल भारत ने इथेनॉल उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले 100 प्रश टूटे चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। सोने के आयात पर अंकुश लगाने के लिए सीमा शुल्क को 7.5प्रश से बढ़ाकर 12.5प्रश कर दिया गया।

निर्यात प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आत्मनिर्भर भारत और उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) जैसी पहलें भी की गई हैं। हालांकि, सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण मूल्य वर्धन का योगदान 17प्रश पर स्थिर बना हुआ है, जो विनिर्माण प्रतिस्पर्धा में कोई महत्वपूर्ण सुधार नहीं दर्शाता है। प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और विनिर्माण का एक प्रमुख चालक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रतिस्पर्धात्मकता में गिरावट आ रही है, सकल एफडीआई प्रवाह घटकर मात्र 1प्रश रह गया है, और शुद्ध एफडीआई वित्तीय वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में 0.6प्रश रह गया है - जो 2005-06 के बाद से नहीं देखा गया है। कारोबारी माहौल में कठोरता, उलटा शुल्क ढांचा (आईडीएस), और द्विपक्षीय संधियों को समाप्त करने के भारत के फैसले को एफडीआई के प्रवाह को हतोत्साहित करने के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। विदेशी विनिर्माण दिग्गजों के प्रभुत्व वाले दो सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर विचार करें, अर्थात् ऑटोमोबाइल और कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक्स (सीएसडी)। ये दोनों उद्योग माल और सेवा कर (जीएसटी) की उच्चतम संभव दर को आकर्षित करते हैं जो 28प्रश है और अतिरिक्त उपकर कुल शुल्क को 40प्रश तक ले जाता है। चीनी पेय पदार्थों पर कर लगाने की वैश्विक प्रथा के विपरीत, भारत सीएसडी पर उच्च कर लगाने के लिए खड़ा है। कम और शून्य चीनी वाले सीएसडी पर उच्च कर डब्ल्यूएचओ की सिफारिशों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों की सिफारिशों के विपरीत हैं, जो चीनी सामग्री के आधार पर कर के पक्ष में हैं। 120 से ज्यादा देशों ने स्तरित कर नीतियां अपनाई हैं, जहां कम चीनी सामग्री पर कम कर लगता है, ताकि स्वस्थ उत्पाद सुधार को बढ़ावा मिले। इसी तरह, जब राज्य सरकारें ऑटोमोबाइल पर उच्च सड़क कर लगाती हैं, तो यह धारणा कि मांग में लचीलापन नहीं है और उपभोक्ता इसके बावजूद भुगतान करेंगे, अंततरू विदेशी निवेश को कमजोर कर रही है। अपने पिछले कार्यकाल के दौरान, ट्रम्प ने खुद को एक प्रमुख हथियार डीलर के रूप में स्थापित किया, जो अधिक हथियार बेचने पर केंद्रित था। भारत ने 2008 से लगभग 20 अरब डॉलर के अमेरिकी मूल के रक्षा सामान का अनुबंध किया है।

## सेठ की साथी सरकार

फिर एक बार अडाणी की इज्जत और देश की बेइज्जती आमने-सामने है। सबसे पहले हिंडनबर्ग ने अडानी की कंपनियों पर दुनिया का श्सबसे बड़ा वित्तीय धोखा देने का आरोप लगाया था। जैसे ही हिंडनबर्ग की रिपोर्ट सामने आई, अडानी कंपनी के एक आला अधिकारी ने वीडियो पर भारतीय झंडे के साथ खड़े होकर दुनिया को संदेश दिया कि अडानी को बदनाम करने का मतलब भारत को बदनाम करना है! मोदी सरकार ने हर तरह से इसका समर्थन किया। अब बाजी पलट गई है। अब अमेरिकी सरकार सामने है जो कह रही है कि अडानी व उनके भतीजे सागर अडानी ने घूस देने का अभियान चला रखा है।

मोदी सरकार के भारत में भ्रष्टाचार कोई मुद्दा नहीं रह गया है। इसलिए उसे यह समझना मुश्किल हो रहा है कि भारत में किसी ठेके के एवज में, भारत की एक कंपनी ने, भारत सरकार और उसके अधिकारियों को घूस दी तो उसमें अमेरिका की अदालत को बीच में पड़ने की क्या जरूरत है? जब हमें कोई दिक्कत नहीं है तब अमेरिका के न्याय विभाग और अमेरिका की शेयर बाजार नियामक संस्था के पेट में क्यों दर्द हो रहा है? सरकार के सिपाहियों ने तुरंत मोर्चा संभाल लिया, अमेरिका भारत के विकास से चिढ़कर हमारे अंदरूनी मामलों में दखल दे रहा है! चलिए, हम जरा इस मामले को समझ लें। अडानी कंपनी के लगभग 75 प्रतिशत शेयर परिवार के पास ही हैं। बाकी 25 प्रतिशत शेयरों में सबसे बड़ा निवेश विदेशी कंपनियों का है। हिंडनबर्ग का पहला आरोप यह था बाजार में कृत्रिम अभाव खड़ा करके अडानी कंपनी ने अपने शेयरों के भाव बढ़ाए हैं। अडानी समूह की कंपनियों में सबसे बड़ी निवेशक कंपनी अमेरिका की श्जीक्यूजी पाट्र्नर्ज है। इसका कुल एक्सपोजर 9.7 बिलियन डॉलर है जो अडानी के कुल निजी निवेश का 6.1 प्रतिशत है। अमेरिका में एक कानून है जिसे फॉरेन करप्ट प्रैक्टिसेज एक्ट कहते हैं। अमेरिकी कम्पनियों के लिए बने इस कानून में कहा गया है कि अमेरिका का निवेश, दूसरे देशों में भ्रष्टाचार के लिए इस्तेमाल करना कघनूनी जुर्म है। बस, जोर-जोर से आवाज उठाई गई कि यह कानून अमेरिकी कंपनियों के लिए है तो इसके तहत अडानी परिवार की किसी कंपनी को कैसे फंसा सकते हैं? कुछ नामी-गिरामी वकील भी अकारण इस फटे में टांग अड़ाते हुए मीडिया में आए। सब कहने लगे रू अडाणी पर लगे सारे आरोप बे-बुनियाद हैं! अडानी ने, भारत सरकार ने और भारतीय मीडिया ने अपना फैसला सुना दिया रू सब चंगा सी!

काश ऐसा होता कि शुतुरमुर्ग रेत में सर घुसाता और आंधी खत्म हो जाती लेकिन ऐसा होता नहीं है। अमेरिका से आंधी उठी तो केनिया ने अडानी के साथ के एयरपोर्ट और वैकल्पिक ऊर्जा के कई सौदे रद्द करने की घोषणा कर दी। श्रीलंका की नयी वामपंथी सरकार ने कहा कि वह अडानी के साथ बंदरगाह और पवन ऊर्जा के अनुबंध का पुरावलोकन कर रही है। बांग्लादेश ने भी एक कमिटी का गठन किया है जो अडानी के साथ हसीना सरकार के सारे सौदों की जांच करेगी। फ्रांस जैसे देशों ने भी कहा है कि वे अडानी कंपनियों में अपने निवेश पर फिर से विचार कर रहे हैं। अडानी और उसकी सहयोगी अमेरिकी कंपनी अजुर पर भारत में राज्य सरकारों को लगभग 2200 करोड़ रुपयों की घूस देने का आरोप है। घूस खाने वाले राज्यों में ओडिशा, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर और आंध्रप्रदेश के नाम हैं। आंध्रप्रदेश को 2021-23 के बीच लगभग 1700 करोड़ रुपयों की घूस देने का आरोप है।

मोदी सरकार की सहयोगी आंध्रप्रदेश की चंद्रबाबू नायडू सरकार इस बात की जांच कर रही है कि क्या अडानी के साथ हुए महंगे ऊर्जा सौदों को रद्द किया जा सकता है? मतलब यह कि फाईनान्स व सरकार दोनों में हलचल मची है। अब आइए, यह भी देख लेते हैं कि आखिर कैसे भारत की इज्जत अडानी के नाम के साथ जुड़ गई है। जनवरी 2023 में श्हिंडनबर्ग ने अपनी रिपोर्ट में अडानी पर कॉर्पोरेट इतिहास में सबसे बड़ा घोटाला करने का आरोप लगाया था। कुछ लोग इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे जिसने इन आरोपों की जांच की जिम्मेवारी सेबी को सौंपी। सेबी का हाल यह है उसकी प्रमुख एक ऐसी महिला है जिसे नौकरशाही की बजाय निजी क्षेत्र से लाकर वहां बिठाया गया है। ऐसा सेबी के इतिहास में कभी नहीं हुआ था।

**विचार**

# घरेलू विवाद से दहेज के झूठे मामलों में उलझते पुरुष

**प्रियंका सौरभ**

जब वैवाहिक कलह के कारण घरेलू विवाद उत्पन्न होते हैं, तो अक्सर पति के परिवार के सभी सदस्यों को फंसाने की कोशिश की जाती है। अदालतों को दहेज उत्पीड़न के मामलों में कानून के दुरुपयोग को रोकने के लिए सावधानी बरतनी चाहिए। उन्हें सतर्क रहना होगा कि कहीं कानून का दुरुपयोग कर पति के रिश्तेदारों को फंसया तो नहीं जा रहा। अदालतों को निर्दोष परिवार के सदस्यों को अनावश्यक परेशानी से बचाना चाहिए।




पुरुषों के अधिकारों से तात्पर्य कानूनी और सामाजिक अधिकारों से है, जो ख़ासतौर पर पुरुषों के सामने आने वाली समस्याओं को सम्बोधित करते हैं। भारत में, जबकि महिला सशक्तिकरण पर ध्यान देना जरूरी है, पुरुषों की चुनौतियों पर अक्सर ध्यान नहीं दिया जाता है, जैसे धारा 498ए आईपीसी के तहत घरेलू हिंसा के मामलों में झूठे आरोप, मानसिक स्वास्थ्य सहायता की कमी और सीमित पैतृक अधिकार। साझा पालन-पोषण कानूनों के इर्द-गिर्द हाल की बहसें लैंगिक न्याय के लिए एक संतुलित दृष्टिकोण की आवश्यकता को उजागर करती हैं। भारत में पुरुषों के अधिकारों को अक्सर लैंगिक समानता पर व्यापक चर्चा में कम ध्यान दिया जाता है। घरेलू दुर्व्यवहार के शिकार के रूप में पुरुषों को कानूनी मान्यता नहीं मिलती है, जिससे सुरक्षा की मांग करना या दुर्व्यवहार के मामलों की रिपोर्ट करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। जीवनसाथी द्वारा भावनात्मक, वित्तीय या शारीरिक शोषण के शिकार पुरुषों को सामाजिक कलंक का सामना करना पड़ता है और घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम, 2005 जैसे मौजूदा ढाँचों के तहत कानूनी सहारा नहीं मिलता है।

पुरुषों से भावनाओं को दबाने की सामाजिक अपेक्षाएँ उनके मानसिक स्वास्थ्य की उपेक्षा करती हैं, जिससे आत्महत्या की दर और अनुपचारित मनोवैज्ञानिक समस्याएँ बढ़ती हैं। 2022 के एनसीआरबी के आंकड़ों से पता चलता है कि आत्महत्या के 72.5त्न मामले पुरुषों के हैं, जो लिंग-संवेदनशील मानसिक स्वास्थ्य नीतियों की आवश्यकता पर बल देता है। तलाक या अलगाव कानून मातृ हिरासत का पक्ष लेते हैं, पिता की भूमिका को हाशिए पर डालते हैं और बच्चे के पालन-पोषण में उन्हें समान अधिकारों से वंचित करते हैं। अभिभावक और वार्ड अधिनियम, 1890, मातृ हिरासत को प्राथमिकता देता है जब तक कि माँ को अयोग्य नहीं माना जाता है, जिससे माता-पिता की भागीदारी के लिए पिता के अवसर सीमित हो जाते हैं। धारा 498ए (दहेज उत्पीड़न) जैसे लिंग-विशिष्ट कानूनों का कभी-कभी दुरुपयोग किया जाता है, जिससे निर्दोष पुरुषों को प्रतिष्ठा, वित्तीय और भावनात्मक नुक़सान होता है। राजेश शर्मा बनाम यूपी राज्य (2017) में, सुप्रीम कोर्ट ने धारा 498ए के दुरुपयोग को नोट किया और झूठे आरोपों के खिलाफ सुरक्षा उपाय पेश किए।

पुरुषों के पास शिकायतों को दूर करने के लिए समर्पित संस्थान या हेल्पलाइन का अभाव है सामाजिक रूढ़िवादिता पुरुषों को अपराधी के रूप में चित्रित करती है, संस्थागत दृष्टिकोण को प्रभावित करती है और कार्यस्थल पर दुर्व्यवहार या यौन उत्पीड़न जैसे मामलों में उचित उपचार को सीमित करती है। विशाखा दिशा-निर्देश केवल महिलाओं के लिए कार्यस्थल पर उत्पीड़न को कवर करते हैं, जिससे पुरुष पीड़ितों को भारतीय कानून के तहत समान सुरक्षा नहीं मिलती है।

**पुरुषों के पास शिकायतों को दूर करने के लिए समर्पित संस्थान या हेल्पलाइन का अभाव है सामाजिक रूढ़िवादिता पुरुषों को अपराधी के रूप में चित्रित करती है, संस्थागत दृष्टिकोण को प्रभावित करती है और कार्यस्थल पर दुर्व्यवहार या यौन उत्पीड़न जैसे मामलों में उचित उपचार को सीमित करती है। विशाखा दिशा-निर्देश केवल महिलाओं के लिए कार्यस्थल पर उत्पीड़न को कवर करते हैं, जिससे पुरुष पीड़ितों को भारतीय कानून के तहत समान सुरक्षा नहीं मिलती है। यौन शोषण के वयस्क पुरुष उत्तरजीवी कानूनी ढांचे में अपरिचित रहते हैं, जिससे उन्हें वैधानिक उपचार या संस्थागत सहायता से वंचित रखा जाता है। उदाहरण के लिए, आईपीसी की धारा 375 बलात्कार को केवल एक महिला के दृष्टिकोण से परिभाषित करती है।**

यौन शोषण के वयस्क पुरुष उत्तरजीवी कानूनी ढांचे में अपरिचित रहते हैं, जिससे उन्हें वैधानिक उपचार या संस्थागत सहायता से वंचित रखा जाता है। उदाहरण के लिए, आईपीसी की धारा 375 बलात्कार को केवल एक महिला के दृष्टिकोण से परिभाषित करती है, जिससे यौन उत्पीड़न के पुरुष उत्तरजीवी बिना किसी सहारे के रह जाते हैं। घरेलू हिंसा अधिनियम और आईपीसी की धारा 498ए जैसे मौजूदा कानूनों को संशोधित करके उन्हें लिंग-तटस्थ बनाया जाए, जिससे घरेलू हिंसा और झूठे आरोपों के खिलाफ पुरुषों के लिए समान सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। कनाडा और यूके जैसे देशों में घरेलू हिंसा कानून लिंग-तटस्थ हैं। साझा पालन-पोषण की अवधारणा ऑस्ट्रेलिया में अच्छी तरह से स्थापित है, जो हिरासत के निर्णयों में दोनों माता-पिता के लिए समान विचार को अनिवार्य बनाती है। जापान ने तनाव कम करने को लक्षित करते हुए कार्यस्थल मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम शुरू किए हैं, जिन्हें लिंग-विशिष्ट चिंताओं को शामिल करने के लिए अनुकूलित किया जा सकता है। केरल में पुलिस के लिए नियमित संवेदीकरण कार्यशालाओं के परिणामस्वरूप लिंग-आधारित शिकायतों का अधिक संतुलित संचालन हुआ है। संगठनों को समावेशी कार्यस्थल नीतियों को बाध्यकारी किया जा सकता है जो पितृत्व अवकाश, पुरुषों द्वारा सामना किए जाने वाले यौन उत्पीड़न और मानसिक स्वास्थ्य सहायता जैसे मुद्दों को सम्बोधित करती हैं।



# राशिफल

**मेषः**- प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

**बृषभः**- किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ मिलेगा।

**मिथुनः**- नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

**कर्कः**- काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

**सिंहः**- अच्छे कायरें से परिजनो के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा।

**कन्याः**- कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। प्रणय संबंध के प्रति प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**तुलाः**- भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी।

**वृश्चिकः**- किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनो के अनुकूल चलने की चेष्ठा करें।

**धनुः**- संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**मकरः**- नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभः**- कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कायरे के प्रति लापरवाह होगा।

**मीनः**- थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी।

# आधुनिक जीवन में ध्यान की प्रासंगिकता

**गिरीश्वर मिश्र**

ध्यान किसी तरह का धार्मिक उपक्रम नहीं है। यह बाहर से हट कर अंदर के अनुभवों को सम्बोधित करने वाला वैचारिक (रिफलेक्टिव) प्रयास है। एकाग्रता तथा अवगत या सचेत होना ही इसका मुख्य आधार है जो वर्तमान में बने रहने और मन की शांति को रेखांकित करता है। दरअसल आँख, कान, नाक, त्वचा आदि हमारे सभी संग्राहक बाहर की दुनिया से लगातार उद्दीपक लाते रहते हैं और उस सारी सामग्री की हमारे मन को व्याख्या करनी पड़ती है। हमारी आँखों से एकत्रित सूचनाओं की बाहर की दुनिया से मिलने वाली सम्पूर्ण सूचनाओं के करीब दो तिहाई भाग की हिस्सेदारी होती है। ये सारी सूचनाएँ हमारे चेतन मन पर असर डालती हैं।

तनाव के क्षणों में मन अंदर और बाहर से पैदा होने वाले विचारों से जूझता है। ये विचार ध्यान पाने के लिए आपस में प्रतिद्वंदिता करते हैं और एक-दूसरे से टकराते भी हैं । सूचनाओं की बढ़ती मात्रा से सूचना का अतिभार पैदा होता है। तब अवधान की एकाग्रता घटने लगती है। एक साथ भारी संख्या में आते विचारों की अव्यवस्थित भीड़ का तनाव के अनुभव से बड़ा गहरा रिश्ता है। कहते हैं ध्यान का कार्य एक ब्लैकबोर्ड पर चाक से की गई



सारी लिखावट को डस्टर से साफ करने जैसा होता है। ध्यान मानसिक कोलाहल हटा कर संतुलन लाने का काम करता है। सूचना और संचार की शब्दावली में कहें तो ध्यान करने से हमारी चेतना की बैंडविड्थ बढ़ जाती है।

ध्यान कई प्रकार का होता है। इसे सिर्फ विचार या कल्पना मान लेना ठीक न होगा। ध्यान के अंतर्गत आदमी सजग और सचेत होकर अपने भीतर की ओर गहन स्तर पर केंद्रित होता है। इसे आंतरिक ध्यानाकर्षण भी कह सकते हैं। ध्यान को मुख्यतः दो भागों में रखा जाता है। एकाग्र ध्यान तथा सचेत ध्यान इसके दो मुख्य प्रकार पहचाने गए हैं। एकाग्र ध्यान करने में किसी एक विचार पर अवधान (अटेंशन) को केंद्रित किया जाता है। इसके अंतर्गत किसी मंत्र, शब्द या ध्वनि पर अवधान केंद्रित करना सम्मिलित है। एकाग्र होने से मन भटकता नहीं है। ध्यान के फलस्वरूप होने वाले मुख्य अनुभवों में आंतरिक एकाग्रता, प्रशांति और सहज भाव मुख्य होते हैं। ध्यान में वर्तमान का सम्पूर्ण अनुभव होता है। भावातीत ध्यान भी इसी तरह का है जो पश्चिम में बड़ा लोकप्रिय हुआ। सचेत ध्यान (माइंडफुलनेस मेडिटेशन) में सभी आ रहे विचारों को स्वीकार किया जाता है और उनको नियंत्रित करने की कोई कोशिश नहीं की जाती है। बिना किसी निर्णय या भावनात्मक लगाव के उनको अनुभव किया जाता है। जेन ध्यान, विपश्यना, प्रेक्षा ध्यान, सहज ध्यान आदि कई प्रकार के ध्यान की परम्पराओं का विकास हुआ है। वस्तुतः ध्यान से हमारी चेतना की दशा में बदलाव आता है। विस्तार में कहें तो देश और काल के अनुभव, वर्तमान की उन्मुखता, ग्रहणशीलता में वृद्धि और स्वयं को अतिक्रांत करने की वृत्ति जैसे बदलाव प्रमुखता से पाए गए हैं। कई अध्ययनों से पता चलता है कि ध्यान लगाने से जैविक शारीरिक स्तर पर अनेक परिवर्तन आते हैं। इनमें आक्सीजन की खपत में कमी, हृदय गति का धीमा होना तथा रक्तचाप कम प्रमुख हैं। ध्यान करने से मस्तिष्क में अल्फ़ा तरंगें अधिक होती हैं।

ध्यान के लिए जरूरी है कि शांत स्थान पर आराम से स्थिर बैठने का अभ्यास किया जाए। तब श्वांस को सहज बना कर साक्षी भाव अपनाते हुए मन में आ-जा रहे विचारों की गुणवत्ता का परीक्षण किया जाता है। स्वीकार करने की मनोवृत्ति के साथ केंद्रित और अविचलित बने रहना ध्यान की बड़ी उपलब्धि होती है। कहते हैं कि ध्यान एक मानसिक झाड़ू जैसा होता है जो मन के सभी कोनों में सफाई कर देता है। ध्यान मन की स्थिति है जिसके लिए एकाग्रता का अभ्यास जरूरी होता है। वस्तुतः ध्यान हमारी चेतना का अंतरण है। यह एक व्यवस्थित और पद्धतिबद्ध प्रक्रिया है। अभ्यास के साथ शरीर, स्वांस, इंद्रियाँ और मन इन सभी पर हम क्रमशः केंद्रित होते चलते हैं। आमतौर पर योगासन, स्ट्रेचिंग, आराम (रिलैक्सेशन), श्वांसन अभ्यास के बाद ज्ञान मुद्रा के साथ सुखासन या पद्मासन में बैठ ध्यान किया जाता है।

ऐसे में अहं को चेतना के केंद्र की ओर ले जाना सम्भव हो पाता है। शांति, आनंद, स्वतंत्रता ही हमारी मूल प्रकृति है। जीवन और मृत्यु, आगमन-प्रस्थान सरीखे होते हैं। आंतरिक विकास तथा आत्मा और स्व के प्रति जागरूकता ध्यान की श्रेष्ठ उपलब्धि है। ध्यान के सतत अभ्यास से तनाव का प्रतिरोध संभव होता है और मानसिक शांति की अवस्था में वृद्धि होती है। ध्यान से आनंद में वृद्धि तथा अनुभव में संतुष्टि, स्पष्टता और सजगता आती है। तब शरीर विश्रांत, मन केंद्रित और स्वास्थ्य अच्छा होता है। ध्यान का उपचारात्मक प्रभाव पड़ता है और अभ्यास करने वाला व्यक्ति आत्मनिर्भर और आंतरिक बल से सम्पन्न होता है। ध्यान का अभ्यास करने के दौरान कई तरह की बाधाएँ आती हैं। ध्यान करने वाले को साक्षी भाव अपनाते हुए इन बाधाओं की उपेक्षा करनी चाहिए। चूँकि मन बड़ा चंचल होता है, ध्यान को लेकर अक्सर प्रतिरोध भी अनुभव किया जाता है जो निरंतर अभ्यास से नियंत्रित होता है। धीरे-धीरे ध्यान की अवधि और गहनता बढ़ाई जाती है। इसी जटिलता के कारण गुरु की आवश्यकता पड़ती है। ध्यान समूहों और अन्य साधक जनों से सहायता ली जानी चाहिए। मन में स्वीकार की भावना के साथ अभ्यास लाभप्रद होता है।

आधुनिक जीवन शैली जिस तरह सूचनाओं के प्रवाह से आक्रांत हो रही है उसमें हमारा अवधान न केवल खंडित हो रहा बल्कि उसकी अवधि संक्षिप्त और गहनता घट रही है। ऐसे में ध्यान का अभ्यास विद्यार्थियों, व्यवासाय में लगे लोगों सबके लिए महत्वपूर्ण होता जा रहा है। इसकी सहायता से हम जीवन की गुणवत्ता बढ़ा सकते हैं और देश व समाज को योगदान कर सकेंगे। जब हमारा मस्तिष्क विचारों के भार से मुक्त या कहें स्वच्छ रहता है तो नए विचारों की स्वीकार्यता बढ़ जाती है। तब नए दृष्टिकोण आते हैं, नई उद्भावनाएँ आती हैं और अनसुलझी समस्याओं को सुलझाने के लिए सूझ भी मिलती है। सीखने के लिए उचित परिवेश जरूरी है और ध्यान हमें एकाग्र करके इसे संभव बनाता है। वह हमें आत्मचेतस बनाता है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो.नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# डीएम ने लक्ष्य से कम वसूली पर राठ मंडी सचिव का रोका वेतन

- पांच वर्ष से अधिक पुराने वादों का शत प्रतिशत निस्तारण के दिए आदेश

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**




कर करेत्तर एवं राजस्व कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने मंडी समिति राठ की लक्ष्य के सापेक्ष वसूली प्रगति खराब पाए जाने पर मंडी सचिव राठ का वेतन रोकने के निर्देश दिए। कहा कि मंडी समितियो में बिचौलिए नही पाए जाने चाहिए। बिचौलियों को चिन्हित कर एफआईआर दर्ज कर उन्हें जेल भेजा जाए। मंडी में किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करायी जाय।

बैठक में जिलाधिकारी ने वाणिज्य कर विभागए स्टांप एवं पंजीयन विभाग आबकारी विभाग परिवहन विभागए वन विभाग खनन विभाग विद्युत विभाग एमंडी समिति नगरीय निकायों की वसूली की समीक्षा की तथा लक्ष्य के सापेक्ष वसूली को प्राप्त करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि कर करेत्तर से संबंधित सभी विभागों द्वारा प्रवर्तन कार्यों को बढ़ाया जाए तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष के अंतर्गत वसूली का जो लक्ष्य प्राप्त हुआ है उसको समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाए। राजस्व कार्यों की समीक्षा में जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व विवादों एवं भूमि विवादों का युद्ध स्तर पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण हो। पाच वर्ष से अधिक पुराने वादों का शत प्रतिशत निस्तारण कर दिया जाय। पैमाइश पत्थर गड़ी से संबंधित प्रकरणों का मिशन मोड में निस्तारण किया जाय। कहा कि लंबित पेंशन प्रकरणों को 10 दिन के अंदर निस्तारित किया जाय इसमें किसी तरह की शिथिलता न बरती जाए। न्यायालयों एवं विभिन्न आयोगो के पेंडिंग कार्य शीघ्र निस्तारित किए जाएं। उन्होंने कहा कि खतौनी खसरा वरासत अमल दरामद के पेंडिंग कार्यों को समयबद्ध ढंग से निस्तारित करें तथा सभी वरासत समय से दर्ज हो । कहा कि सभी अमीनो के वसूली के कार्यों की नियमित रूप से समीक्षा की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि आय जाति निवास संबंधी प्रमाण पत्रों को समयबद्ध ढंग से बनाया जाए तथा आईजीआरएस एमुख्यमंत्री हेल्पलाइन संदर्भ का नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जाएए इनके अंतर्गत प्राप्त होने वाली शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किया जाएए शिकायतों के निस्तारण के पश्चात लाभार्थियों से फीडबैक भी लिया जाए किसी भी दशा में शिकायत डिफाल्टर संदर्भ की श्रेणी में न आने पाए जिले के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## शार्ट सर्किट से आग लगने से लाखों के विद्युत उपकरण जलकर खाक

- अग्निशमन दल ने बमुश्किल आग पर पाया काबू

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



नगर के बाजार में बीती रात एक इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में विद्युत शार्ट सर्किट से आग लगने से लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। अग्नि शमन दल ने बमुश्किल आग पर काबू पाया।

नगर के उपरौस निवासी राजा बाबू बाजार में पानी के टंकी के समीप तनु इलेक्ट्रॉनिक्स के नाम से शोरूम खोले हुए हैं। सोमवार की रात अचानक उसकी दुकान से आग के शोले उठनते देख आसपास के लोगों ने इस घटना की सूचना राजा बाबू की देने के साथ-साथ अग्निशमन दल को भी दी जिस पर अग्निशमन दल ने मौके पर पहुंच जल रही आग पर पानी की बौछारें डाल उसे शांत किया लेकिन तब तक राजा बाबू की दुकान में रखें एक दर्जन से अधिक एलसीडी, स्टेबलाइजर व अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जलकर राख में बदल गए। राजा बाबू ने इस अग्निकांड में ढाई लाख से अधिक की क्षति का अनुमान लगाया है। आग लगने का कारण विद्युत शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी माना जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### हमीरपुर रोड रेलवे स्टेशन का नाम सूचना पट पर दर्ज कराने को लेकर अधिवक्ता ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

घाटमपुर समृद्धि न्यूज़ , हमीरपुर रोड़ रेलवे स्टेशन का नाम व दूरी सूचना पट पर दर्ज न होने के कारण 17 दिसंबर 2024 दिन मंगलवार को उदय नारायण एडवोकेट वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य जिला अधिवक्ता संघ हमीरपुर ने हमीरपुर जिलाधिकारी को लिखित पत्र देते हुए अवगत कराया कि हमीरपुर रोड़ रेलवे स्टेशन हमीरपुर जनपद मुख्यालय व नेयवेली पावर प्लांट घाटमपुर का रेलवे स्टेशन है। राष्ट्रीय राजमार्ग व लोक निर्माण विभाग द्वारा लगाए गए बोर्डो में हमीरपुर रोड़ रेलवे स्टेशन का नाम व दूरी किसी बोर्ड पर अंकित नहीं है। आम आदमी की सुविधा द्रष्टिगत व प्रतिष्ठित स्थान होने के कारण बस स्टैंड हमीरपुर, बांध, तथा आनूपुर मोड़ तक सभी बोर्डो में हमीरपुर रोड़ रेलवे स्टेशन व दूरी अंकित नहीं है, जिसको अंकित किया जाना आवश्यक है।

### प्रधान प्रतिनिधि को गाली गलौज कर मारापीटा, पुलिस से शिकायत

**राठ(हमीरपुर)**। मुकदमा में राजीनामा न करने पर प्रधान प्रतिनिधि को रास्ते में रोककर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित प्रधान प्रतिनिधि ने पुलिस से लिखित शिकायत की ही। कोतवाली के करगवां गांव निवासी विनय राजपूत ने पुलिस को बताया कि वह प्रधान प्रतिनिधि हैं। मंगलवार की दोपहर करीब 12 बजे गांव की मैन सड़क पर खड़ा था। तभी गांव दो व्यक्ति आए और रास्ता रोककर पुराने विवाद में हुए झगड़ें पर मुकदमें राजीनामा न करने से गाली करने लगे। विरोध करने पर उक्त व्यक्ति जान माल की धमकी देने लगे। बताया उक्त व्यक्तियों से उसे व उसके परिवार को जान.माल का खतरा है। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

### बाइकों के भिड़ंत में दोनों बाइकसवार घायल, भर्ती

**कुरारा(हमीरपुर)**। कस्बा कुरारा के इंडियन बैंक के सामने दो बाइक आमने सामने दोपहर में भिड़ गई। जिससे दोनो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए ।दोनो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए ले गए। जहां से दोनो को जिला अस्पताल रिफर किया गया है। कस्बा कुरारा के पालीवाल मोहल्ला वार्ड दस निवासी अमित पुत्र राम आसरे यादव बाइक से जा रहा था। तभी इंडियन बैंक के सामने जनपद जालौन के कदौरा थाना क्षेत्र के कुसमरा गांव निवासी विजय पुत्र लालमन ने सामने से आकर टक्कर मार दिया जिससे उंगली में फैक्चर हुआ है। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है।

### शहीदी सप्ताह में सुनाए जाएंगे सफर-ए-शहादत के किस्से

**आगरा**। आगरा के गुरुद्वारा दशमेश दरबार शहीद नगर विभव नगर में 22 से 28 दिसंबर तक शहीदी सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन किया। पत्रकारों को आयोजन के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। आगरा में सिख समाज ने गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों के शहीदी दिवस की तैयारियां तेज कर दी है। पंजाबी विरासत द्वारा जहां विशाल मानव श्रृंखला का आयोजन किया जाएगा। वहीं गुरुद्वारा दशमेश दरबार शहीद नगर विभव नगर में शहीदी सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। शहीदी सप्ताह में प्रतिदिन कथा और कीर्तन के माध्यम से लोगों को सफ्र ए शहादत के किस्से सुनाएंगे जाएंगे। सभी को बताया जाएगा कि किस तरह चारों साहिबजादों ने देश और धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। प्रधान हरपाल सिंह ने बताया कि 22 से 28 दिसंबर तक सुबह 8 बजे से 10 बजे तक और रात में 7 बजे से 9 बजे तक गुरु गोबिंद सिंह के परिवार द्वारा दी गई शहादत को नमन किया जाएगा। सफ्र ए शहादत शहीदी सप्ताह पर गुरुओं को समर्पित गुरबाणी का आयोजन किया जाएगा। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पवित्र गोद में बैठकर पंथ के महान कथा विचारक कुलदीप सिंह श्री दरबार साहिब अमृतसर वालों द्वारा कीर्तन किया जाएगा। गुरशरण सिंह द्वारा विशेष तौर पर शहादत ए सफ्रछह पोह से चौदह पोह तक जुल्म के खिलाफशहादत की जानकारी कथा द्वारा दी जाएगी।

## सड़क दुर्घटनाओं में तीन घायल, एक जिला अस्पताल रिफर

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**




क्षेत्र में हुई अलग-अलग घटनाओं में तीन लोग घायल सभी घायलों को लहू लुहान हालत कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत एक की हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार विवांर थाना क्षेत्र के लदार गांव निवासी राम सिंह व राम सजीवन के साथ एक बाइक में सवार होकर रीवन गांव की सोसाइटी में खाद लेने के लिए जा रहे थे तभी रीवन गांव के निकट एक गाय ने भैंस को मार दिया जिससे भैंस बाइक सवार को जोर का धक्का दे दिया जिससे बाइक सहित सड़क पर गिर दोनों गंभीर रुप से घायल हो गए दोनों घायलों को लहूलुहान की हालत में नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया राम सजीवन की हल्की चोटे आने पर इलाज के बाद छुट्टी कर दी गई। वहीं बाइक चालक राम सिंह हालत गंभीर होने होने पर प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। दूसरी घटना हरीराम पुत्र भूरा पढोरी गांव निवासी को मंगलवार की दोपहर मधुमक्खियों ने हमला कर घायल कर दिया जिससे गंभीर अवस्था में वहां मौजूद लोगों ने कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज उसका इलाज जारी है।

**खेल महोत्सवः सेमीफाइनल मुकाबला**

## बनारस ने रामपुर और करमपुर ने महाराष्ट्र को हराया

- आज करमपुर और बनारस के मध्य खेला जाएगा फाइनल मुकाबला

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



कस्बे में आयोजित मौलाना सलीम मेमोरियल हाकी टूर्नामेंट में मंगलवार को दो सेमीफाइनल मैच खेले गए। जिसमें पहला मुकाबला रामपुर और बनारस के मध्य खेला गया। जिसमें बनारस ने अपने दूसरे हाफ के 38वें मिनट में पहला गोल कर 1.0 से निर्णायक बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद मैच के अंतिम छोर में 56वें मिनट में दूसरा गोल कर बनारस ने 2.0 रामपुर को हरा कर फाइनल में प्रवेश पा लिया।

इस मुकाबले में मैन ऑफ दी मैच बने संदीप को मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता चौधरी जुन्नूरैन ने ट्राफी देकर सम्मानित किया। बनारस को 2.0 से अंतर से हरा दिया। वहीं दूसरे मैंच भुसावल महाराष्ट्र और करमपुर के मध्य खेला गया। जिसमे रेलवे भुसावल ने अपने पहले क्वार्टर के चौथे मिनट में पहला गोल कर करमपुर के ऊपर दबाव बना लिया। इस दबाव से उबरते हुए करमपुर ने अपने दूसरे क्वार्टर के 20वें और 22वें मिनट में एक के बाद एक लगातार दो गोल कर मैच को पलट दिया। करमपुर ने भुसावल के ऊपर दबाव बनाते हुए दूसरे हाफ मे तीसरे क्वार्टर के 39वें मिनट में अपना तीसरा गोल कर मैच में 3.1 से निर्णायक बढ़त हासिल कर ली इसी तरह मैच के अंतिम छोर तक दोनों टीमें गोल करने के लिए लड़ती लेकिन समय पूरा हो गया। जिसमें करमपुर ने मुकाबला जीतकर फाइनल में प्रवेश पा लिया। इस मुकाबले में करमपुर के रवी मैन आफ दी मैच रहे जिन्हें इस दूसरे मुकाबले के मुख्य अतिथि खालिद खान उर्फ बबलू पठान ने ट्राफी देकर सम्मानित किया। हॉकी मैच में रैफरी की भूमिका सैय्यद अली मुशीर खान रूपेंद्र कुमार लाल खान ने निभाई जबकि टैक्निकल जज रफीक खान एवं स्कोरिंग जज अबरार अहमद रहे।वहीं खेल के उपरांत कमेटी अध्यक्ष बीतू बादशाह मुशर्रफ कमाल नौशाद संजरी ने मौजूदा दोनों अतिथियों का फूल माला पहनाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान इमरान चंदू साजिद आसिफ गुलरेज हामिद उल्ला इफ्तिखार माबूद रजा सहित समस्त कमेटी सदस्य उपस्थित रहे। वहीं हजारों की संख्या में दर्शकों ने शानदार सेमीफाइनल मैंच का आनंद लिया। जबकि टूर्नामेंट का संचालन अख्तर मास्टर ने किया।

## चेयरमैन कुरारा ने डिप्टी सीएम से मिलकर बतायी अपनी पीड़ा

- चेयरमैन ने ईओ को तत्काल हटाने की मांग की
- अतिक्रमण न हटने से रोजाना हो रही हैं सड़क दुर्घटनाएं, नगर विकास मंत्री ने समस्या को हल कराने का दिया आश्वासन

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



नगर पंचायत कुरारा की चेयरमैन आशारानी कबीर ने डिप्टी सीएम व नगर विकास मंत्री से मिलकर नगर के विकास में बाधा बने ईओ को तत्काल हटाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि नगर में अतिक्रमण जोरों पर है मगर अफसरों का सहयोग न मिलने के कारण अतिक्रमण अभियान नही चल पा रहा है। जिससे आय दिन दुर्घटनाएं होती रहती है।

जानकारी के मुताबिक नगर कुरारा के विकास में एकदम ब्रेक लग गया है चेयरमैन व ईओ में आपसी तालमेल न होने के कारण शासन ने आने वाली योजनाएं संचालित नही हो पा रही है,बंदन योजना के तहत शासन से आया 95 लाख रुपये का बजट वापस लौट गया है। इस धनराशि से नगर का कायाकल्प हो जाता है मगर ईओ राम बदन यादव की हठधर्मिता के चलते विकास एक दम अवरुद्ध हो गया है। चेयरमैन आशारानी कबीर ने डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक व केशव प्रसाद मौर्य व नगर विकास मंत्री एके शर्मा से मिलकर अपनी पीड़ा बतायी है। हालाकि नगर विकास मंत्री ने उनकी समस्या को शीघ्र ही हल करने के आश्वासन दिया है। इधर चेयरमैन व ईओ की खीचतान के चलते छोटे कर्मियों का बेतन नही मिल पा रहा है, सरकारी भुगतना एकदम रुक गये है, साफ-सफाई व प्रकास व्यवस्था पर भी असर आ रहा है। चेयरमैन ने बताया कि नगर में अततिक्रमण जोरो पर है लोगो को निकलना मुश्किल हो रहा है। आय दिन सड़क दुर्घटनाएं होती है इसके लिये कमेटी गठन करने के लिये कई मर्तवा मांग कर चुकी है मगर कोई सुनने वाला नही है,डिप्टी सीएम से चेयरमैन ने बताया कि शासन से बजट आवंटन होने के बाद भी वह नगर का विकास नही करा पा रही है इससे भाजपा की छवि खराब हो रही है। ईओ जानबूझकर पार्टी की छवि खराब कर रहे है, नगर विकास मंत्री ने कहा है कि मामले को शीघ्र हल किया जायेगा।

## चैरिटेबल सोसायटी ने भीषण सर्दी में वितरित किए कम्बल



**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।**

चैरिटेबल सोसायटी के द्वारा दादा नगर एसबीआई चौराहे पर भीषण सर्दी को देखते हुए आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद सैकड़ो व्यक्तियो को कम्बल वितरित किए गए। इस मौके पर अध्यक्ष सुनील मेहता एवं उपाध्यक्ष अखिलेश गर्ग ने बताया कि विगत वर्षो से सोसायटी अनाथालय एवं वृद्धाश्रम में खाद्य सामग्री एवं आवश्यक सामग्री वितरित की जाती है। तथा मूकबधिर एवं दृष्टिबाधित बच्चों के लिए शिक्षा में अनुदान दिया जाता है। वही उपाध्यक्ष अरुण मिश्रा तथा सचिव आलोक त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय त्योहारों पर मजदूरों एवं कामगारों को सोसायटी मिठाईयां तथा अन्य सामग्री वितरित कर उनको खुशियां देने का कार्य सोसायटी करती है। इसी श्रृंखला में आज सैकड़ो जरूरतमंदों को निशुल्क गर्म कम्बल वितरित किए गए। गर्म कम्बल जैसे ही जरूरतमंदों को मिले उनके चेहरे पर मुस्कान दिखी। कम्बल पाकर महिला कामगार गीता ने सोसायटी के सदस्यों की प्रशंसा करते हुए किए जा रहे कार्यो की सराहना की। अध्यक्ष सुनील मेहता एवं उपाध्यक्ष अखिलेश गर्ग ने बताया कि वर्ष 2015 से सोसायटी निर्धन तथा निर्बल समाज के उत्थान की दिशा में कार्य कर रही है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीएमडी कानपुर प्लास्टी पैक लिमिटेड शशांक अग्रवाल के द्वारा किया गया। मुख्य रूप से श्रीकान्त राय आलोक त्रिपाठी एसके सिंह एसएन सिंह धर्मेन्द्र अवस्थी संजय दास मानता प्रमोद कुमार जे पी शुक्ला केके सिंह शुभांकर बाजपेई यश सनातन राम कुमार यादव बी एल माली सहित काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पोकलैंड मशीन चलाकर माफिया कर रहे अवैध खनन

- ग्रामीणों ने डीएम से की शिकायत, अस्थायी पुल का भी किया निर्माण

**राठ, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



तहसील के मझगवां थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुछेछा स्थित मोती कटरा बालू खदान में खनन माफियाओं के द्वारा भारी भरकम पोकलैंड मशीनों से अवैध खनन कर सभी नियमों और मानकों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। इतना ही नहीं प्रशासन की साथ गांठ से यह खनन माफिया नदी के बीच की जलधारा से प्रतिबंधित पोकलैंड मशीनों के द्वारा बालू का अविवेक पूर्ण तरीके से दोहन कर रहे हैं। इसके लिए खनन माफियाओं ने बाकायदा नदी की जलधारा को प्रभावित करते हुए अस्थाई रूप से मिट्टी डालकर पुल भी बना लिया है।

झांसी जनपद के मोती कटरा की इस बालू खदान में आने वाले सभी ट्रकों में ओवरलोड बालू भरकर राठ क्षेत्र से उनकी निकासी की जाती है। जिससे इस बालू खदान मैं आने वाले सभी ट्रक ओवरलोड बालू भरकर राठ तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवों से फर्राटा भरते हुए निकलते हैं। बता दें कि जिस मार्ग से बालू के यह ओवरलोड ट्रक अवैध परिवहन करते हैं। उन गांवों की सड़कें पूरी तरीके से ध्वस्त हो चुकी हैं। अवैध परिवहन करने वाले बालू से भरे यह ओवरलोड ट्रक आए दिन हादसों को भी अंजाम देते रहते हैं। आज मंगलवार दोपहर राठ कोतवाली के इकठौर गांव के निवासी करीब आधा सैकड़ा ग्रामीणों ने ट्रकों को रोक कर जाम लगाते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन कर बालू के ओवरलोड अवैध ट्रैकों की निकासी को बंद कराए जाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि ट्रक चालक दबंगई के बल पर ओवरलोड ट्रक लेकर यहां से तेज गति से निकलते हैं। जिससे ग्रामीणों को हमेशा जान का खतरा बना रहता है। उन्होंने बताया कि मोती कटरा गांव की खदान में जमकर पोकलैंड मशीनों से अवैध खनन किया जा रहा है। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से अवैध खनन और अवैध परिवहन को बंद कराए जाने की मांग की है।

## जिला पंचायत राज अधिकारी ने किया सालट गांव का भ्रमण

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**




जनपद महोबा की चरखारी विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सालट में आज जिला पंचायत राज अधिकारी चंद्र किशोर वर्मा ने पहुंचकर तमाम विकास कार्यों का निरीक्षण किया तथा कामों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से करने का निर्देश दिया। गांव स्कूलों के आसपास व गांव की सड़कों पर सफाई के प्रति विशेष रूप से सजग रहने के लिए पंचायत के सभी कर्मचारी को फटकार लगाई।तथा पब्लिक की समस्याएं जैसे पानी की समस्या सड़क की समस्या शिक्षा की समस्या इन समस्याओं को जिम्मेदारीपूर्ण निभाने का निर्देश ग्राम प्रधान पूजा देवी को दिया गया तथा ग्राम पंचायत के तमाम कागजी कार्यों में पब्लिक को परेशानी ना आए इसके लिए पंचायत सहायक को भी निर्देशित किया तथा पंचायत भवन में बताओ नियम की उपस्थित रहने की अनुमति दी।

### दबंगों ने जमकर मारापीटा

**राठ(हमीरपुर)**। कोतवाली के धमना गांव निवासी रमेश पासवान पुत्र कृपाल ने बताया कि सोमवार की रात करीब साढ़े आठ बजे वह अपने दरवाजे पर बैठा था। उसी दौरान उसके दरवाजे पर गांव का एक व्यक्ति पुराने विवाद को लेकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उसे मारा-पीटा। मारपीट से उसके शरीर में चोटें आई हैं। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

## लोक सेवा आयोग की पीसीएस परीक्षा को शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराएंः डीएम

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी मृदुल चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय सभागार में लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पीसीएस परीक्षा-2024 की तैयारियों के सम्बन्ध में सेक्टर/स्टैटिक/जोनल मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि लोक सेवा आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। आयोग द्वारा प्रतिबन्धित सामग्री कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र के अन्दर लेकर न जाने पाये। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को अपने-अपने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जायेंगी। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को परीक्षा निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने के निर्देश दिये। जिला विद्यालय निरीक्षक गिरधारी लाल कोली ने बताया कि लोक सेवा आयोग द्वारा पीसीएस परीक्षा-2024 दिनांक 22 दिसम्बर 2024 को जनपद के 10 परीक्षा केन्द्रों यथा- वीर भूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ब्लॉक ए, वीर भूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ब्लॉक बी, राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कालेज, डीएवी इंटर कॉलेज, राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज महोबा, राजकीय इंटर कॉलेज श्रीनगर, राजकीय गंगा सिंह इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चरखारी में आयोजित की जा रहीं है। परीक्षा में कुल 4128 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा दो पालियों प्रथम पाली-प्रातः 09:30 से 11:30 एवं द्वितीय पाली की परीक्षा अपरान्ह 02:30 बजे से सायं 04:30 बजे तक आयोजित की जायेंगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व राम प्रकाश, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## दो पक्षों में खूनी संघर्ष, नाबालिक बालिका सहित दर्जनभर घायल

**चरखारी महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



चरखारी कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम गौरहरी एवं अकटौहा के बीच खेतों में बकरी चराने को लेकर हुए विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में नाबालिग बालिका व महिलाओं सहित एक दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज चरखारी सीएचसी में हुआ साथ ही गंभीर रूप से घायल 3 लोगों को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय महोबा रिफर किया गया है। घटना आपस में जुड़े मौजा गौरहरी और अकठौंहा का है। जहां महेन्द्र पुत्र गया प्रसाद निवासी गौरहरी के खेत परमेश्वरी दयाल पुत्र पुन्ना निवासी अकटौहा के खेत के आस पास हैं। परमेश्वरी दयाल का आरोप है कि महेन्द्र और उसके परिजन मेरे खेतों में लगे पेड़ों को बकरी चराने के लिए काटकर क्षतिग्रस्त करते थे और मेरे खेत में कण्डे भी पाथते हैं। जब इन्हें मना किया तो महेन्द्र और उसके परिजन एकत्रित होकर लाठी डण्डे एवं कुल्हाड़ी लेकर आ गये जिनसे जानबचाकर भागे तभी रास्ते में मेरे परिजन भी आ गये दोनों पक्षों में कहा सुनी हुई और मारपीट हो गई। घटना में गौरहरी निवासीगण महेन्द्र, तेजसिंह, भूपेन्द्र, गीता, फूलारानी व अकटौंहा से परमेश्वरी दयाल, बृजेन्द्र, राकेश, शिवकुमारी, सुमित्रा, वलवान आदि घायल हो गए। घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र चरखारी लाया गया गम्भीर हालत को देखते हुए तीन लोगों को जिला चिकित्सालय महोबा रेफर कर दिया है। बाकी घायलों का चरखारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। कोतवाली प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया दोनों पक्षों की तहरीर प्राप्त हो चुकी है मामले की जाँच कर कार्यवाई की जायेगी।

# पेंशनर्स की समस्याओं का होगा त्वरित निदान: डीएम

**पेंशन भोगियों का पेंशन मौलिक अधिकार, सुप्रीम कोर्ट ने 17 दिसंबर 1982 को दिया था फैसला: बाबूलाल वर्मा**

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

लोक सभागार में पेंशनर दिवस पर जिला प्रशासन ने एक कार्यक्रम का आयोजन किया जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने की। अपर जिलाधिकारी इन्द्रसेन, वरिष्ठ कोषाधिकारी अमित कुमार सिंह एवं सेनि कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बाबू लाल वर्मा, सेनि कर्मचारी एवं पेंशनर संघ, के अध्यक्ष रूपनारायण बैसवार, से0नि0 प्राथमिक शिक्षक संघ सहित लगभग 250 पेंशनर व विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारी इस कार्यक्रम में भाग लिया और 80 वर्ष से अधिक के पेंशनरों मुन्नूलाल तिवारी, अनिरुद्ध लाल गुप्ता, राजेन्द्र निगम,सनत कुमार वर्मा, रामचंद्र वर्मा, हरिनाम सिंह, हरिनारायण



तिवारी, रामबहादुर वर्मा, अम्बर प्रसाद, राम नारायण वर्मा को अंगवस्त्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया।

पेंशनरों की मांगों से सम्बन्धित ज्ञापन कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुत किये गये। जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा पेंशनरों की मांगों पर शीघ्र कार्यवाही व समस्याओं के त्वरित निदान कराये जाने का आश्वासन दिया गया। सेनि कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा ने डीएम को ज्ञापन देते हुए कहा कि पेंशनभोगी 17 दिसंबर को कभी नहीं भूल सकते। 1982 में इसी दिन मुख्य यशवंत विष्णु चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली संवैधानिक पीठ ने डीएस नाकारा द्वारा दायर प्रसिद्ध मामले में पेंशनभोगियों के पेंशन के मौलिक अधिकार को बरकरार रखते हुए ऐतिहासिक फैसला सुनाया था। निर्णय में स्पष्ट रूप से कहा गया था कि पेंशन न तो कोई उपहार है और न ही नियोक्ता की मधुर इच्छा पर निर्भर रहने वाला अनुग्रह है और यह 1972 के नियमों के अधीन एक निहित अधिकार का निर्माण करता है जो कि प्रकृति में वैधानिक है क्योंकि उन्हें संविधान के अनुच्छेद 309 के प्रावधान और अनुच्छेद 148 के खंड (5) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के तहत अधिनियमित किया गया है। पेंशन कोई अनुग्रह भुगतान नहीं है बल्कि यह पहले की गई सेवा के लिए भुगतान है और यह एक सामाजिक कल्याण उपाय है जो उन लोगों को सामाजिक-आर्थिक न्याय प्रदान करता है जिन्होंने अपने जीवन के सुनहरे दिनों में नियोक्ता के लिए इस आश्वासन पर लगातार काम किया कि बुढ़ापे में उन्हें बेसहारा नहीं छोड़ा जाएगा। नाकरा जन्म वर्ष पर 17 दिसम्बर 2014 को पेंशनर दिवस घोषित किया गया है। श्री वर्मा ने कहा कि श्री नाकारा के जन्म शताब्दी को पेंशनर्स दिवस - वरिष्ठ नागरिक दिवस पर उन्हें आदरांजलि अर्पित करते हुए पेंशनर्स की समस्याओं को जिला प्रशासन निस्तारण कराए। कार्यक्रम में अजयप्रकाश सहायक कोषाधिकारी), रविशंकर मिश्रा (मुख्य रोकड़िया), हेमन्त श्रीवास्तव (प्रभारी सहायक कोषाधिकारी), हिमांशु श्रीवास्तव, संतोष सागर, सुशील कुमार व प्रशांत सिंह सहित अन्य कोषागार कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# भूमाफिया ग्राम समाज की भूमि पर कर रहा कब्जा, लगाई गुहार

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली नगर के बड़ेल बाहरी सीमा के गांव फतहाबाद के दर्जनों निवासियों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर शमशान की ग्राम समाज की भूमि को भू-माफिया द्वारा गिरोहबंदी करके अवैध कब्जा कर प्लाटिंग करने से रोकने की मांग की है। फतहाबाद निवासी अनुसूचित जाति के मदन सिंह, फूलचंद, बृजेश कुमार, हंसराज गौतम, रामसेवक, मंशाराम, नन्हेलाल, मोनू, रामभरोसे, बंशीलाल आदि दर्जनों लोगों ने जिलाधिकारी को प्रार्थनापत्र देकर ग्राम समाज की भूमि गाटा संख्या 1367 रकबा 0.1390 हे0 जो अभिलेख में ऊसर व नाला भूमि दर्ज है, इस भूमि पर उक्त ग्रामीणों की पुस्तैनी पुरखों की कब्रें है, ग्रामीणों के यहाँ जिस किसी की मृत्यु होती है वहीं लोगों का अंतिम संस्कार होता है। लोगों ने बताया कि इस भूमि पर 04 यूकेलिप्टस, व 12 शीशम व बबूल सहित दो दर्जन पेड़ लगाए गए थे जो 40 साल पुराने हैं जिनका आज भी हम लोग देखरेख करते हैं।

उक्त लोगों ने आरोप लगाया है कि दबंग भूमाफिया आर सी पटेल (रमेशचंद्र पटेल) व उनके गुर्गों द्वारा जबरन उसके एक हिस्से पर बाउंड्रीवाल बना ली है तथा उसके बाहर भी मिट्टी डालकर अवैध कब्जा किया जा रहा है। शमशान की भूमि पर अवैध कब्जा रोकने पर आमादा फौजदारी कर गाली गलौज कर रहे हैं।

# सुरक्षा का एहसास के लिए जवानों ने निकाला गया मार्च

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कस्बावासियों को सुरक्षा का एहसास दिलाने के लिए मंगलवार की शाम 101 आरएएफ प्रयागराज के कमांडेंट मनोज कुमार गौतम व सहायक कमांडेंट राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में आर ए एफ व पुलिस के जवानों ने नगर पंचायत हैदरगढ़ के विभिन्न वार्डों में पैदल मार्च किया। कोतवाली हैदरगढ़ से प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी के साथ निकाला यह पैदल मार्च कोतवाली से शुरू होकर लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे होते हुए नवज्योति गली में गया। यहां के बाद सब्जी मंडी एवं कुरेशी वार्ड से रायबरेली रोड होते हुए फिर से कोतवाली हैदरगढ़ में पहुंचकर समाप्त हो गया।

# कार व ई रिक्शा में हुई भिड़ंत, महिला सहित तीन लोग घायल, महिला ट्रामा सेंटर रेफर

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली क्षेत्र में हैदरगढ़ रायबरेली मार्ग पर मंगलवार की दोपहर बाद अर्टिगा कार और ई रिक्शा में हुई जोरदार भिड़ंत में ई रिक्शा चालक सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

गंभीर रूप से घायल एक महिला सवारी को गंभीर अवस्था के चलते ट्रामा सेंटर के लिए रेफर किया गया है।



जानकारी के अनुसार हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र के तहत हैदरगढ़ रायबरेली मार्ग पर अंदूपुर चौराहा के निकट दोपहर बाद करीब ढाई बजे एक अर्टिगा कार ने सड़क के किनारे खड़े ई रिक्शा को साइड से जोरदार टक्कर मार दी। जिसके चलते जनपद रायबरेली के थाना शिवगढ़ अंतर्गत शाहपुर ग्राम निवासी राजाराम तथा पूरे अवस्थी निवासी रंजन पुत्र सीताराम एवं राधा पत्नी रामपाल गंभीर से घायल हो गए। घायलों को आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुचाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर उमंग वर्मा द्वारा तीनों घायलों का उपचार करने के बाद गंभीर अवस्था के चलते राधा पत्नी रामपाल को ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

# नाली विवाद में दो पक्षों में मारपीट गर्भवती सहित दो लोग घायल

**फतेहपुर बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

- सभी घायलों को सीएचसी फतेहपुर में कराया भर्ती
- दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर की जा रही जांच

थाना क्षेत्र फतेहपुर के ग्राम बसारा में पहले से चले आ रही नाली विवाद की रंजिश के कारण मे दो पक्षों मे मारपीट हो गयी।

जानकारी के अनुसार सोमवार की देर रात बसारा गाँव मे पूर्व से चले आ रहे नाली के विवाद को लेकर गाँव के ही दो पक्षो मे अवधेश कुमार व बनवारी के बीच मामूली कहासुनी को लेकर मारपीट हो गई।

जिसमे एक पक्ष बनवारी लाल व उनकी प्रेग्नेंट बहन मीना देवी और दूसरे पक्ष के अवधेश कुमार और उनकी बहन रोशनी घायल हो गई।परिवारीजनो ने सभी घायलो को एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर में लाकर भर्ती कराया। जहां मौजूद चिकित्सको ने सभी घायलो का इलाज शुरू किया। इसरौली चौकी प्रभारी साधना सिंह ने बताया की नाली के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई है।सभी घायलो को उपचार के लिए सीएचसी फतेहपुर भेजा गया है। दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच की जा रही है।

# पूर्व माध्यमिक सड़वा में मासिक संकुल बैठक आयोजित

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** विकास खंड हैदरगढ़ अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय सड़वा में मंगलवार को मासिक संकुल बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें न्याय पंचायत कमेला के अलग अलग पूर्व माध्यमिक विद्यालय से आए 13 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

बैठक में शत प्रतिशत छात्र की उपस्थित व निपुण लक्ष्य को सफल बनाने पर विशेष जोर दिया गया । शिक्षक आरती सिंह ने ड्रॉप आउट छात्रों की कक्षा संचालन एवं शिखा शुक्ला द्वारा अपार मॉड्यूल पर विस्तृत चर्चा की गई। इस मौके पर मुख्य रूप से शिक्षक प्रेम नारायण मिश्र,अजय दुबे अरुण यादव ,राजेंद्र , किशोर पाण्डेय , अखंड प्रताप ,प्रमोद रंजन सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।



# दुकान में रखी बैटरी में ब्लास्ट, बुजुर्ग घायल

**फतेहपुर, बाराबंकी।** कस्बा फतेहपुर के पटेल नगर में ब्यूटी पार्लर की दुकान में रखी बैटरी के ब्लास्ट होने से बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र बिहुरापुरवा गांव की सुरेश चंद्र 65वर्षीय की बहू कस्बा फतेहपुर के पटेल नगर स्थित एलआईसी ऑफिस के नीचे अनुश्री नाम से ब्यूटी पार्लर चलाती हैं।मंगलवार की सुबह रोज की तरह सुरेश चंद गांव से आकर ब्यूटी पार्लर का ताला खोलकर उसमें रखी चार्जिंग वाली बैटरी को सोलर पैनल से कनेक्ट कर रहे थे कि अज्ञात कारणो के चलते अचानक बैटरी में भीषण ब्लास्ट हो गया।बैटरी के ब्लास्ट होने के कारण सुरेश चंद उसकी चपेट में आ गए और वहीं गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।पार्लर के अंदर धमाके की आवाज सुन स्थानीय दुकानदारों ने जब अंदर जाकर देखा तो सुरेश चंद अचेत अवस्था में उन्हें तड़पते हुए दिखाई पड़े।घटना देख आनंन-फानन में स्थानीय दुकानदारों और परिवारीजनों द्वारा उपचार के लिए फतेहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत को चिंताजनक बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।घटना से बुजुर्ग की हालत नाजुक होने के कारण परिवारीजनों में हड़कंप है।

## खबरें एक नजर में

### मदरसा के परीक्षा फॉर्म के चालान फार्म की अंतिम तिथि 28 दिसम्बर

**जैदपुर बाराबंकी।** मदरसा दारुल उलूम आरफिया, जैदपुर-बाराबंकी में उप्र मदरसा बोर्ड के मुंशी/मोलवी/आलिम (अरबी/फारसी) परीक्षा-2025 हेतु फार्म भरे जा रहे हैं, जिसके चालान फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि 28 दिसम्बर 2024 है। उक्त जानकारी मदरसे के प्रिंसपल मौलाना असलम ने दी है। बताते चलें कि उप्र मदरसा बोर्ड के मुंशी/मोलवी/आलिम (अरबी/फारसी) परीक्षा-2025 हेतु फार्म भरे जा रहे हैं, जिसके चालान फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि 28 दिसम्बर 2024 है। मदरसे के प्रिंसिपल मौलाना असलम ने जानकारी देते हुये बताया कि ख्वाहिशमंद सम्पर्क करें।

### हाइवे की पटरी पर निकला विशालकाय अजगर

**जैदपुर बाराबंकी।** एनएच 28 किनारे पटरी पर अजगर निकलने से आसपास रहने वालों मे हड़कंप मच गया। आननफानन ग्रामीणो व राहगीरो ने इसकी सूचना वन विभाग के कर्मचारी को दी। सूचना के घंटो बाद पहुंचे वनकर्मी मौके पर पहुँचे। गनीमत ये रही कि ठंढ की वजह से धूप मे ही बैठा रहा नही तो फिर से जंगल मे वापस जा सकता था। कई बार इस जंगल मे अजगर दिखने से लोगों मे दहशत बनी हुई है। बताते चले की मंगलवार की सुबह करीब 9 बजे थाना सफदरगंज क्षेत्र के लखनऊ अयोध्या हाइवे के किनारे विशालकाय अजगर दिखने से हड़कंप मच गया ठंढ की वजह से धूप सेंक रहे विशालकाय अजगर पर अचानक राहगीरों की नजर पड़ी। विशालकाय अजगर देख हाइवे पर धीरे-धीरे लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर घंटों लेट पहुँचे वन विभाग के कर्मचारियों ने अजगर का रेस्क्यू किया।वहीं इस सम्बन्ध मे वन दरोगा दीपक गौड़ ने बताया की अजगर दिखने की सूचना मिली थी तत्काल मौके पर पहुँच कर अजगर का रेस्क्यू कर के उसे दूर जंगल मे छोड़ दिया गया है।

### एसडीएम ने फॉर्मर रजिस्ट्री का किया औचक निरीक्षण

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने फॉर्मर रजिस्ट्रेशन कैम्प औचक निरीक्षण कर उन्होंने लेखपाल पंचायत सहायक व कैंप से संबंधित कर्मचारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश। क्षेत्र के श्याम नगर गांव में फार्मर रजिस्ट्रेशन कैम्प का एसडीएम प्रीति सिंह ने निरीक्षण किया। कैम्प में फार्मर रजिस्ट्री की साइड न चलने के कारण किसान व नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल आदि परेशान दिखे। मंगलवार को तहसील सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के ग्राम श्याम नगर में फार्मर रजिस्ट्रेशन कैम्प नायब तहसीलदार श्वेताभ सिंह की अध्यक्षता एंव शुधांसू कटियार के संयोजन में आयोजित कैम्प का एसडीएम प्रीति सिंह ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान फार्मर रजिस्ट्री साइड सरवर डाउन होने के कारण नहीं चल पा रही थी।एस डी एम प्रीति सिंह ने समय से कैम्प लगाने आदि निर्देश राजस्व कर्मियों को दिया।

### प्रधान के घर के काम न करने पर पंचायत सहायक से की मारपीट

**जालौन,उरई।** ग्राम पंचायत सहायक ने प्रधान पर घर के काम कराने और काम न करने पर गाली, गलौज व मारपीट कर धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मलकपुरा निवासी ऋषिकांत ने पुलिस को बताया कि वह गांव में पंचायत सहयक के पद पर कार्यरत है। आरोप लगाया कि उनके गांव के प्रधान अमित व उनके बड़े भाई अतुल पंचायत भवन में साफसफाई व झाडू लगाने का कार्य कराते हैं। इतना ही नहीं वह उस पर घर के व निजी काम करने का भी दबाव बनाते हैं। पंचायत सहायक ने आरोप लगाया कि बीती नौ दिसंबर को दोपहर करीब तीन बजे वह पंचायत के कार्य करके घर लौट रहा था। तभी रास्ते में दोनों भाई मिल गए और उसे डराने धमकाने लगे। जब उसने कारण पूछा तो गाली, गलौज करते हुए हाथापाई कर दी। इतना ही नहीं धमकी देकर वह अपने घर में घुस गए। पीड़ित पंचायत सहायक की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

# घरेलू बंटवारे को लेकर दुकान में रखा सामान उठाने की शिकायत

**जालौन ,उरई।** घरेलू बंटवारे को लेकर परिवार के ही लोगों द्वारा दुकान को तोड़ने और दुकान में रखा सामान उठा लेने की शिकायत पीड़ित दुकानदार ने एसपी को शिकायती पत्र देकर की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बालमभट्ट निवासी इकराम खां ने पुलिस को बताया कि उनकी एक दुकान मोहल्ला नया भवानीराम में है। जिसमें वह ऑटो पार्ट्स के सामान की बिक्री करते हैं। यह दुकान उन्हें घरेलू बंटवारे में मिली थी। लेकिन उनके परिवार के ही कुछ लोग उनकी इस दुकान को हड़पना चाहते हैं। जिसके लिए वह उसे कई बार रेशान कर चुके हैं। बीती 15 दिसंबर की रात वह दुकान बंद कर घर चला गया था। आरोप लगाया कि रात में ही परिवार के लोग दुकान पर पहुंच गए और दुकान की एक दीवार ध्वस्त कर दी।

# पथरेहटा खंड 5 से निकल रहे बगैर रॉयल्टी ओवरलोड ट्रक

- प्रतिदिन शासन को हो रही लाखों के राजस्व की क्षति, टूट रहीं करोड़ों की लागत से बनी सड़के

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**



प्रशासन भले ही ओवरलोडिंग पर लगाम कसने के बड़े-बड़े दावे करता हो लेकिन कदौरा क्षेत्र में ये सभी दावे फेल होते नजर आ रहे हैं। कदौरा चतेला मार्ग पर शाम ढलते ही ओवरलोड ट्रकों की लंबी लंबी कतारे लग जाती है। जिससे दूसरे वाहनों का निकलना भी मुश्किल हो जाता है। अपनी क्षमता से कई गुना अधिक बालू से भरे ओवरलोड ट्रक जब सड़क पर चलते हैं तो उनकी गति बहुत धीमी होने की वजह से जाम की स्थिति बनी रहती है। जिससे कि दूसरे वाहनों का निकलना मुश्किल हो जाता है। पथरेहटा खंड 5 से निकल रहे बगैर रॉयल्टी के बालू भरे ओवरलोड ट्रकों की वजह से प्रतिदिन शासन को लाखों रुपए के राजस्व की क्षति हो रही है।

शाम ढलते ही मोरम खंड के रास्ते पर ओवरलोड ट्रकों की लंबी कतारे लग जाती है जो कि लोकेशन मिलते ही सड़क पर दौड़ने लगते हैं। यह ओवरलोड ट्रक खनिज विभाग द्वारा बनाए गए चेक गेट की पकड़ में भी नहीं आते क्योंकि ट्रक ड्राइवर पहले ही बालू को ओवरलोड कर त्रिपाल से ढक देते हैं जिससे कि यह गाड़ियां खनिज विभाग के स्वचालित चेक गेट को भी चकमा देकर आसानी से निकल जाती हैं और इन पर कोई कार्यवाही नहीं हो पाती। लेकिन बगैर खनिज विभाग के रहमों करम के यह इतना आसान नहीं है क्योंकि प्रत्येक बालू खंड पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं जिनका कंट्रोल खनिज विभाग के पास है खनिज विभाग के अधिकारी कहीं से भी इन पर निगरानी कर सकते हैं।

जो भी गाड़ियां बालू भरकर मोरम खंड से निकलती है वह भी सीसीटीवी कैमरा की निगरानी में ही रहती हैं। फिर आखिर कैसे मोरम खंड से बगैर रॉयल्टी ओवरलोड ट्रक निकल जाते हैं? पथरेहटा खंड 5 से ओवरलोड ट्रक लेकर निकले ड्राइवर ने बताया कि गाड़ी में 80 टन लोड है प्रति टन के हिसाब से पैसे लेते हैं जितना चाहे उतना लोड करा लो फिर रॉयल्टी नहीं देते। यदि प्रशासनिक टीम औचक कार्यवाही करें तो करोड़ों के राजस्व की प्राप्ति के साथ ही अवैध परिवहन पर भी लगाम लग सकती है।

# मेडिकल कॉलेज में बीओप्सी मशीन का प्रधानाचार्य ने किया शुभारंभ

**उरई,जालौन।** जिला मुख्यालय के कालपी रोड़ स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज में फेफड़ों से बलगम (बीओप्सी) निकालने की अत्याधुनिक मशीन ब्रोंकोस्कोपी का उद्घाटन किया गया। अब लंग्स (फेफड़े) की कैंसर की जाँच बीओप्सी, न्युमोनिआ की फेफड़े से बलगम निकालकर कल्चर, वायरस, फंगस जैसे घातक जीवाणुओं की जांच संभव होगी।

डॉ. विक्रम गौतम विभाग्याध्यक्ष पल्मोनरी मेडिसीन चेस्ट विभाग ने सारा श्रेय प्रिंसिपल डॉ. अरविन्द त्रिवेदी को दिया और डॉ. प्रशांत निरंजन सीएमएस के पूर्ण सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए बताया यह जाँच आसपास के कई जिलों और शहरों में मौजूद नहीं है। इस जांच के शुरू होने पर आसपास के 50 जिलों के मरीजो को लाभ मिलेगा। उद्घघाटन करने पहुंचे प्रिंसिपल डॉ. अरविन्द त्रिवेदी और डॉ. प्रशांत निरंजन साथ में डॉ. शैलेन्द्र ने पल्मोनरी मेडिसिन के विभाग्याध्यक्ष डॉ. विक्रम गौतम के अथक प्रयासों की प्रशंशा करते हुए कहा कि उरई मेडिकल कॉलेज का चेस्ट विभाग नयी उपलब्धिया और लेटेस्ट जाँच शुरू करके उरई मेडिकल कॉलेज को नयी ऊंचाईयों पर ले जाकर बड़े बड़े अस्पतालों को टक्कर दे रहा है।

# पेंशनरों ने उठाई समस्याएं, दिए समाधान के निर्देश

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

आयुक्त कार्यालय के गांधी सभागार में मंगलवार को दसवें पेंशनर दिवस का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह के निर्देशन में अनिरूद प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), की अध्यक्षता में ममता सिंह मुख्य कोषाधिकारी द्वारा आयोजित कराया गया। पेंशनर दिवस में मुख्य रूप से विभिन्न पेंशनर्स संघ जैसे प्रीतम सिंह अध्यक्ष,इं. उमेश चन्द्र महामंत्री, एल के मिश्र तथा मीडिया प्रभारी इत्यादि पदाधिकारियों एवं लगभग तीन सौ की संख्या में पेंशनरों तथा विभिन्न विभागों के कार्यालयाध्यक्षों/प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। पेंशनर एवं विभिन्न पेंशनर्स संघों द्वारा उठायी गयी विभिन्न समस्याओं एवं प्रत्यावेदनों/ सुझावों के त्वरित निस्तारण हेतु विभागों को निर्देशित किया गया एवं उन्हें पेशन सम्बन्धी नवीनतम शासनो देशों/ प्रक्रियाओं से भी अवगत कराया गया।सभी पेंशनर्स संगठनों एवं पेंशनरों तथा आहरण एवं वितरण अधिकारियों द्वारा कोषागार के कार्यप्रणाली एवं व्यवहार की एक सुर से प्रशंसा की गयी।कार्यक्रम का समापन अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)



एवं मुख्य कोषाधिकारी ने पेंशनर दिवस में आये हुये 80 वर्ष से अधिक उम्र के 10 पेंशनरों को सम्मानित करते हुए शाल पहनाकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रशान्त कुमार वर्मा एवं दुर्गेश बिहारी दुबे कोषागार लेखाकार द्वारा किया गया है। इस कार्यक्रम में कोषागार परिवार के गणेश दत्त पाण्डेय (सहायक कोषाधिकारी) अमरनाथ सिंह,सुरेश कुमार, अरुणिम वेद एवं सभी कोषागार कर्मियों ने प्रतिभाग किया। साथ ही समापन के उपरान्त सुरेश खन्ना,वित्त मंत्री द्वारा पेंशनर दिवस कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की गयी,जिसमें लगभग दस पेंशनरों से वार्तालाप करके कोषागार की कार्यालय से अवगत व संतुष्ट हुए।

# एसडीएम ने लेखपालों की मीटिंग में फार्मर आईडी पर दिया जोर

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार को उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह अध्यक्षता में लेखपालों तथा राजस्व कर्मचारियों की साप्ताहिक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान किसान पंजीकरण तथा जरूरतमंदों को कम्बल वितरण करने के लिए जोर दिया गया।

तहसील सभागार में तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी तथा नायब तहसीलदारों तारा शुक्ला, चंद्र मोहन शुक्ला की मौजूदगी आयोजित बैठक में लेखपालों को निर्देश देते हुए उपजिलाधिकारी ने कहा कि ठंडक का मौसम शुरू हो गया है। इसलिये जरूरत मंदों को पात्रता के तहत कम्बल वितरण करना सुनिश्चित किया जाये। निर्धारित प्वाइंटों में अलाव जलाने की व्यवस्था की जाये। उन्होंने बताया कि राजस्व के मामलों को प्राथमिकता से निस्तारण किया जाये। आइजीआरएस पोर्टल में दर्ज शिकायतों का तत्परतापूर्वक मौके पर जाकर के गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण नियत तिथि से 3 दिन पहले किया जाए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने किसानों की फार्मर आईडी बनाने के काम को पूरा करने के लिये जोर दिया। उन्होंने अवगत कराया कि गांवों में सरकारी भूमि में अतिक्रमण पर कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाये।

## अदालती सूचना

**एफ.सी.जे. फार्म नं.33 भाग 7 हेतु संदर्शित की सूचना (साधारण प्रारूप)**

न्यायालय श्रीमान् उपजिलाधिकारी गोला जिला लखीमपुर खीरी वाद संख्या 131 सन् सन् 2024 वादी

**मनोरमा देवी**

**बनाम**

**आदित्य राज सिंह आदि उर्फ**

**प्रतिवादी**/विपक्षी 1. आदित्य राज सिंह उर्फ शिवम पुत्र योगेन्द्र सिंह निवासी ग्राम गौरीगंज मजरा शीतलपुर ग्रन्ट परगना हैदराबाद तह. गोला जिला खीरी। 2. युवराज सिंह उर्फ प्रियांशू पुत्र योगेन्द्र सिंह निवासी ग्राम गौरीगंज मजरा शीतलपुर ग्रन्ट परगना हैदराबाद तह. गोला जिला खीरी। 3. नीरज कुमार पुत्र मुन्ना लाल निवासी ग्राम अहिरी परगना हैदराबाद तह. गोला जिला खीरी। 4. रेशमा देवी पत्नी छोटेलाल निवासी ग्राम गौरीगंज मजरा शीतलपुर ग्रन्ट परगना हैदराबाद तह. गोला जिला खीरी। 5. गौरव कुमार पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम गौरीगंज मजरा शीतलपुर ग्रन्ट परगना हैदराबाद तह. गोला जिला खीरी। 6. सौरभ कुमार पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम गौरीगंज मजरा शीतलपुर ग्रन्ट परगना हैदराबाद तह. गोला जिला खीरी। 7. सम्यक आन्नद पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम गौरीगंज मजरा शीतलपुर ग्रन्ट परगना हैदराबाद तह. गोला जिला खीरी। 8. सुरेन्द्र कुमार पुत्र तिलक राम निवासी ग्राम गौरीगंज मजरा शीतलपुर ग्रन्ट परगना हैदराबाद तह. गोला जिला खीरी। 9. नरेन्द्र कुमार पुत्र तिलक राम निवासी ग्राम गौरीगंज मजरा शीतलपुर ग्रन्ट परगना हैदराबाद तह. गोला जिला खीरी। 10. ग्राम सभा जंगल नं. 13 द्वारा प्रधान परगना हैदराबाद तह. गोला जिला खीरी।

# बिना अनुशासन के हम जीवन में आगे नहीं बढ़ सकते : संयम शास्त्री

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

भगवान महावीर स्वामी के 2550 वां निर्वाण महोत्सव पर आचार्य सुनील सागर महाराज की पावन प्रेरणा से प्रवर्तित अहिंसा रथ सत्य-अहिंसा, सदाचार-शाकाहार, मैत्री भाव और व्यसन मुक्ति का संदेश प्रसारित करता हुआ आज आचार्य आदि सागर अंकलीकर इंटर कॉलेज में पहुंचा और वहां पर अहिंसा रथ का भव्य स्वागत किया गया तथा भगवान महावीर की प्रतिमा का अभिषेक,पूजन तथा आरती विद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ.अनिल कुमार जैन, प्रबंधक/मंत्री विशुन कुमार चौधरी कोषाध्यक्ष सनत कुमार जैन तथा सदस्य कमल किशोर जैन ने किया। रथ के



संचालक पप्पू भाई तथा संयम शास्त्री ने छात्र और छात्राओं को महावीर स्वामी के बारे में बताया तथा उनके बताए गए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया उन्होंने कहा जीवन में अनुशासन का होना अत्यंत आवश्यक है बिना अनुशासन के हम अपने जीवन में आगे नहीं बढ़ सकते और यह भी बताया कि हमें जीवन के हर परिस्थिति में धैर्य रखना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सोहिनी यादव उप प्रधानाचार्या अचला वर्मा, राज किशोर वर्मा,सुनील कुशवाहा,विपिन कुमार, चेतन सिंह,अविनाश कुमार बाथम, शिखा अग्रवाल, कंचन वर्मा, सुमित यादव, श्रुति यादव, अनुष्का सक्सेना,सुमित सिंह,दिनेश कुमार, शुभ्रा सक्सेना, प्रीति राही दिव्या यादव,शिवम पोरवाल आदि उपस्थित रहे।

# दहेज की मांग पूरी न हुई विवाहिता को घर से निकाला

**जालौन,उरई।** अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर ससुरालियों ने मारपीट कर विवाहिता को घर से निकाल दिया। पीड़िता ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दमां निवासी दीक्षा ने पुलिस को बताया कि उसके पिता अशोक कुमार ने दो वर्ष पूर्व उसकी शादी मध्य प्रदेश के जिला अशोकनगर के कचनार निवासी आशीष कुमार के साथ की थी। शादी के बाद से ही ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज में नकदी की मांग शुरू कर दी। जब उसने पिता को इसके बारे में बताया तो पिता ने ससुरालियों से बात की और उन्हें बताया कि शादी में ही काफी खर्च हो गया है।

# मानवता के लिए करें विज्ञान का उपयोग: डॉ.गुप्ता



**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता,उसका क्रियान्वयन महत्वपूर्ण होता है। जो भी कार्य करें,उसको बेहतर करने का प्रयास करें,क्योंकि हमेशा वर्तमान ही इस पृथ्वी पर श्रेष्ठ होता है। विज्ञान से कई कार्य पूर्ण हुए हैं लेकिन विज्ञान का उपयोग मानवता के लिए होना चाहिए। यह बातें देवीपाटन मंडल के संयुक्त शिक्षा निदेशक/अयोध्या मंडल के उप शिक्षा निदेशक डॉ. ओम प्रकाश गुप्ता ने कही।वह राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान प्रयागराज की ओर से जिले के एसएसवी इंटर कॉलेज में आयोजित 52वीं राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2024 को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि इस पृथ्वी पर कोई भी परिपक्व नहीं होता।जन्म से लेकर मृत्यु तक व्यक्ति सीखता ही रहता है।यह सतत चलने वाली प्रक्रिया है। विज्ञान उसमें परिपक्वता प्रदान करता है।उन्होंने कहा कि हालात कैसे भी हों,कितना ही विपरीत हों। उस हालत में जीवन जीना चाहिए।

जीवन जीने की कला जानकर और वर्तमान को आत्मसात करके जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह जरूर है कि भविष्य की संभावनाओं में विज्ञान साथ दे सकता है,लेकिन मानवता उसको पूरक बनाती है। प्रधानाचार्य डॉ. मणि शंकर तिवारी ने स्वागत संबोधन प्रस्तुत करते हुए कहा कि 18 मंडलों के लगभग 504 बाल वैज्ञानिक इस विज्ञान प्रदर्शनी में प्रतिभाग कर रहे हैं।

# नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत ड्रोन उड़ाना सीखेंगी महिलाएंः डीएम



कन्नौज, समृद्धि न्यूज़। बैठक करते जिलाधिकारी

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में नमो ड्रोन दीदी योजना से संबंधित बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि यह किसानों के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों को कृषि क्षेत्र में ड्रोन प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। उर्वरकों का छिड़काव करने के लिए इसका इस्तेमाल किया जाएगा। नमो ड्रोन दीदी योजना के अन्तर्गत जनपद में घान और आलू की अधिक खेती वाले क्षेत्रों में विकास खण्ड उमर्दा में एक, सौरिख में एक, कन्नौज में एक, हसेरन में दो तथा जलालाबाद में 1 महिला सीएलएफ को चिह्नित किया गया। जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि विकास खण्ड छिबरामऊ, तालग्राम और गुगरापुर को भी शामिल किया जाये और जिनका चयन कर लिया गया है। उनको कृषि रक्षा विभाग से ट्रेनिंग कराकर सही डोज, सही कीटनाशन और सही पद्धति के विषय जानकारी दी जाये। कहा कि जिन क्षेत्रों में सब्जी का उत्पादन है। उन क्षेत्रों को भी सम्मलित किया जाये। बैठक में सीडीओ राम कृपाल चौधरी, डीडीओ नरेन्द्र देव द्विवेदी, उपायुक्त एनआरएलएम राजकुमार लोधी सहित संबंधित अधिकारी रहे।

▸ ड्रोन उड़ाएंगी महिलाएं, किसानी में करेंगी सहायता

### पेंशनर्स दिवस का हुआ आयोजन

जिलाधिकारी ने पेंशनरों की समस्याओं को सुनते हुये उसके त्वरित निराकरण हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होने कहा कि मेडिकल चिकित्सा प्रतिपूर्ति, पेशंन रीवाइज, पेशंन एरियर भुगतान प्रकिया में तेजी लाई जाए और प्राथमिकता पर नियमानुसार अबिलम्ब कार्यवाही की जाये जिससे पेशनर्स को उनका हक दिया जा सके ।जिलाधिकारी ने वरिष्ठ कोषाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पेशनर्स के बैठने हेतु व्यवस्था कराई जाए एवं जिलाधिकारी ने कोषाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि कलेक्ट्रेट परिसर में पेशनर्स सभाकक्ष बनवाएं जाने हेतु नियमानुसार प्रक्रिया प्रारम्भ करायी जाए। जिससे पेशनर्स को एक पेंशनर्स सभाकक्ष उपलब्ध हो सके।

# जो बच्चे निपुण हैं उन्हें मुख्य धारा से जोड़ेः एआरपी

▸ मासिक बैठक में विद्यालय निपुण बनानें पर दिया जोर

समधन, समृद्धि न्यूज़।



परिषदीय विद्यालयों को निपुण बनानें पर दिया गया जोर विद्यालय में बैठक कर प्रधानाध्यापकों से चर्चा कर दिशा निर्देश दिए गए।

मंगलवार को समधन क्षेत्र के न्याय पंचायत तामियामऊ प्राइमरी विद्यालय में संकुल शिक्षक की मासिक बैठक संपन्न हुई बैठक में एआरपी अरविंद चौहान ने बताया की समस्त विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को शत प्रतिशत निपुण बनानें की जिम्मेदारी हमारे शिक्षक साथियों की है समय- समय पर बच्चों को निपुण प्रेरणा एप के माध्यम से इनकी जांच करते रहें जो बच्चे निपुण हो गए हैं उन्हें मुख्य धार से जोड़े जिससे वह और आगे बढ़ सके और जो बच्चे हमारे पढ़ने में कमजोर हैं उनको निपुण लक्ष्य का अपडेटेड वर्जन से अभ्यास कराते रहें जिससे जल्द से जल्द दिसंबर माह में समस्त स्कूल निपुण हो सके स्कूल निपुण करना शिक्षक की ही जिम्मेदारी है। समय- समय पर टूल किट के प्रयोग के कार्यक्रम चलाते रहें जिससे बच्चों में कॉन्फिडेंस बना रहे। इस मौके पर नोडल संकुल शिक्षक आदित्य कुमार यादव, शिक्षक संकुल शैलेंद्र सिंह यादव व अनुज कुमार ,अनूप कुमार, सुरेंद्र कुमार ,अतुल कुमार, किरण प्रधानाध्यापक, रवीश निजाम , सोनपाल नेता , प्रभाकर समस्त न्याय पंचायत के शिक्षक उपस्थित रहे।

# मण्डलायुक्त ने एप से कार्य करने की प्रणाली के बारे में दी जानकारी

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।




मण्डलायुक्त मंडल/ रोल प्रेक्षक अमित गुप्ता की अध्यक्षता में निर्वाचक नामावलियों विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 के संबंध में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार बैठक हुई।

बैठक में मण्डलायुक्त ने कहा कि निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण- 2025 के अन्तर्गत निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन 06 जनवरी 2025 को है। दावे आपत्तियों का निस्तारण 24 दिसम्बर 2024 तक पूर्ण हो जाना चाहिए। कहा कि मतदाता सूची अपडेटेड होनी चाहिए तथा सभी मतदाताओं के नाम सूची में अंकित हो। सुपर चेकिंग के तहत फार्मों का सत्यापन गहनता से होना चाहिए। उन्होंने ईपी रेशियो, जेंडर रेशियो, नाम जोड़ने-काटने एवं संशोधन के लिए फार्म 6, 7, 8 के संबधं में गहनता से चर्चा की। साथ ही मोबाईल एप से काम करने की कार्य प्रणाली को बताया। कहा कि डुप्लीकेट्स मतदाता व मृत व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची से अलग करें। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, अपर जिला मजिस्ट्रेट (न्यायिक) देवेन्द्र कुमार सिंह समस्त जिलाधिकारी, सहायक निर्वाचन अधिकारी सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

# वेंडिंग जोन के लिए पथ विक्रेताओं का किया जायेगा पंजीकरण

छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।



ईओ ने जानकारी दी कि अतिक्रमण हटाओ अभियान के बाद किसी की रोजी रोटी पर संकट न हो इसके लिये नगर पालिका कार्यालय में पथ विक्रेताओं का उनके व्यवसाय के अनुसार पंजीकरण होगा पंजीकरण की अंतिम तिथि के बाद फल, सब्जी इत्यादि के लिए वेंडिंग जोन निर्धारित किया जायेगा। चिन्हित स्थान के अतिरिक्त जगहों पर फेरी लगाने वालों पर कार्यवाही की जायेगी। इसी प्रकार ई रिक्शाओं का पंजीकरण करने के बाद उनको रूट संचालन अलॉट किया जायेगा। ऑनलाइन वेरिफिकेशन के लिये सभी का डाटा नगर सेवा ऐप पर फोटो विवरण सहित अपलोड किया जायेगा। नगर पालिका इस बार अतिक्रमण हटाने को लेकर गंभीर है, तिरंगा तिराहे से पश्चिमी वाई पास तक बाजार की वर्तमान स्थिति की वीडियो ग्राफी कराई गई। ईओ सुनील कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार से बृहद स्तर पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलेगा जिसके बाद पुनः वीडियो ग्राफी कराई जायेगी। जिसकी कॉपी कोतवाली में भी जमा होगी। इसके बाद अगर कोई अतिक्रमण करता है तो रिकॉर्डेड वीडियो के आधार पर नियमानुसार चिन्हित करके विधिक कार्यवाही की जायेगी।

# सीडीओ ने वृद्धाश्रम में व्यवस्थाओं को परखा, बांटे वस्त्र

▸ अधिशासी अधिकारी को प्रतिदिन अलाव जलवाने के दिए निर्देश

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।



वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को वस्त्र देते सीडीओ

सर्दी से बचाव के लिए वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को गर्म कपड़ों का वितरण किया। उनको मिलने वाली सुविधाओं को परखा गया। और संबंधित को निर्देशित किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी ने स्थानीय वृद्धाश्रम पहुँचकर 66 वृद्धजनों को शीतकालीन वस्त्र ऊँनी लोअर, जैकेट अन्य वस्त्र वितरित किए। वस्त्र पाकर संवासियो के चेहरे खिल उठे। सीडीओ ने वृद्धजनों का हाल चाल जाना। उन्हें दी जा रही व्यवस्था को परखा। उन्होंने वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड जारी होने की प्रक्रिया की भी समीक्षा की और व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। शीत लहर से वृद्धो को बचाने के लिए न सिर्फ अलाव जलाने के निर्देश दिए वही नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को वृद्धाश्रम में प्रतिदिन अलाव जलवाने की व्यवस्था के निर्देश दिए।

## खबरें एक नजर में

### घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** गाजियाबाद के डासना में बेकरी का काम करते थे 15 दिन पहले आये थे घर गफ्फार पुत्र आविद अली 40 उम्र ग्राम शहजहांपुर निवासी जो की अपनी बाईक से अपनी बहन नूर बानो के यहां औछा जा रहे थे तभी देवी रोड बाई पास मैनपुरी में अचानक से बाईक के सामने नील गाय आ जाने के कारण गम्भीर रुप से दिन शनिवार 7 दिसम्बर को घायल हो गए थे जिसके बाद मैनपुरी अस्पताल में भर्ती कराया गया था हालत गम्भीर होने पर सैफई मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया। जहाँ पर करीब 9 दिन जिंदगी मौत से लड़ने के बाद 9 वे दिन मौत हो गई जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया पत्नी शबनम फरीद 17, फरीन 25, फरदीन 16, मंतशा 13, 3 साल पूर्व मिघौली से फरीन की हो चुकी शादी सैफई से पोस्टमार्टम होने के बाद देर शाम शव का अंतिम संस्कार किया गया।

### जिला कार्यकारिणी सदस्य किया मनोनीत

**छिबरामऊ कन्नौज।** एसीजेएम कोर्ट कंपाउंड में रतन सिंह कठेरिया निवासी चड़रौआ पोस्ट सरीफाबाद ब्लाक सौरिख जनपद कन्नौज को कठेरिया समाज कल्याण समिति उत्तर प्रदेश जनपद कन्नौज इकाई का जिला कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया और उन्हें 5 जनवरी 2025 को कठेरिया समाज के प्रथम आई ए एस अधिकारी, निदेशक समाज कल्याण उत्तर प्रदेश, अध्यक्ष राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश, अध्यक्ष लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश स्व रमेशचन्द्र चन्द्र कठेरिया जी की 87वीं जयंती के अवसर पर कठेरिया समाज कल्याण समिति उत्तर प्रदेश जनपद कन्नौज के तत्वाधान में कठेरिया समाज के प्रतिभावान छात्र–छात्राओं व वरिष्ठ नागरिक ( सेवानिवृत्ति ) समारोह स्थल लोक भारती इंटर कॉलेज गेस्ट हाउस फर्रूखाबाद रोड छिबरामऊ के तैयारियां की जिम्मेदारी सौंपी।

### आरोपी को कारावास व अर्थदण्ड से किया दण्डित

**छिबरामऊ। कन्नौज।** अभियुक्त द्वारा समाज में भय़ व आतंक का माहौल बनाना व आर्थिक तथा भौतिक लाभ अर्जित करने के सम्बन्ध में थाना छिबरामऊ पर जिसकी विवेचना सम्पादित कर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया पुलिस महानिदेशक निर्देशन में अभियुक्त को सजा दिलाने हेतु प्रभावी पैरवी के लिये सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारों को अपराधियों को अधिक से अधिक सजा दिलाने हेतु निर्देशित किया गया था। पुलिस टीम एवं अभियोजन पक्ष तथा मॉनीटरिंग सेल व कोर्ट पैरोकार के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी कराते हुये 16.12.24 को न्यायालय एडीजे 5 द्वारा अभियुक्त मो. जावेद पुत्र उर्फ जहरुद्दीन उर्फ जफरु नि0 मो. इब्राहिमगंज कस्बा थाना छिबरामऊ कन्नौज को चार वर्ष का कठोर कारावास व पांच हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

### जमीन के विवाद में मां-बेटी से की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** भूमि विवाद के चलते परिवार के ही दो लोगों ने महिला के दरवाजे पर आकर उसके साथ अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया तथा बीच बचाव में आई उसकी पुत्री से भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी भी दी। ग्राम बल्लापुरवा निवासिनी की रेनू देवी पत्नी ओमवीर यादव ने कोतवाली में दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि मंगलवार की दोपहर करीब 02 बजे उसके परिवार के ही दो लोग उसके दरवाजे पर आए और जमीनी विवाद को लेकर उसे अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया तथा बीच बचाव में आई उसकी पुत्री अनुष्का से भी मारपीट की। साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# किसानों की गिरफ्तारी पर थाना प्रभारी को दिया ज्ञापन

छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



कोतवाली में किसान नेताओं ने गौतमबुद्ध नगर में किसानों की गिरफ्तारी को लेकर थाना प्रभारी को दिया ज्ञापन भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के पदाधिकारियों ने युवा प्रदेश सचिव अभिषेक यादव एवं युवा जिलाध्यक्ष राजू अंसारी की अगुआई में मुख्यमंत्री को संबोधित कोतवाली परिसर छिबरामऊ में ज्ञापन दिया।

युवा प्रदेश सचिव ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि गौतम बुद्ध नगर में आंदोलनकारी किसान नेताओं की ससम्मान रिहाई करने की कृपा करें जिलाध्यक्ष राजू अंसारी कहा कहीं न कहीं आपके अधिकारियों द्वारा प्राधिकरण की समस्याओं की गलत फीडबैक दी गई है वरना जिन मांगों को किसान 2012 से लगातार उठाता चला आ रहा है उस पर गहनता से किसी ने विचार नहीं किया। अतः किसानों की समस्याओं का निस्तारण करते हुए सभी किसानों को ससम्मान रिहाई का आदेश पारित करने की कृपा करें। इस दौरान सुमित कुमार , अमन , आसिफ खान शहदीन रानू खान युवा तालिब अली , मारूफ खान , आबाद खान , नदीम , जॉन्सन यादव, राजा खान , अमन कुरैशी, फरमान कुरैशी , अनुज कुमार, आजम ,तस्लीम , युवराज यादव दद्दू, आदिल उर्फ कल्लू, आसिफ ,राजा, अभिषेक आदि पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

### युवक से मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** घर के बाहर खड़े युवक से पड़ोस के दो लोगों ने बेवजह गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट करें घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी शिवम कौशल पुत्र आनंद कुमार ने कोतवाली पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि मंगलवार की दोपहर करीब 02 बजे पड़ोसी मोहल्ले के पिता पुत्र उसके दरवाजे पर आए और बेवजह गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जाच शुरू कर दी है।

### गाली गलौज का विरोध करने पर पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** गांव के लोगों ने युवक से बेवजह अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम दिलावरपुर निवासिनी किरण दुबे पत्नी राकेश ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि बीते रविवार की शाम करीब 04 बजे गांव के लोगों ने उसके पुत्र बृजेश के साथ बेवजह गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया साथ ही जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### नगदी व जेवरात के साथ युवती को ले गया युवक

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** युवती को अपने प्रेम जाल में फंसा कर दूसरे धर्म का युवक अपने साथ भगा ले गया। साथ ही युवती अपने साथ नगदी व जेवरात भी ले गई है। जिसके बाद पीड़ित पिता ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम निवासी युवक ने कोतवाली में दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि बीते सोमवार को दूसरे गांव का एक युवक अपने परिवार के लोगों के सहयोग से उसकी 22 वर्षीय पुत्री को बहला फुसला कर कहीं भगा ले गया। साथ ही 5000 रुपये की नकदी व 20000 के जेवरात भी ले गई। पीड़ित पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# खंड शिक्षा कार्यालय पर पनप रहा भ्रष्टाचार

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

खंड शिक्षा कार्यालय पर भ्रष्टाचार पनप रहा है। प्रशिक्षण के नाम पर शासन प्रशासन के द्वारा प्रशिक्षण के लिए दी जाने वाली सुविधाओं से शिक्षकों को वंचित किया जा रहा है।

नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के खंड शिक्षा कार्यालय पर शिक्षकों का प्रशिक्षण चल रहा है। प्रशिक्षण के लिए विभाग के द्वारा स्टेशनरी आदि खर्च के लिए शिक्षकों के लिए हजारों रुपये भेजे जाते हैं। जिनको खर्च न कर शिक्षकों को कई स्टेशनरी नहीं दी जाती है और ना ही उन्हें पैसे दिये जाते हैं। भोजन आदि की भी व्यवस्था शिक्षकों के लिए की जाती है, लेकिन वह भी नहीं मिल रही है। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा से जब इस बाबत फोन पर बात करनी चाही, तो उन्होंने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा। खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा के रवैया से शिक्षक निरंकुश होते जा रहे हैं। जहां शिक्षकों के खाते में शासन के द्वारा एमडीएम के नाम पर पैसा भेजा जाता है, जिसका भी अधिकतर विद्यालयों में दुरुपयोग हो रहा है। शिक्षक छात्र-छात्राओं के मध्यान्ह भोजन में भी कटौती कर रहे हैं। कई शिक्षक तो ऐसे हैं जो ना तो भोजन आदि की व्यवस्था करते हैं और ना सरकार के द्वारा बनाया हुआ नया मीनू का ही पालन करते हैं। शिक्षकों ने दबी जुबान से बताया कि जिन विद्यालयों में एमडीएम की व्यवस्था सुचारू रूप से नहीं है वहां से खंड शिक्षा अधिकारी को महीनाबंदी के हिसाब से शिक्षक पैसा देते हैं।

# शोषित पीड़ितों को आवाज बुलंद कर रही पार्टी

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



पदाधिकारी को मनोनयन पत्र देते लोग।

▸ भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी की समीक्षा बैठक आयोजित

भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी की समीक्षा बैठक का आयोजन नगर में किया गया। जिसमें आधा दर्जन से अधिक अन्य पार्टियों को छोड़कर आये लोग आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी मे शामिल हुए।

मण्डल उपाध्यक्ष छविराम जाटव ने कार्यकर्ताओं का संवोधित करते हुए कहा कि अब जमीनी स्तर पर जुट जाएं और समाज को एकजुट संगठित करके आजाद समाज पार्टी को आने वाले विधानसभा चुनाव में मजबूत करना है। मंगलवार को पार्टी छोड़कर आए लोगों में संजीव कुमार को जिला संगठन व यशपाल भारती व बृजमोहन को जिला सह संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई। भीम आर्मी जिलाध्यक्ष गुड्डू कठेरिया ने कहा कि भीम आर्मी शोषित पीड़ितों को आवाज बुलंद कर रही है और न्याय दिलाने का काम कर रही है। बहुजन समाज की उम्मीद भीम आर्मी से है। आजाद समाज पार्टी जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने कहा कि एंड चन्द्रशेखर आजाद बहुजनों की लडाई सड़क से लेकर संसद तक लड़ाई लड रहे हैं। आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी का बढ़ता कारवां देखकर मनुवादी लोगों की नींद हराम हो गयी है। बहुजन समाज के लोगों को गुमराह कर बहुजन समाज मे विघटन फैलाने का काम कर रहे हैं। अब आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी लागातार कारवां को आगे बढा रही है।

आने वाले विधानसभा चुनावों में आजाद समाज पार्टी मजबूत के लडेगी। इस मौके पर मण्डल उपाध्यक्ष विजय गिहार, जिला युवा मोर्चा नेम सिंह खटिक, जिला प्रभारी शकील अहमद, जिला उपाध्यक्ष इमरान, जिला संगठन मंत्री तफ्तीश, विधानसभा अध्यक्ष सुरजीत दिवाकर, चांद खां,अनुज रावण, अंकित गौतम, अरशद आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम के आवास पर ड्यूटी कर रहे होमगार्ड का दबंगों ने जेसीबी से गिराया मकान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी के आवास पर ड्यूटी कर रहे होमगार्ड का दबंग भू-माफियाओं ने जेसीबी से गिराकर उसके अंदर रखी नगदी आदि सामान ईंट भर ले गये। पीड़ित ने इस संदर्भ में क्षेत्राधिकारी से गुहार लगायी, लेकिन अभी तक आरोपियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा के नूरपुर जसमई निवासी अनिल जाटव पुत्र रामनरेश जो कि होमगार्ड में नौकरी करते है। बीती रात लगभग 12 बजे के आसपास जिलाधिकारी के आवास पर ड्यूटी पर था, तभी किसी ने फोन करके उसे बताया कि तुम्हारे मकान को सैय्यद ताहिर हुसैन मुतबल्ली पुत्र साबिर हुसैन निवासी मोहल्ला रकाबगंज खुर्द रकाबगंज टाउनहाल व सोनू यादव पुत्र नन्दराम यादव निवासी जसमई चौराहा, उदय प्रताप उर्फभईया चौहान व जंशू चौहान पुत्रगण हरिकिशन निवासीगण ग्राम नूरपुर, शाहरूख पुत्र न्यामत खां निवासी ग्राम ढिलावल व उनके 5-6 अज्ञात साथियों ने जेसीबी मशीन लेकर मकान गिराने आये है। कुछ समय बाद जब मैं पहुंचा तो जाति सूचक गालियां दी। दबंग कह रहे थे कि मुकदमा वापस ले ले नहीं तो तुझे जान से मार देगें। दबंग नाजायज असलहे व लाठी-डंडे लिये थे और बोले कि आज हम लोग तेरी व तेरे परिवार की हत्या कर देगें। इस दौरान इन लोगों ने मेरा पूरा मकान ढहा दिया। घर में रखी बेटी के विवाह के लिए एक लाख की नगदी व कीमती सामान भी भर ले गये। इसकी सूचना 112 पर पुलिस को दी। कुछ ही देर में 112 आ गयी। हम लोगों ने घटना का वीडियो बनाया और कहा कि मकान तो तुम्हारा गिरा दिया गया है अब थाने में जाकर बताओ। चौकी पर सूचना देने गया तो वहां दीवान और चौकी इंचार्ज मिले और बोले कि रुको खाना खा ले और मुझे बाहर बैठने को कहा। काफी देर बैठा रहा। पुलिस ने अंदर से गेट लगा लिया और गेट नहीं खोला। उपरोक्त दबंग व भू-माफिया किस्म के है। पीड़ित ने पुलिस के आलाधिकारियों से न्याय की गुहार लगायी। पीड़ित की शिकायत पर क्षेत्राधिकारी ने एसएचओ मऊदरवाजा को जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिये।

## सूचना

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम Ganga Bai व जन्मतिथि 21.07.1971 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम Ganga Bai Patel व जन्मतिथि 01.01.1967 है। Ganga Bai Patel Mother of Army NO-3009485X, रैंक- हवलदार, दिनेश कुमार पटेल, आर.आर.सी. फतेहगढ़ निवासी-ग्राम सतवासा, पोस्ट-चोराहेट, तहसील- बाबई, जिला-होशंगाबाद, राज्य-मध्य प्रदेश-461668.

## सूचना

भाई के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम AMIT KUMAR दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम AMIT है। Amit Brother of Army NO-3022206A, रैंक-सिपाही, अंकित कुमार, 21 राजपूत, आर.आर.सी. फतेहगढ़ निवासी-ग्राम सेवडा जसरथ नगला, रुस्तमपुर नियावली, जिला संभल, उत्तर प्रदेश, पिन-244302.

## कार्यालय ग्राम पंचायत अलावलपुर विकास खण्ड मोहम्मदाबाद, फर्रु0

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 17/12/2024

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अलावलपुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 18/12/2024 से 24/12/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 24/12/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | संविलियन विद्यालय अलावलपुर में पुताई और अन्य कार्य | 2,39292 | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्ते- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान ( सत्यप्रिय दिवाकर) ग्रा0पं0 अलावलपुर, विकास खण्ड मोहम्मदाबाद सचिव ( रामवीर शाक्य)

# प्रगति राजपूत ने 100 मीटर दौड़ में पाया पहला स्थान

तिर्वा, कन्नौज समृद्धि न्यूज।



एसपी अमित कुमार आनन्द को प्रतीक चिन्ह भेंट करते संस्थान के प्रधानाचार्य संतोष वर्मा

कस्बे के मान्यवर कांशीराम राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान में मंगलवार को बार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताएं शुरू हुई। इन प्रतियोगिताओं का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द व विशिष्ठ अतिथि प्राविधक शिक्षा के संयुक्त निदेशक एसके सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप पृज्जवलन कर किया। इस मौके पर मौजूद छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एसपी अमित कुमार आनन्द ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताओं के जरिए स्वास्थ्य बेहतर होता है। मन भी प्रसन्नचित रहता है। उन्होने कहा कि आज के दौर में तकनीकी शिक्षा का अधिक महत्व है। छात्रों को अपना भविष्य बेहतर बनाने के लिए मन लगाकर अध्ययन करना चाहिए। विशिष्ठ अतिथि एसके सिंह ने कहा कि कांशीराम पॉलिटेक्निक संस्थान ने काफी कम समय में प्राविधक शिक्षा के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है। यहां के छात्रों को बेहतर प्लेसमेंट मिल रहा है। संस्थान के प्रधानाचार्य संतोष कुमार वर्मा ने अतिथियों के समक्ष संस्थान की बार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके पश्चात खेलकूद प्रतियोगिताएं शुरू हुई। 100 मीटर की फर्राटा दौड़ में पुरूष वर्ग से मैकेनिकल इंजीनियरिंग के द्वितीय बर्ष के छात्र अखण्ड प्रताप सिंह ने प्रथम स्थान पाया। द्वितीय स्थान अमन कुमार व तृतीय स्थान आशुतोष राजपूत को मिला। 100 मीटर महिला वर्ग दौड़ में इलेक्ट्रानिक इंजीनियरिंग की द्वितीय बर्ष की छात्रा प्रगति राजपूत ने पहला स्थान पाया। दूसरा स्थान रूचि राजपूत तथा तीसरा स्थान संयुक्त रूप से प्रीति एवं शिवानी ने हासिल किया। पुलिस अधीक्षक ने विजेता छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। खेलकूद प्रतियोगिताओं का संचालन राकेश कुमार वर्मा, डॉ.प्रिया गुप्ता एवं संचिता चैधरी ने किया। इस मौके पर खेलकूद प्रभारी जलज यादव, अमन वर्मा, दिनेश सिंह यादव, सर्वोदय कुमार के अलावा मुकेश कुमार, विनोद कुमार द्विवेदी, राजेन्द्र सिंह, अर्पित श्रीवास्तव, मोहित गुप्ता व प्रियंका मिश्रा समेत समस्त शिक्षक मौजूद रहे।

# पेट दर्द से पीड़ित गर्भवती महिला की मौत

- मायके पक्ष के लोगों ने पहुंचकर किया हंगामा
- जहर देकर हत्या का करने का लगाया आरोप

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**



गुमशुम बैठे मृतका के परिजन



पेट दर्द से पीड़ित महिला की हालत बिगड़ गयी। परिजन उसे लेकर सीएचसी जा रहे थे कि रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने जहर देकर हत्या का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने कहा कि तहरीर मिलती है, तो जांच कर कार्यवाही की जायेगी।जानकारी के अनुसार थाना राजेपुर के ग्राम कमालुद्दीन नगर निवासी प्रीती का विवाह शमसाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुर नगरिया निवासी सूरज पाल के साथ 8 वर्ष पूर्व हुआ था। महिला की एक तीन वर्षीय बच्ची श्रेया है। वर्तमान में वह 8 महीने की गर्भवती थी। बताया गया है बीते दिवस गर्भवती महिला के पेट में दर्द हुआ। असहनीय दर्द होने के कारण महिला छटपटाने लगी, तो परिजन घबरा गये और महिला को सीएचसी शमशाबाद पहुंचे। जहां से डाक्टर ने लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में महिला ने दम तोड़ दिया। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मायके वालों को दी गयी। जिस पर मृतका के पिता गंग किशोर निवासी कमालुद्दीन नगर थाना राजेपुर व अन्य परिजन ट्रैक्टर ट्राली से आ धमके और जमकर हंगामा किया।

साथ ही ससुरालीजनों पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया। दोनों परिवारों के बीच काफी देर तक आरोप प्रत्यारोप का दौर चलता रहा। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, तो पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। परिजनों ने पुलिस से पोस्टमार्टम कराने को कहा। जिस पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मृत्यु का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बात ही पता चल सकेगा।

# हत्या के मामले में अभियुक्त को आजीवन कारावास

- पचास हजार रुपए के जुर्माने से किया गया दंडित
- तेईस वर्षों बाद पीड़ित पक्ष को मिला न्याय

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हत्या के मामले में अपर जिला जज कक्ष 5 न्यायाधीश रीतिका त्यागी ने लालू उर्फ देवेंद्र पुत्र रामफल गंगवार निवासी नगला दमू थाना नबाबगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर आजीवन कारावास व पचास हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

बीते लगभग 23 पूर्व थाना नबाबगंज के निवासी ह्रदेश पुत्र स्व0 नन्हें लाल गुप्ता ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि 04 मार्च 2001 को मेरी माँ विमला देवी ग्राम नगला दमू निवासी पप्पू उर्फ इंद्रेश पुत्र रामफल गंगवार को दिये गए चालीस हजार रुपये लेने के लिए शाम 04 बजे गयी हुई थी, लेकिन घर वापस न आने पर शाम छः बजे मैं व मेरे मामा सर्वेश मां को देखने के लिए नबाबगंज से नगला दमू के रास्ते बरतल के आगे तलैया के पास पहुंचे। जहां देखा कि मेरी मां को पप्पू व उसका भाई लालू तमंचों से मार रहे थे। दोनों भाइयों ने मुझे रोकते हुए तमंचे से मेरी माँ के ऊपर फायर कर दिया और मां गिर गयी। मैंने कहा कि आपने मेरी मां को क्यों मारा। इस पर पप्पू ने कहा इन दोनों को मार डालो। हम लोग डर की वजह से खेतों की ओर भागे। इन लोगों ने मेरा पीछा किया। हम लोग दूर जाकर गेहूं के खेत मे छिप गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता भानु प्रकाश मिश्र की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रीतिका त्यागी ने लालू उर्फ देवेंद्र को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व पचास हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। पप्पू उर्फ इंद्रेश की पत्रवाली पृथक है।

# गुड़गांव पुलिस दो सिपाहियों सहित पांच के विरुद्ध याचिका दायर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना कम्पिल के ग्राम रोकरी निवासी सोनू शाक्य पुत्र इन्द्रपाल शाक्य ने न्यायालय में दायर की याचिका में दर्शाया कि वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी एवं अध्ययन हेतु गाव नगला खैरबंद में किराये के मकान में रहकर अध्ययन व तैयारी कर रहा है। 8 दिसम्बर को सुबह लगभग मेरी बेबजह तलाश में हरियाणा राज्य के गुडगांव की पुलिस सुनील कुमार पुत्र नामालूम, राजवीरपुत्र नामालूम एवं 3 अज्ञात पुलिस वाले आये और बेवजह मारापीटा एवं सीने पर नंगी पिस्टल लगा दी, जिससे वह भयभीत हो गया तथा जान से मारने की नियत से गला दबा दिया। पुलिस कर्मी बोले कि तुम्हारी तलाश है और मेरा मोबाइल भी ले गये। पीड़ित ने बताया कि सभी सादा कपड़ों में थे। जब मैंने उन लोगों से कहा कि आपके पास न्यायालय का कोई कागज है इस बात पर सभी लोग एकराय होकर बोले कि मेरा पास न तो किसी प्रकार समन वारंट है और न्यायालय का कोई कागज है। तब मुझे शक हुआ कि यह लोग मुझे किसी झूठे मुकदमे में आरोपी बनाकर एनकाउंटर करना चाहते है। इस दौरान आसपास के लोगों ने शोर शराबा सुनकर आ गये जिन्होंने मुझे उन लोगों से बचाया। इस दौरान घटना को अंजाम देने वाले सभी लोग भद्दी-भद्दी गालियां व जान से मारने की धमकी देकर भाग गये।

# पुलिस की पिटाई से आहत पीड़ित परिवार घर छोड़ने को मजबूर

- 7 दिसंबर को पुत्र की जगह पिता पर दबंगों ने किया था हमला

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

जमीनी विवाद में घर मे घुसे दबंगों ने पुत्र की जगह पिता पर धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। मामले की शिकायत लेकर गये पीड़ित को ही चौकी इंचार्ज ने हवालात में बंद करके पिटाई कर दी। सुनवाई न होने से पीड़ित ने घर की दीवार पर गाँव छोड़ने का बोर्ड लगा दिया। सुनवाई न होने पर पीड़ित ने परिवार सहित आत्महत्या की भी चेतावनी दी है। क्षेत्र के गाँव कमरुद्दीननगर निवासी प्रवेश की जमीन पर गाँव के ही दबंगों का कब्जा है। इसी रंजिश में 7 दिसंबर को घर में घुसकर दबंगों ने चारपाई पर लेटे प्रवेश के पिता रामपाल पर हमला कर घायल कर दिया था। प्रवेश ने मामले की शिकायत प्रधान द्वारा करवाई। इस पर चौकी इंचार्ज ने प्रवेश को हवालात में बंद करके मारपीट की और घर जाकर इलाज कराने की सलाह दी। पुलिस की प्रताड़ना और दबंगों से परेशान प्रवेश ने खुद को भाजपा समर्थित बताते हुए बताया की दबंग अक्सर मारपीट करते रहते है। जबकि पुलिस दबंगों से मिली है। जिससे आरोपियों के हौसले बुलंद हैं और उसकी शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं हो रही है। पुलिस पर जबरन जमीन कब्जा करवाने का भी आरोप लगाया।

## तमंचा लेकर प्रवेश को मारने के लिए घूम रहे दबंग



दबंग तमंचा लेकर प्रवेश को मारने के लिए घूम रहे हैं। प्रवेश ने घर की दीवार पर पोस्टर चस्पा कर दिया है। जिसमें वह सुनवाई न होने पर आत्महत्या की बात कह रहा है। पूरी घटना के 2 वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। हलांकि समृद्धि न्यूज वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। चौकी इंचार्ज कपिल कुमार कुशवाहा ने बताया कि मामला जमीन से सम्बंधित है। दोनों पक्षों से शांतिभंग की कार्यवाही की गयी। पुलिस द्वारा मारपीट की बात गलत है।

# पत्नी की बरामदगी के लिए थाने के चक्कर लगा रहे पीड़ित पति को पुलिस ने पीटा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बीते 15 दिन पूर्व घर से माल जेवर सहित नगदी के साथ फरार हुई महिला व उसके प्रेमी के मामले में पुलिस कार्यवाही करने की बजाय पीड़ित पति का ही उत्पीड़न कर रही है। न्याय पाने के लिए पीड़ित ने फिर एक बार पुलिस अधीक्षक के सामने पेश होकर न्याय की गुहार लगायी। कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला हाथीखाना सूरज कुशवाहा पुत्र जयसिंह ने एसपी को दिये गये प्रार्थना पत्र में दर्शाया कि 1 दिसम्बर करे अभिषेक मेरी पत्नी रोहिणी को बहला फुसला कर भगा ले गया। इस दौरान घर में रखी एक लाख की नगदी व कीमती सोने-चांदी के आभूषण भी दोनों निकाल ले गये। जब जानकारी हई तो मैं अभिषेक के घर पर जानकारी की तो वहां पर कोई नहीं मिला। पीड़ित का आरोप है कि अभिषेक हो सकता है कि मेरी पत्नी की हत्या कर दे। इस संदर्भ में जब मैंने कोतवाली पहुंचकर प्रार्थना पत्र दिया तो पुलिस ने कहा कि यह फेंक दो फाड़कर मैं बताऊं वैसे लिखो। 4 दिसम्बर को पुलिस ने आरोपी अभिषेक के पिता राधेश्याम व बच्चू और अरुण को थाने में बैठा लिया और शाम को छोड़ दिया। इस दौरान आरोपी के परिजन रात में ही घर का सारा सामान निकालकर फरार हो गये। जब इसकी जानकारी मैंने व मेरे भाई कन्हैया लाल ने पुलिस को दी तो आग बबूला हो गये और मारपीट करने लगे और कहा कि जब तक तूं तहरीर नहीं बदलेगा तेरी शिकायत नहीं सुनी जायेगी। पीड़ित ने पुलिस पर आरोपियों से मिले होने का भी आरोप लगाया है। पीड़ित इससे पहले भी एसपी से शिकायत कर चुका है, लेकिन कुछ भी नहीं हुआ है।

# तमंचा लेकर रील बना रहे युवक को टोकने पर साथी पर चलायी गोली

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



तमंचा लेकर जा रहा युवक

तमंचा लेकर घूम रहे युवक को टोकने पर उसने अपने साथी पर फिल्मी स्टाइल में फायर कर दिया। गोली लगने से वह घायल हो गया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की। जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के क्षेत्र पुलिस लाइन के निकट एक मैदान में एक युवक फिल्मी स्टाइल में तमंचा लेकर घूमते देखा गया, कुछ लोग बता रहे है कि वह रील बना रहा था। वहां कुछ बच्चे मैच खेल रहे थे, जब उसके साथियों ने टोंका तो उसने फायर कर दिया। गोली कोतवाली फतेहगढ़ के नेकपुर कलां निवासी ठाकुर सोनू राठौर नामक युवक के हाथ में जा लगी। यह देख भगदड़ मच गयी। खून से लतपथ युवक को उसके साथी उपचार के लिए एक चिकित्सक के पास ले गये। जिन लोगों ने घटना देखी उन्होंने बताया कि यह मामला तीन दिन पूर्व का है। गोली चलाले वाला युवक रील बना रहा था और वह जयनारायण वर्मा रोड का रहने वाला है। जब इस संदर्भ में हमारे संवाददाता ने घायल युवक के परिजनों से पूछा कि अभी तक पुलिस के पास क्यों नहीं गये तो वह बोले कि मामला सजातीय व दोस्ती का है इसलिए इस मामले को आगे नहीं बढ़ाना चाहते है, लेकिन सोशल मीडिया पर तमंचे का वीडियो वायरल हो रहा है। फिलहाल फतेहगढ़ पुलिस के पास इसका कोई जबाव नहीं है कि उन्होंने अभी तक क्या कार्यवाही की है।

# रमला राठौर पूर्व में थी सपा नेता नहीं मण्डल अध्यक्ष के लिए योग्य

- फतेहगढ़ मण्डल अध्यक्ष के लिए खींचतान, सुमित कटियार ने खोला मोर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी में जिले के मण्डल अध्यक्षों की चुनाव प्रक्रिया चल रही है। अपने-अपने क्षेत्र से अध्यक्ष पद के दावेदारों ने अपने-अपने आवेदन किये है। इसी क्रम में फतेहगढ़ मण्डल से पूर्व सभासद रमला राठौर ने भी अपना नामांकन किया है। उनके नामांकन पर इसी पद के लिए आवेदन करने वाले सुमित कटियार उर्फ अभिषेक ने संगठन चुनाव अधिकारी से लिखित शिकायत कर आपत्ति की है कि रमला राठौर ने जो योग्यता भरी है वह पूरी तरह फर्जी है। रमला राठौर पूर्व में समाजवादी पार्टी में रह चुकी है। वर्ष 2019 के चुनाव के बाद वह भाजपा में शामिल हुई और उनकी आयु 50 से अधिक है और वह 2019 की सक्रिय सदस्य भी नहीं है। उनके आवेदन की पूर्ण रुप से जांच कराकर कार्यवाही की जाये। शिकायतकर्ता ने जिलाध्यक्ष, संगठन चुनाव प्रभारी व क्षेत्रीय अध्यक्ष कानपुर बुंदेलखण्ड को भी एक-एक प्रति भेजी है।

# पुलिस ने शातिर चोरों को माल सहित पकड़ा

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस हिरासत में चोर व माल

थाना पुलिस ने 24 घंटे में शातिर चोरों के गिरोह को माल सहित पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र में बीते दिवस दो अल्टरनेटर चोरी कर लिए गए थे। जिसकी सूचना पीड़ित ने थाना पुलिस को दी थी। इसके उपरांत पुलिस सक्रिय हुई और क्षेत्र में मुखबिरों का जाल बिछा दिया।

मुखबिर की सटीक सूचना पर थाना अध्यक्ष मीनेश पचौरी अमृतपुर चौकी इंचार्ज विमल कुमार, उप निरीक्षक कल्लू सिंह, हरेंद्र सिंह आदि लोगों ने ग्राम राजपुर में मुखबिर के बताए स्थान पर पहुंचकर एक टेंपो और उसमे बैठे पांच लोगों को हिरासत में ले लिया। जब उनकी छानबीन की गई तो उनके पास से एक टूटा हुआ अल्टीनेटर, बिजली की मोटर, तांबे के खुले तार के बंडल, एक प्लास, लोहे की छेनी, एक राड और टैक्सी यूपी76टी 6696 बरामद हुई। जब चोरों से जानकारी की गई तो उन्होंने फर्रुखाबाद के कादरीगेट थाना क्षेत्र के लकूला निवासी रवि उर्फ चाऊआ गिहार, गुलशन गिहार, सौरभ गिहार, साहिल गिहार, शीलू गिहार बताया। इन लोगों के विरुद्ध विभिन्न थाना क्षेत्र में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। 24 घंटे में पुलिस द्वारा शातिर चोरों के गिरोह को गिरफ्तार करना एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। कानूनी कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा धारा-114/24 व 303 के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया।

# पेंशनरों के वार्षिक अधिवेशन में छायी रहीं समस्यायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पेंशनर दिवस के अवसर पर रेलवे पेंशनर एसोसिएशन फर्रुखाबाद , फतेहगढ़ व कन्नौज का संयुक्त वार्षिक अधिवेशन लक्ष्मी कृपा गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुआ। संगठन के संरक्षक चंद्रभूषण सिंह मुन्नूबाबू पूर्व सांसद एवं विशिष्ट अतिथि अनिल द्विवेदी एवं मुख्य अतिथि जय नरायण शर्मा रहे।

सम्मेलन में 75 वर्ष पूर्ण कर चुके सात पेंसनर्स को सम्मानित किया गया तथा कर्मचारियों की ओर से महासचिव की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी गयी। जिसमें वर्ष 2024 में संगठन की प्रमुख उपलब्धियों को बताया गया तथा पेंशनर्स के हित में कराये गये लाभकारी कार्यों को नियमित सम्पादित कर उनको हजारों रुपये का भुगतान कराया गया। कुछ ऐसे लम्बित मामले भी बताये गये जो कि प्रशासन की हठधर्मिता के कारण नहीं हल हो सके और पेंशनर को न्याय पाने के लिए कैट की शरण में जाना पड़ा। प्रमुख मांगों में पुरानी पेंशन नीति की बहाली, पेंशनर्स चिकित्सा भत्ते में बढ़ोत्तरी, पेंशन अदालतों का गठन आदि मांगें शामिल हैं। इस मौके पर अजीत भट्ट, अवधेश दुबे, आर.के.झा, आर.के. तिवारी, एस.के. जैमन, ए.के. सक्सेना, रामतीर्थ आदि मौजूद रहे।

# समीक्षा बैठक में मंडलायुक्त को जल जीवन मिशन की स्थिति मिली खराब

**फर्रुखाबाद/कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**



कुटरा में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का निरीक्षण करते मंडलायुक्त

कानपुर मंडल के कमिश्नर अमित गुप्ता ने दूसरे दिन बढ़पुर ब्लाक के कुटरा ग्राम पंचायत में विकास कार्यों का निरीक्षण किया। जलजीवन मिशन की ओर से डाली गयी पाइप लाइन से क्षतिग्रस्त गलियों की मरम्मत में लीपापोती पर कड़ी नाराजी जतायी। जल जीवन मिशन के अधिकारियों को फटकार लगाते हुये कहा कि अपने कार्यों में सुधार लायें वरना कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। कमिश्नर ने कुटरा में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र, प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। इसके बाद जल जीवन मिशन की ओर से डाली गयी पाइप लाइनों से क्षतिग्रस्त गलियों की मरम्मत को देखा, तो कई स्थानों पर मरम्मत के कार्य में लीपा पोती जैसी स्थिति दिखी। इस पर कड़ी नाराजगी जतायी। एडीओ पंचायत सत्यनरायन सिंह और सचिव अंजली श्रीवास्तव से यूजर चार्ज लिये जाने की जानकारी की। एडीओ पंचायत ने कमिश्नर को बताया कि पूर्व में 118 परिवारों से यूजर चार्ज लिया जा रहा था। वर्तमान में 419 परिवार यूजर चार्ज दे रहे हैं। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र के निकट रहने वाले कई परिवार मजदूरी करने वाले हैं। उनकी ओर से कूड़ा सीधे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र में स्वयं डाला जा रहा है। इस पर आयुक्त ने इन परिवारों से यूजर चार्ज न वसूलने के निर्देश दिये। आयुक्त ने प्रधान और सचिव को निर्देशित किया कि जिन सक्षम परिवारों का कूड़ा उठाया जा रहा है और यदि वह यूजर चार्ज नहीं दे रहे हैं तो उनके विरुद्ध जुर्माना लगाना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने ट्रांजिट हॉस्टल वाले रोड पर पाइप लाइन डालने की वजह से क्षतिग्रस्त सड़क को देखा तो यहां पर कुछ देर के लिए रुक गये और निरीक्षण करने पर पाया गया कि मरम्मतीकरण का कार्य काफी हल्के तरीके से किया गया है। जहां पर पाइप लाइन डाली गयी वहां पर गड्ढा हो गया है। पंचायत सचिव से गांव के अन्य विकास कार्यो के बारे में जानकारी की।

# क्रीड़ा अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर खेलकूद प्रतियोगिताओं का किया शुभारंभ



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पॉलीटेक्निक फतेहगढ़ के खेल मैदान पर युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वावधान में खण्ड स्तरीय ग्रामीण खेल लीग विकास खण्ड बढ़पुर की खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ जिला क्रीड़ा अधिकारी कर्मवीर सिंह ने 100 मीटर दौड़ के प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर किया। प्रतियोगिता में विकास खण्ड बढ़पुर के 300 प्रतिभागियों ने सब जूनियर/ जूनियर/ सीनियर आयु वर्ग में (महिला/पुरुष) ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में आज सम्पन्न कराये गये खेल एथलेटिक्स, कबड्डी, बॉलीवाल फाइनल तक पूर्ण करायी गयी। शेष प्रतियोगितायें कल सम्पन्न करायी जायेंगी। इस अवसर पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी बढ़पुर पुष्पेंद्र यादव एवं राजेपुर से जीतू, नवाबगंज से शुभम सिंह एवं मोहम्मदाबाद से क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अनुराग रहे। निर्णायक की भूमिका में संजीव कटियार, कुलदीप यादव, शैलेंद्र कनौजिया, अभिषेक शाक्य, सपना यादव, अभिषेक पाल, सुरजीत वर्मा, देवेश कुमार, विनोद कुमार, बृजेन्द्र सिंह, यदुनाथ सिंह, ज्योति कठेरिया एवं योगेश शुक्ला सचिव एथलेटिक्स संघ मौजूद रहे। प्रतियोगिताओं के क्रम में (अंडर 16 आयु वर्ग में) 100 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में निक्की, अनुराधा, अंशी क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहीं। 100 मीटर दौड़ बालक में वर्धान दीक्षित, दीपक, सौरभ क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। कबड्डा बालिका बुढ़नामऊ प्रथम, वनखड़िया द्वितीय रहा। बालक कबड्डी में एसपी स्पोर्ट प्रथम, वनखड़िया द्वितीय, 800 मीटर दौड़ बालक में शान्तनु, सलमान, अंकित क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। अंडर 20 आयु वर्ग में, 100 मीटर दौड़ बालक में सौरभ, सचिन, रिषभ क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। 200 मीटर दौड़ बालका में दीपक, अतुल, रिषभ क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। 100 मीटर महिला में प्रकृति वर्मा प्रथम, रमा देवी द्वितीय रहीं। 200 मीटर महिला में रमा, प्रकृति, चाहत क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। 1500 मीटर दौड़ बालक में अभय राजपूत, विजय, राजन क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। सीनियर वर्ग (20 आयु वर्ग) 100 मीटर में अमित राजपूत, राहुल पाल, विजय सिंह क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। 200 मीटर दौड़ में अमित राजपूत, राहुल पाल, रुचित यादव क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। 400 मीटर दौड़ बालक में अजय कुमार, प्रशांत पाल, अभय राजपूत क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। 100 मीटर दौड़ बालिका में प्रकृति वर्मा प्रथम, रमा देवी द्वितीय रहीं। 100 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में माण्डवी, हेमा पाण्डेय क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय रहीं। 1500 मीटर दौड़ बालक में करन कुमार, श्याम राजपूत, अमित क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे।

# किसानों की रिहाई तथा जन समस्याओं को लेकर भाकियू लोक शक्ति ने घेरा थाना

**नवाबगंज/कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



थाने का घेराव किये किसान नेता

गौतम बुद्ध नगर की जेल में बंद किसानों की रिहाई तथा जन समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के नेताओं ने थाने का घेराव कर मुख्यमंत्री को संपबोधित ज्ञापन थाना अध्यक्ष को सौंपा।

कस्बा नवाबगंज स्थित थाने पर भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के जिला अध्यक्ष दीपू राठौर के नेतृत्व में दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं ने थाने का घेराव किया तथा गौतम बुद्ध नगर की जेल में बंद किसानों की रिहाई तथा जन समस्याओं को लेकर 6 सूत्रीय ज्ञापन थाना अध्यक्ष विद्यासागर तिवारी को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि गौतम बुद्ध नगर के 129 आंदोलनकारी किसान जो 3 दिसंबर 2024 से गौतम बुद्ध नगर की जेल में बंद है तथा चार किसान नेताओं से मुलाकात भी बंद है। किसी को मिलने भी नहीं दिया जा रहा है, उनकी ससम्मान रिहाई की जाए, नवाबगंज को तहसील घोषित किया जाए, फर्रुखाबाद से नवाबगंज होते हुए रोडवेज का संचालन किया जाए, रेलवे अंडरपासों के गड्ढे हो चुके हैं जिसे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है उसकी तत्काल मरम्मत कराई जाए, मोहम्मदाबाद संकेश्वर रोड सहित अन्य सड़कों के किनारे खड़े बिजली के खंभे जो दुर्घटना को दावत दे रहे हैं, सड़क से उनकी दूरी थोड़ी दूर की जाए, कायमगंज रेलवे क्रॉसिंग से चीनी मिल तक रोड को सही कराया जाए, ताकि किसानों को गाना लाने ले जाने में दिक्कत का सामना न करना पड़े आदि कई मांगें शामिल हैं। इस मौके पर थाना अध्यक्ष विद्यासागर तिवारी, कस्बा इंचार्ज दरोगा गिरीश चंद्र, दरोगा संतोष कुमार, दरोगा हेमंत कुमार, बबना चौकी इंचार्ज योगेश कुमार श्रीवास्तव, किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष दीपू राठौर, अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष साजिद अली, ज्ञानेश राजपूत, धर्मेंद्र मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष नजमुद्दीन, राजकुमार, हसमुद्दीन, सत्यवीर सिंह, सुशील पाल सहित दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ता थाने पर मौजूद रहे।

**वहीं दूसरी ओर** भारतीय कृषक एसोसिएशन ने जनपद एटा की जनसमस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसील अलीगंज में तहसीलदार को सौंपा। भाकृए की जनसमस्याओं में जनपद एटा में खाद की उपलब्धता बढ़ाए जाने, अलीगंज क्षेत्र के गन्ना किसानों को कायमगंज चीनी मिल में आ रही समस्याएं मुख्य मांग कायमगंज चीनी मिल का विस्तार, चीनी मिल कायमगंज का नवीनीकरण जिससे अलीगंज क्षेत्र के किसानों को भी लाभ हो, अलीगंज के गांव ससोता में भारतीय कृषक एसोसिएशन के कार्यकर्ता की जमीन पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा हटवाने आदि मांगों को लेकर 4 सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार अलीगंज को सौंपा। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार दुबे, प्रदेश अध्यक्ष रामलाल गुप्ता, प्रदेश महासचिव मुन्नालाल सक्सेना, प्रदेश उपाध्यक्ष रामवीर पाल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री अमरीश शुक्ला, बिंदु सिंह गंगवार, रामवीर, विनीत कुमार, अनुज आदि कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अब नवाबगंज में देखे गये जंगली जानवर के पैरों के निशान



खेत में जंगली जानवर के पैरों के निशान

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** खूंखार जंगली जानवर के पैरों के निशान देखे जाने से किसानों में दहशत का माहौल व्याप्त है। ग्रामीणों ने थाना पुलिस को घटना की सूचना दी। जानकारी के अनुसार जनपद के जसमई दरवाजा में बीते दिन तेंदुए को कानपुर से आयी वन विभाग की टीम ने पकड़ा था। तब से मोहम्मदाबाद, कमालगंज तथा आज नवाबगंज में गीले खेतों में जंगली जानवर के पैरों के निशान ग्रामीणों ने देखे। घटना की सूचना थाना पुलिस को दी गयी। फिलहाल खेतों में जंगली जानवर के पैरों के निशान देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने शाम के समय खेतों की ओर जाना छोड़ दिया है। ग्रामीण शाम को बच्चों को बाहर नहीं निकलने दे रहे हैं। ग्रामीणों ने जंगली जानवर को पकड़वाये जाने की मांग जिला प्रशासन व वन विभाग से की है।

# भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल की बैठक में हुआ हंगामा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही बैठक के दौरान प्रदेश संगठन मंत्री व जिलाध्यक्ष द्वारा बार-बार टोकने पर विवाद उत्पन्न हुआ और जमकर आरोप-प्रत्यारोप हुए। भारतीय उद्योग युवा व्यापार मण्डल की जिला कार्यकारिणी घोषित की गई। जिसमें कार्यवाहक जिलाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता ने युवा जिलाध्यक्ष संदेश अग्रवाल की कमेटी को संस्तुति प्रदान करते हुए पदाधिकारियों की घोषणा की और मनोनयन पत्र सौंपा। कार्यकारिणी में जिला महामंत्री प्रबल महेश्वरी, जिला कोषाध्यक्ष गौरव गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष डा0 कुलदीप सिंह, जिला मीडिया प्रभारी मोहित यादव, जिला मंत्री अर्पण अग्रवाल व शिवम अग्निहोत्री को बनाया गया। भोलेपुर कार्यकारिणी के नगर अध्यक्ष जयपाल सिंह, नगर महामंत्री गुंजन अग्रवाल, याकूतगंज कार्यकारिणी नगर अध्यक्ष प्रतीक गुप्ता, महामंत्री राहुल गुप्ता बने। फतेहगढ़ युवा व्यापार मण्डल कमेटी के नगर अध्यक्ष संदीप सक्सेना, नगर महामंत्री किशन वर्मा, नगर कोषाध्यक्ष सोमिल अग्रवाल, संयुक्त महामंत्री राहुल कुमार, नगर उपाध्यक्ष अवनीश मिश्रा, उपेन्द्र राजपूत बनाये गये। नगर मंत्री गोविन्द कश्यप, शुभम राजपूत व नितिन गुप्ता बने। सदस्य शिवम ठाकुर को बनाया गया। सभी को युवा जिलाध्यक्ष संदेश अग्रवाल व कार्यकारी जिलाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता ने मनोनयन पत्र सौंपे। साथ ही महिला पदाधिकारियों को भी माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।



नवीन कार्यकारिणी के साथ मौजूद पदाधिकारी

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पहुंची राष्ट्रीय चेयरमैन मिथलेश अग्रवाल ने कहा कि हमें मिलजुल कर काम करना होगा। उन्होंने कई बार व्यापारियों को शांत कराया और विवाद की स्थिति उत्पन्न न करने के लिए आग्रह किया। मिथलेश अग्रवाल को युवा जिलाध्यक्ष संदेश अग्रवाल ने श्रीराम दरबार का चित्र भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान चेयरमैन सर्वेश अग्रवाल, पंकज गुप्ता, राजू गुप्ता, सुमन राठौर, व्यापार मण्डल की महिला जिलाध्यक्ष प्रीती तिवारी, अर्चना द्विवेदी, नेहा मिश्रा, गायत्री मिश्रा, बबिता पाठक सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## बैठक में आदेश अवस्थी का व्यापारियों ने किया विरोध, कहा मेरे जिलाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता

**फर्रुखाबाद।** भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल का अपने आपको को जिलाध्यक्ष बताने वाले आदेश अग्निहोत्री का व्यापारियों ने विरोध किया और कहा कि हमारे जिलाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता है जिन्होंने हम लोगों को जोड़ा है और व्यापार मण्डल की समस्याओं का निराकरण करते है और व्यापारी हित की बात करते है। दो साल से अभी तक आदेश अवस्थी कहां थे, जिन्होंने किसी को जोड़ा नहीं और न ही किसी को पदाधिकारी बनाया। उद्योग व्यापार मण्डल में थे तब उनका कई बार व्यापारियों से टीक-टिप्पणी को लेकर विवाद हुआ। उसके बाद वह भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल में आये। यहां भी विवाद की स्थिति उत्पन्न करते है और अपने आपको जिलाध्यक्ष बताते हुए एक भी व्यापारी को नहीं जोड़ते है। जिस कारण उन्हें इटावा-बरेली रोड पर स्थित एक ढाबे पर आयोजित बैठक में विरोध झेलना पड़ा। सभी ने प्रमोद गुप्ता जिंदाबाद के नारे लगाये। स्थिति को मिथलेश अग्रवाल ने संभाला और सबको शांत कराया। कभी भी कोई बैनर आदेश अवस्थी ने नहीं बनवाया और न ही किसी व्यापारियों की बैठक में उन्हें सम्मानित किया। इसलिए उनके साथ व्यापारी नहीं जुड़ रहे थे। वह अपने आपको प्रदेश संगठन मंत्री के अलावा जिलाध्यक्ष भी मान रहे है। जबकि प्रदेश में पदाधिकारी बनने के बाद जिलाध्यक्ष का दायित्व दूसरे को सौंप दिया जाता है। उन्होंने स्वीकार किया कि जिलाध्यक्ष का दायित्व हम प्रमोद गुप्ता को नहीं सौंपेगें। ऐसे में भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल से व्यापारी जुड़ने के बाद भी अलग होने को मजबूर हो जायेगें।

# राज्य कर्मचारी संघ ने सीएमओ को भेजा पत्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राज्य कर्मचारी महासंघ के जिला महामंत्री प्रमोद दीक्षित ने पत्र भेजकर मुख्य चिकित्साधिकारी को अवगत कराया है कि बीते 9 दिसम्बर को रवि प्रताप सिंह एवं सीएमओ के मध्य बातचीत के संबंध में रवि प्रताप सिंह इनफार्मेशन सिस्टम मैनजर आयुष्मान भारत योजना में कार्यरत है। सीएमओ के साथ भ्रमण पर थे, संगठन को ज्ञात हुआ। रवि प्रताप ने मानदेय संबंधी भुगतान का अनुरोध किया था। इस पर सीएमओ ने रवि प्रताप के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और राजकीय वाहन से धक्का मारकर बाहर निकाल दिया। ऐसे में कर्मचारी का कोई दोष नहीं है और न ही उसकी कोई मंशा में कोई खोट है। ऐसे में अपशब्दों का प्रयोग किया गया था यह खेद का विषय है। समस्याओं का निदान किया जाये। ऐसे में कोई द्वेष भावना के चलते कोई उत्पीड़न न किया जाये।

# कवि सम्मेलन का श्रीमद् भागवत कथा के साथ हुआ समापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

क्रांतिकारी पंडित राम नारायण आजाद की स्मृति में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। देश भक्ति और राष्ट्र प्रेम के साथ भारत माता के जयघोष से सदन गूंज उठा। नगर के कृष्णा नगर कालोनी में श्रीमद भागवत कथा पांडाल में आयोजित कवि सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि पंडित राम नारायण आजाद के पौत्र बॉबी दुबे आजाद व राष्ट्रीय कवि डॉ0 शिवओम अम्बर, डॉ0 संतोष पाण्डेय आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रीय कवि डॉ0 शिवओम अम्बर ने कहा कि श्रीमद्भगत कथा के मंचों पर कवि सम्मेलनों की जो परम्परा शुरू हुई है वह जन-जागरण का काम कर रही है। उन्होंने लफ्ज़ों में टंकार बिठा लहजे़ में खुद्दारी रख, श्रीमद्भागवत गीता पढ़ युद्ध निरन्तर जारी रख। मुख्य अतिथि बॉबी दुबे ने कहा कि हमारे फर्रुखाबाद की देश की आजादी में अहम भूमिका रही है, यहीं से देश के आजाद कराने की कई गतिविधियां शामिल थी और देश हथियारों और बम गोलों को बनाकर क्रान्तिकारियों को पहुंचाएं जाते थे। आज की युवा पीढ़ी को जिले के इतिहास को पढ़ने की जरूरत है। सरल दुबे ने कहा कि जनपद की सांस्कृतिक धरोहर जिले की पहचान है यह कलाकारों और साहित्यकारों की भूमि हैं। राष्ट्रीय कवि डॉ0 संतोष पाण्डेय की देश भक्ति की कविता से पूरा सदन भारत माता के जयघोष से गूंज उठा। उन्होंने ऋषियों की तपोभूमि है, वेदों की शान है। वरिष्ठ कवि राम अवतार शर्मा इन्दु ने हैं जहां ठहरे हुए जन घर उसे ही मान बैठे हर लुटेरे से बने सम्बन्ध भी गहरे हुए हैं। भारती मिश्रा ने कहा यहां कौन जो कि सम्भल कर जिया, जिसको देखो वही रंग बदल कर जिया, सबको मालूम है। ओज कवि दिलीप कश्यप ने अमर वीर बलिदानी हंसकर सूली चढ़ जाते हैं, रंच नहीं मरने जीने से किंचित घबराते हैं। जिसमें आजादी का शुभ सैलाब दिखाई देता है। भारत माता का सचमुच ही वीर वही बेटा है। सरदार भगत सिंह को समर्पित देश भक्ति की कविता पढ़ी। कार्यक्रम संयोजक हास्य कवि राम मोहन शुक्ल ने कहा हम अपनी प्रेमिका के साथ खा रहे थे समोसा, इतने में आ धमके वहां उसके मौसी और मौसा रचना पढ़ी। उपकर मणि उपकार ने तस्करों के हाथ में जब से उजाले हो गए, रोशनी वालों के भी किरदार काले हो गए शेर पढ़ा।


कवि सम्मेलन में सम्मानित होते कवि व साहित्यकार

कार्यक्रम का संचालन कर रहे वैभव सोमवंशी ने राम हमारी सुबह हमारी शाम है, राम रात दिन राम ही आठों याम है। रमें हुए जो रक्त धमनियों में मेरी, मेरे राघव तुमको कोटि प्रणाम है मुक्तक पढ़ा। अनुराग दीक्षित, अमित त्रिवेदी ने कविताएं पढ़ी। इस अवसर पर भइयन मिश्रा, अरविंद शुक्ला, रितेश दीक्षित, आनंद मिश्रा, जितेंद्र मिश्रा, प्रदीप मिश्रा, सुआलाल मिश्रा, जितेंद्र सिंह, कुशल पाल सिंह, वरुण पाण्डेय, आशीष शुक्ला, सर्वेश दीक्षित, आनंद मिश्रा, प्रेम प्रकाश मिश्रा, सुनील तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# पेंशनर्स दिवस पर सेवानिवृत्त कर्मचारी हुए सम्मानित

- एसोसिएशन ने समस्याओं को सम्बोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

सेवा निवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन दिवस पर जिलाधिकारी के समक्ष समस्यायें उठायी गई। पिछले पांच वर्षों से सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन निरंतर शिक्षकों व अन्य लोगों की समस्यायें उठाकर ज्ञापन दिया जा रहा है, परन्तु अभी तक समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है।

जबकि हर 17 दिसम्बर को पेंशनर्स दिवस मनाया जाता है उनकी समस्याओं का निराकरण होता है। अध्यक्ष विष्णु भगवान कटियार व जिला मंत्री अफजल हुसैन व राजेश निराला के नेतृत्व में 10 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन में दर्शाया कि जिला मुख्यालय पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए भवन उपलब्ध कराया जाये। सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए मेडिकल भुगतान हेतु सीएमओ कार्यालय में बिल कई महीनों से पड़े रहते है कोई सुनवाई नहीं की जाती है। लोहिया अस्पताल में वरिष्ठ नागरिकों के लिए पर्चा बनवाने व दवा के लिए अलग से काउंटर खोला जाये। वरिष्ठ नागरिकों के लिए प्रत्येक तीन माह में स्वास्थ्य कैम्प लगाया जाये। बीएसए कार्यालय में सेवा पुस्तिकाओं पर परिवारिक पेंशन का विवरण अंकित नहीं है उसे कराया जाये। सेवानिवृत्त शिक्षक को उनकी सेवा पुस्तिका उपलब्ध करायी जाये। नेशनल वेतन वृद्धि मिलने से आ रही दिक्कतों का समाधान किया जाये।



बैठक में मौजूद डीएम व सेवानिवृत्त कर्मचारी

पेंशनर्स दिवस पर विभागों के आहरण वितरण अधिकारियों को मौजूद रहने के निर्देश दिये जाये। पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ भेदभाव न किया जाये आदि मांगों का डीएम को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर प्रभु दयाल, अफजल हुसैन, राजेश निराला आदि मौजूद रहे। साथ ही 80 वर्ष से ज्यादा उम्र के एक दर्जन से ज्यादा लोगों को सम्मानित किया गया। बैठक में डीएम, सीडीओ व सीएमओ, वरिष्ठ कोषाधिकारी मौजूद रहे। अध्यक्षता सीडीओ ने की। संचालन अखिलेश अग्निहोत्री ने किया।

# विजय दिवस पर पूर्व सैनिकों का हुआ सम्मान


कार्यक्रम में सम्मानित होते पूर्व सैनिक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

विजय दिवस के अवसर पर भूतपूर्व सैनिक जन कल्याण समिति की बैठक जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। समिति द्वारा कैप पहनाकर व शॉल ओड़ाकर 1971 के पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया। मण्डल उपाध्यक्ष संदीप पाण्डेय व समिति के सदस्य रामबाबू, राधेश्याम, राकेश, अरविन्द आदि को सदस्यता दिलायी गई और उन्हें भी सम्मानित किया गया। अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने संगठन का विस्तार करने व पूर्व सैनिकों का सम्मान समारोह सम्पन्न होने के बाद आभार व्यक्त किया और भारत माता जय के जयकारे लगाये गये। इस मौके पर बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

# विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते हादसे को दावत दे रहा झुका पोल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

विद्युत विभाग की लापरवाही से कभी भी हादसा हो सकता है। शहर में कुछ जगह विद्युत पोल झुके हुए है। जिस कारण कभी भी हादस हो सकता है। फतेहगढ़ कानपुर रोड सूरज अल्ट्रासाउंड के पास विद्युत विभाग की लापरवाही से पोल झुक गया है। बंच केबिल का लोड व झूलते तारों के चलते झुका हुआ पोल हादसे को दावत दे रहा है। इस संबंध में कई बार जेई को सूचना दी गई और उसके बाद भी विद्युत पोल बदला नहीं गया है। पास में बनी बिल्डिंग में झुके पोल होने के कारण करंट दौड़ने की संभावना है। ऐसे में विद्युत विभाग की लापरवाही से हादसा होने की संभावना है। समय रहते संज्ञान नहीं लिया गया तो कोई घटना घटित हो सकती है, जिसकी जिम्मेदारी विभाग की होगी। जबकि शहर में कई जगह पोल बदले गये है। फतेहगढ़ कानपुर मार्ग पर झुके पोलों को बदलने की कई बार मांग की गई है उसके बावजूद भी पोल बदले नहीं गये है। ऐसी स्थिति में स्थानीय लोगों में विद्युत विभाग के प्रति आक्रोश है।


झुका विद्युत पोल

# श्रीकृष्ण-सुदामा मिलन की कथा सुन श्रोता हुए भावविभोर



फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

गंगा नगर में चल रहे 19वें धार्मिक अनुष्ठान के विश्राम दिवस पर श्रीमद् भागवत वक्ता पं0 दाताराम ने कंस वध और सुदामा चरित्र की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण को जब कंस को मारने के लिए महाराज उग्रसेन के बुलावे के अनुसार मथुरा गये और वहां जाकर कंस का वध किया। कथा में सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि संदीपन गुरु के यहां श्रीकृष्ण और सुदामा दोनों पढ़ने गये। वहां दोनों की मित्रता हो गयी, तभी एक दिन गुरुमाता ने दोनों को चने बांधकर कहा कि वन से लकड़ी ले आओ और सर्दी के दिन थे। कृष्ण और सुदामा दोनों लोग वन गये। कुछ लोग पेड़ पर चढ़ गये और सुदामा लकड़ी बीनने लगे। सुदामा ने चने की पोटली खोलकर खाना शुरु किया। कटर-कटर की आवाज आयी तो कृष्ण ने पूछा कि सुदामा क्या कर रहे हो। सुदामा ने कहां की सर्दी से दांती कटकटा रहा हूं। कृष्ण ने चने की चोरी करने के कारण सुदामा को निर्धन होने का श्राप दे दिया। सुदामा निर्धन हो गये। फिर वह अपनी पत्नी सुशीला के कहने पर श्रीकृष्ण के पास द्वारिका पुरी गये। अपने साथ कुछ चावल भी ले गये। कृष्ण ने मुट्ठी से चावल खाकर सुदामा को इस लोक का स्वामी बना दिया। इस प्रकार मित्रता का बोध कराया गया। मानस वक्ता रामबाबू पाठक ने राम राज्याभिषेक की कथा सुनाई। प्रभु श्रीराम रावण का वध करने के बाद माता सीता के साथ पुष्पक विमान से अयोध्या आये। उधर भरत उनका इंतजार कर रहे थे। हनुमान जी ने राम-लक्ष्मण सीता के आने का समाचार दिया।

अयोध्या में उत्सव मनने लगा और भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक के साथ उन्हे राजा बनाया गया। प्रथम तिलक वशिष्ठ मुनि कीन्हा के साथ राम राजा बने। सभी भक्तों ने कथा सुनी। संचालन महेश पाल सिंह उपकारी ने किया। इस मौके पर सर्वेश अवस्थी, अवधेश पाण्डेय, मनोज अग्निहोत्री, ऋषिपाल सिंह, अमित बाजपेयी, निर्दोष शुक्ला, अखिलेश द्विवेदी, मैकू लाल, दिलीप अग्निहोत्री, रामबाबू मिश्रा, बिहारी अग्निहोत्री, सुब्रत आदि लोग मौजूद रहे।


पुलिस की निगरानी में कांग्रेस जिलाध्यक्ष

# पुलिस ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष को किया हाउस अरेस्ट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर 18 दिसम्बर को लखनऊ में होने वाले धरना प्रदर्शन को लेकर पहले से ही प्रशासन अलर्ट हो गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी के निवास पर पहुंचकर पुलिस ने एक ही पूर्व ही हाउस अरेस्ट किया। बीती रात पुलिस ने पहुंचकर उन्हें रोका और धरना प्रदर्शन में नहीं जाने दिया। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार जनपद के कांग्रेस पदाधिकारियों को लखनऊ धरना में पहुंचना था। पुलिस ने पहले से ही उन्हें रोंक लिया। जिस कारण वह लखनऊ में होने वाले प्रदर्शन में शामिल नहीं हो पायेगी। जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी ने बताया कि जनता के हक की लड़ाई के लिए जंग जारी रहेगी। चाहे कितना भी प्रयास किया जाये, या घर में बंद किया जाये कांग्रेस झुकने वाली नहीं है। कांग्रेस की आवाज को दबाया नहीं जा सकता है क्योंकि जनता की आवाज को कांग्रेस उठा रही है। महंगाई और भ्रष्टाचार को दबाया जा रहा है। शकुंतला देवी के अलावा और भी पदाधिकारी नजर बंद किये गये।

# मोहन लाल शुक्ला इं.का. की चैम्पियन बनी सानिया

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

मोहन लाल शुक्ला आदर्श विद्यालय इंटर कालेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन छात्र-छात्राओं ने दमखम दिखाया। कार्यक्रम में अतिथि के रुप में पहुंचे भारतीय महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर कूटा जिलाध्यक्ष आलोक बिहारी लाल शुक्ला ने कहा कि खेल व्यक्ति के जीवन का अभिन्न अंग है। खेल को पेशेवर के रुप में भी अपनाकर अपना नाम एवं दाम दोनों कमाया जा सकता है। 11वें खेलकूद प्रतियोगिता के समापन अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. संदीप चतुर्वेदी ने मुख्य अतिथि आलोक लाल बिहारी शुक्ल का माल्यार्पण कर व अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में पहुंचे राजेश निराला का भी स्वागत किया गया। डॉ. संदीप चतुर्वेदी ने कहा कि छात्र पढ़ाई के साथ खेल भी खेले जो अत्यंत आवश्यक है। खेल शरीर को स्वस्थ रखने में महती भूमिका अदा करता है। सहायक अध्यापक कृष्ण मोहन के निर्देशन एवं संतोष कुमार सरोज, दिनेश चन्द्र, संदीप कुमार के परिश्रम से क्रीड़ा प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। खेला विभाग का निर्वाहन विवेक मिश्रा ने किया। विद्यालय की छात्रा सानिया चैम्पियन रही। लम्बी कूद सीनियर वर्ग बालक में सनी दिवाकर प्रथम, आनंद शाक्य द्वितीय, अंकित कश्यप तृतीय रहे।


मेडल व प्रशस्ति पत्र के साथ विजेता छात्र-छात्रायें

कुर्सी दौड़ जूनियर वर्ग बालक में बादल प्रथम, संजीव द्वितीय, विकास तृतीय रहे। लम्बी कूद सीनियर बालक में जितेन्द्र प्रथम, श्रीकांत शर्मा द्वितीय, शिवम तृतीय रहे। कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में सानिया प्रथम, रिया द्वितीय, रेशमा तृतीय रही। ऊंची कूद सीनियर बालक वर्ग में सनी दिवाकर प्रथम, आनंद शाक्य द्वितीय, निखिल गुप्ता तृतीय रहे। सभी विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र व मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. संदीप चतुर्वेदी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू रक्षा मंच की संरक्षक बनी मिथलेश अग्रवाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पूर्व राज्य महिला आयोग की सदस्य एवं समाजसेविका डॉ मिथिलेश अग्रवाल को अंतर्राष्ट्रीय हिंदू रक्षा मंच के जिलाध्यक्ष विपिन अवस्थी ने संगठन के संरक्षक के पद पर मनोनीत किया है। मिथिलेश अग्रवाल ने अपनी सहमति देकर कर संस्था के मनोनयन पत्र को सहर्ष स्वीकार किया। विपिन अवस्थी के कार्यों की सराहना की और कहा कि हिंदू रक्षा मंच जिले में अच्छा कार्य कर रहा है। उन्होंने कई सामाजिक कार्यों के विषय में महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए संगठन के विस्तार पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि मैं संगठन के लिए हर तरह से हर संभव खड़ी हूं और किसी भी परिस्थिति में संगठन के लिए सदैव तत्पर रहूंगी। किसी भी परिस्थिति में हम सब एक साथ मिलकर हिंदुत्व और सनातन धर्म के प्रचार प्रसार हेतु सभी सनातनियों में जागरूकता अभियान चलाए और हिंदुत्ववादी चेतना को जागृत कर सभी को एक साथ जोड़ने का प्रयास करें। इस अवसर पर कोर कमेटी की राष्ट्रीय सचिव बबिता पाठक, कोर कमेटी उपाध्यक्ष प्रीति तिवारी, डॉक्टर निधि मिश्रा, अर्चना द्विवेदी, गायत्री मिश्रा सहित आदि लोग उपस्थित रहे।


मिथलेश अग्रवाल को मनोनयन पत्र सौंपते विपिन अवस्थी

# महाराणा प्रताप कब पैक और रानी लक्ष्मीबाई बुलबुल फ्लॉक का हुआ गठन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

शिक्षा निदेशक बेसिक के निर्देशानुसार जनपद के सभी प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कब बुलबुल और स्काउट गाइड के विद्यार्थियों हेतु विकास क्षेत्र मोहम्मदाबाद के अंतर्गत पीएम श्री विद्यालय कन्या प्राथमिक विद्यालय में कब और बुलबुल के छात्र-छात्राओं का गठन किया गया। जिसमें बालकों के 24 विद्यार्थियों हेतु महाराणा प्रताप कब पैक का प्रभारी श्वेता यादव को बनाया गया तथा 24 छात्राओं हेतु बुलबुल फ्लॉक हेतु गीता चौहान को प्रभारी बनाया गया। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी गौतम प्रसाद के निर्देशन में खंड शिक्षाधिकारी भारती शाक्य की उपस्थिति में सभी विद्यार्थियों को जिला स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा और ब्लॉक स्काउट मास्टर वैभव सोमवंशी ने सभी विद्यार्थियों को स्काउट गाइड से संबंधित आवश्यक प्रशिक्षण दिया। विद्यार्थियों को कब बुलबुल प्रार्थना, नियम और कब बुलबुल हेतु प्रतिज्ञा का प्रशिक्षण दिया गया। खंड शिक्षाधिकारी भारती शाक्य ने सभी विद्यार्थियों को स्काउट और गाइड के कार्यों से अवगत कराते हुए सभी को समाज सेवा एवं स्वच्छता अभियान, स्कूल स्वच्छता, स्कूल चलो अभियान, सड़क सुरक्षा, सामाजिक संरक्षा, पर्यावरण सुरक्षा, वृक्षारोपण आदि के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका अर्चना यादव, पुष्पा शाक्य और विनीत मिश्रा आदि उपस्थित रहे।


स्काउट गाइड कार्यक्रम में शपथ लेते बच्चे

# मण्डलायुक्त ने की पिछली बैठक में दिये गये निर्देशों की समीक्षा

## किसी अस्पताल के पास मेडिकल वेस्ट मिले तो ईओ नगर पालिका व डीपीआरओ करें कार्यवाही: मण्डलायुक्त

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

मंडलायुक्त कानपुर मंडल अमित गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पिछली बैठक में दिये गये निर्देशो की समीक्षा बैठक की गई। मंडलायुक्त ने अपनी पिछली बैठक में दिये गये निर्देशो के अनुपालन की बिंदुवार समीक्षा की।

मंडलायुक्त द्वारा कृषि विभाग को किसान हरमोहन सिंह के सोलर पंप को सही कराने के निर्देश दिये गये। मोहम्मदाबाद नीम करौरी मार्ग में विद्युत लाइन शिफ्टिंग के स्टीमेट के बारे में जानकारी प्राप्त की। मंडलायुक्त ने ईओ नगर पालिका व डीपीआरओ को निर्देशित किया कि अगर किसी अस्पताल के आसपास मेडिकल वेस्ट मिलता है तो उस पर कार्यवाही कर जिलाधिकारी को अवगत कराये। अधिशासी अभियंता पीडब्लूडी निर्माण खंड ने बताया कि पिछली बैठक में दिये गये निर्देशो के क्रम में तीसराम की मड़ैया मार्ग को मोटरेबिल बना दिया गया है। गंगा प्रदूषण नियंत्रण इकाई को एसटीपी के आसपास की सड़क को बनवाने के लिये निर्देशित किया।



बैठक लेते मण्डलायुक्त मौजूद अधिकारीगण

मंडलायुक्त ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में गंगा नदी के दोनों किनारों पर बंदा बनाये जाने के संबंध में प्रगति पूछी गई जिसपर अधिशासी अभियंता सिचाई द्वारा बताया गया कि सर्वे का कार्य पूर्ण हो गया है आगे की कार्यवाही जारी है। बैठक में डीएम डॉ. वीके सिंह, सीडओ, डीएफओ, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर जिलाधिकारी, डीडीओ, समस्त एसडीएम व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

